Page 11



खेल

# सनराइजर्स हैदराबाद से 11 साल बाद जूदा हुए भुवनेश्वर कुमार

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

# मैं खुलेआम कह रहा हूं कि आप दिवालिया हो चुके हैं; दिल्ली सरकार से बोले जज

कृष्ण चतुर्दशी, विशाखा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 29 नवम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 348 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹70,930 | ₹89,500 |





## आज का इतिहास

1961 : दुनिया के पहले अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन भारत आये।

1989 : तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने इस्तीफा दिया।

## न्यूज बाइट्स

### 55 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**डेहरी आन-सोन (रोहतास) (नि. सं.)।** बिहार में रोहतास जिला पुलिस ने जब्त वाहन दिलवाने के नाम पर 80 लोगों से लगभग 55 लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के दो अपराधियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोटा किरण कुमार ने आज यहां बताया कि जिले के डेहरी नगर थाना क्षेत्र में नील कोठी निवासी चरणजीत सिंह ने पवन कुमार नामक व्यक्ति पर अपने भाई को अस्पताल में इलाज को लेकर एक लाख एक हजार रुपए मांग लिया। खुद को पुलिस विभाग का आदमी बताकर व्यवसाई चरणजीत से दोस्ती की। राशि मांगने पर उसे जान मारने की धमकी देने लगा। इस संबंध मे आरोपित सासाराम नगर थाना के शेरगंज निवासी दीनदयाल कश्यप के पुत्र पवन कुमार और उसके निशानदेही पर गिरोह में शामिल नासरीगंज थाना क्षेत्र के धुस निवासी अजय पासवान को गिरफ्तार किया। संयोग से अजय को कुछ घंटे पहले दूसरे मामले में गिरफ्तार किया गया था। विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं

### बिहार में 7 दिनों तक शुष्क बना रहेगा मौसम

**पटना (नि.सं.)।** पश्चिम बंगाल की खाड़ी से उठा फेंगल तूफान का असर बिहार में नहीं दिखेगा। पटना मौसम वैज्ञानिक केंद्र के सीनियर वैज्ञानिक आशीष कुमार ने कहा कि बिहारवासियों को डरने या घबराने की जरूरत नहीं है। बिहार में आगामी 7 दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा। कुछ इलाकों में कोहरे छाए रहेंगे। आशीष कुमार ने कहा कि यह अभी तूफान के रूप में परिवर्तित नहीं हुआ है। फिलहाल गहरी अवसाद के रूप में परिवर्तित है। कुछ परिवर्तन के बाद चक्रवात बनने की संभावना है। फेंगल तूफान के चक्रवात बनने के बाद तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश सहित दक्षिण भारत के कुछ तटीय इलाकों में इसका असर देखने को मिल सकता है। इस दौरान तेज हवाएं, बारिश के साथ तापमान में गिरावट होने की भी संभावना है। मौसम वैज्ञानिक ने लोगों को आश्वत करते हुए कहा कि समय-समय पर विभाग की ओर से अहम जानकारियां दी जाती रही है। अगर तूफान में कुछ परिवर्तन की बात आती है तो इसकी जानकारी तुरंत दी जाएगी। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

### सदर अस्पताल के ओपीडी में 24 घंटे डॉक्टरों की तैनाती

**मुजफ्फरपुर (नि.सं.)।** सदर अस्पताल में बदलते मौसम से बीमार लगभग 10 हजार लोग हर रोज सदर अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। जिसको लेकर सदर अस्पताल में ओपीडी सेवा डबल कर दी गई है। डॉक्टरों को 24 घंटे तैनात कर दिया गया है। कई सरकारी अस्पतालों में समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। सदर अस्पताल के वरीय चिकित्सक सी के दास ने बताया कि ठंड जब भी बढ़ता तो ज्यादातर बच्चे और बुजुर्ग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिस कारण बच्चों में सर्दी ,खांसी, बुखार, कोल्ड डायरिया होता है।

# दिलीप जायसवाल ने रोकी 139 सीओ की सैलरी

## मंत्री ने जमीन सर्वे में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की दी चेतावनी

निज संवाददाता | पटना



बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने जमीन सर्वे और दाखिल-खारिज से संबंधित प्रक्रिया में गड़बड़ करने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाया है। बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने 139 सीओ (अंचल पदाधिकारियों) का वेतन रोक दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर पदाधिकारी नहीं सुधरे, तो उन्हें सुधारने के लिए आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एक अन्य सवाल के जवाब में जायसवाल ने यह भी कहा कि वह विलंब से मंत्री बने, इसलिए कार्रवाई में देरी हुई। मंत्री दिलीप जायसवाल ने गुरुवार को सदन में कहा कि सुस्त अंचलाधिकारियों की सूची तैयार कर ली गई है। विभाग की ओर से अब कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। प्रमंडलीय आयुक्त एवं जिलाधिकारियों की जांच के बाद नए सिरे से एक्शन लिया जाएगा। इस बीच AIMIM के विधायक अख्तरूल ईमान अपनी सीट से खड़े हुए और उन्होंने अंचल स्तर पर अस्वीकृत किए गए आवेदनों का निपटारा डीसीएलआर स्तर पर न करने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसी रैयत के खातियान का अगर 30-35 कार्यदिवस में दाखिल-खारिज नहीं हुआ है। ऐसे आवेदनों को डीसीएलआर के पास भेजा जा रहा है। रैयत को इसकी सूचना नहीं मिल पा रही है। डीसीएलआर के नाम पर उन्हें 15 से 20 हजार रुपये रिश्वत देनी पड़ रही है। मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि नियमों के अनुसार अगर कोई अधिकारी अपनी जांच पूरी कर देता है, तो फिर दोबारा उसे ही जांच के लिए नियुक्त नहीं किया जाता है। ऐसे में ईमान की मांग बेबुनियाद है। बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने जमीन सर्वे और दाखिल-खारिज से संबंधित प्रक्रिया में गड़बड़ करने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाया है। बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने 139 सीओ (अंचल पदाधिकारियों) का वेतन रोक दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर पदाधिकारी नहीं सुधरे, तो उन्हें सुधारने के लिए आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एक अन्य सवाल के जवाब में जायसवाल ने यह भी कहा कि वह विलंब से मंत्री बने, इसलिए कार्रवाई में देरी हुई। मंत्री दिलीप जायसवाल ने गुरुवार को सदन में कहा कि सुस्त अंचलाधिकारियों की सूची तैयार कर ली गई है। विभाग की ओर से अब कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। प्रमंडलीय आयुक्त एवं जिलाधिकारियों की जांच के बाद नए सिरे से एक्शन लिया जाएगा। इस बीच AIMIM के विधायक अख्तरूल ईमान अपनी सीट से खड़े हुए और उन्होंने अंचल स्तर पर अस्वीकृत किए गए आवेदनों का निपटारा डीसीएलआर स्तर पर न करने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसी रैयत के खातियान का अगर 30-35 कार्यदिवस में दाखिल-खारिज नहीं हुआ है। ऐसे आवेदनों को डीसीएलआर के पास भेजा जा रहा है। रैयत को इसकी सूचना नहीं मिल पा रही है। डीसीएलआर के नाम पर उन्हें 15 से 20 हजार रुपये रिश्वत देनी पड़ रही है। मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि नियमों के अनुसार अगर कोई अधिकारी अपनी जांच पूरी कर देता है, तो फिर दोबारा उसे ही जांच के लिए नियुक्त नहीं किया जाता है। ऐसे में ईमान की मांग बेबुनियाद है। वहीं, बीजेपी विधायक पवन जायसवाल के एक सवाल का जवाब देते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि उन्हें मंत्री बनने में समय लगा, इसलिए कार्रवाई में देरी हुई। दरअसल, पूर्वी चंपारण जिले के एक सरकारी स्कूल की जमीन की जमाबंदी दूसरे के नाम कर दिया गया था। मंत्री ने आश्वासन दिया कि एक माह के भीतर दोषी सीओ पर कार्रवाई की जाएगी।

# हेमंत सोरेन चौथी बार सीएम पद की ली शपथ

निज संवाददाता | झारखंड (रांची)




### मंच पर पहुंचे शिबू सोरेन और रूपी सोरेन

» झामुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और उनकी पत्नी रूपी सोरेन रांची में अपने बेटे और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

### हेमंत सोरेन बोले- 'झारखंडी झुकते नहीं'

» शपथ ग्रहण से पहले हेमंत सोरेन ने कहा, 'आज का दिन ऐतिहासिक है। हमारी एकता ही हमारा सबसे बड़ा हथियार है। हम झारखंडी हैं और झारखंडी कभी झुकते नहीं।' उन्होंने अपनी जनता और गठबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

जेएमएम लीडर हेमंत सोरेन चौथी बार झारखंड के सीएम बन गए। उन्हें गुरुवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में गवर्नर संतोष गंगवार ने शपथ दिलाई। मंत्रिमंडल का विस्तार बाद में किया जाएगा। समारोह में भारत की 10 पार्टियों के 18 बड़े नेता शामिल हुए। इनमें राहुल गांधी, प. बंगाल की ममता बनर्जी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव मौजूद रहे। दोपहर 3 बजे हेमंत सोरेन अपने पिता शिबू सोरेन को हाथ पकड़कर समारोह स्थल ले गए। शपथ से पहले हेमंत ने कहा, 'आज का दिन ऐतिहासिक होगा। हमारी एकता ही हमारा सबसे बड़ा हथियार है। हमें न विभाजित किया जा सकता है, न ही शांत किया जा सकता है। हम झारखंडी हैं, और झारखंडी झुकते नहीं है। 23 नवंबर को आए चुनावी नतीजे में जेएमएम लीड इंडिया ब्लॉक ने 81 में से 56 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसमें जेएमएम 34, कांग्रेस 16, राजद 4 और माले की दो सीट है। बता दें, कांग्रेस के भीतर मंत्री पद को लेकर रस्साकशी चल रही है। इस कारण मंत्रिमंडल का विस्तार टाल दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने भास्कर को बताया कि मंत्रिमंडल का विस्तार बाद में होगा। शपथ ग्रहण समारोह में विपक्ष के बड़े नेताओं और प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को खास बना दिया। इस मौके पर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सुप्रीमो शिबू सोरेन, रूपी सोरेन, कांग्रेस नेता तारिक अनवर, बीके हरि प्रसाद, सांसद पप्पू यादव, कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत और झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी मौजूद थे। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, माकपा माले के महासचिव दीरांकर भट्टाचार्य और राजद के प्रदेश प्रभारी जयप्रकाश नारायण सहित कई दिग्गज नेता भी इस अवसर पर शामिल हुए। कार्यक्रम में झारखंड के चीफ सेक्रेटरी अलका तिवारी और राज्यपाल के प्रधान सचिव नीतिन मदन कुलकर्मी की उपस्थिति ने इसे और अधिक भव्य बना दिया। विपक्षी एकजुटता के इस प्रदर्शन ने राजनीति जगत में नए संकेत दिए हैं और क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर भविष्य की रणनीतियों को लेकर चर्चा का माहौल तैयार किया है।

# अगस्त 2025 से पटना में दौड़ने लगेगी मेट्रो रेल

निज संवाददाता | पटना



बिहार की राजधानी पटना में अगले साल यानी 2025 में मेट्रो रेल की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने इसके लॉन्चिंग की तारीख भी बता दी है। उन्होंने बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में जानकारी देते हुए कहा कि पटना मेट्रो अगले साल स्वतंत्रता दिवस से चलने लगेगी। यानी कि पटनावासियों को 15 अगस्त 2025 से मेट्रो रेल की सुविधा मिल जाएगी। उन्होंने सदन में चालू वित्त वर्ष के लिए 32,506 करोड़ रुपये का दूसरा अनुपूरक बजट पेश करते हुए एक बयान में यह बात कही। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि इस बजट का उपयोग राज्य में केंद्र और बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'इस फंड का उपयोग पटना मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण को पूरा करने के लिए किया जाएगा। पटना मेट्रो अगले साल स्वतंत्रता दिवस से अपना परिचालन शुरू करेगी। पर्यटन विभाग से संबंधित कई परियोजनाओं के विकास के लिए भी निधि का उपयोग किया जाएगा, जिसमें कैमूर जिले में 'पर्यटक केंद्र' का विकास भी शामिल है। बता दें कि बिहार में अगले साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार पटना में शुरुआती फेज में मेट्रो रेल सेवा शुरू करने की तैयारी कर रही है। प्राथमिक कॉरिडोर पर आईएसबीटी बैरिया से मलाही पकड़ी तक मेट्रो दौड़ाने की योजना है, जिसे अगले साल 15 अगस्त तक शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार अपने खर्च पर 33 करोड़ में एक ट्रेन भी खरीदने वाली है। पिछले दिनों हुई नीतीश कैबिनेट की बैठक में 115 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई थी।

# सीएम नीतीश की कुर्सी पर सदन में जोरा-जोरी

निज संवाददाता | पटना



विधानसभा में राजद ने गुरुवार को जबरदस्त हंगामा किया। हंगामे के दौरान RJD विधायक भाई वीरेंद्र मुख्यमंत्री की सीट पर जा पहुंचे और वहां बैठने का प्रयास करने लगे। हंगामे के बीच राजद के कई विधायक सत्ता पक्ष के लिए आवंटित सीट की तरफ बैठने के लिए बढ़ने लगे। सत्ता पक्ष के साथ टकराव की स्थिति उत्पन्न होते देख मार्शल बुलाए गए, जिन्होंने वीरेंद्र व राजद के अन्य विधायकों को अपने कब्जे में लेकर हटाया। सदन में हो रहे हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने सदन की कार्यवाही को भोजनवकाश तक यानी दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। इस हंगामे की वजह से विधानसभा में शून्यकाल और ध्यानाकर्षण नहीं हो सका। दरअसल, शून्यकाल आरंभ ही होने को था कि राजद के आलोक कुमार मेहता अपनी सीट पर खड़े हो गए। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से मुखातिब होते हुए कहा कि वह यह सूचना दे रहे हैं कि सत्ता पक्ष के कई लोग अपनी सीट की जगह दूसरी सीट पर बैठे हैं। यह नियम के प्रतिकूल है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह कोई बात नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष की इस टिप्पणी के बाद राजद के विधायक अपनी सीट से उठकर अध्यक्ष के आसन के सामने (वेल में) आकर नारेबाजी करने लगे। इसी दौरान राजद विधायक भाई वीरेंद्र मुख्यमंत्री की सीट के समीप पहुंच गए। जैसे ही वह बैठते कि मार्शलों ने उन्हें वहां से खींच लिया। विधानसभा अध्यक्ष ने पूरे घटनाक्रम से आक्रोशित होकर कहा कि इस तरह के आचरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके गंभीर परिणाम होंगे। इसके बाद भी मामला शांत नहीं होता देख उन्होंने विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी। घटना के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सदन में मौजूद नहीं थे। आलोक मेहता ने सदन में किसी विधायक का नाम नहीं लिया था पर बाहर उन्होंने चेतन आनंद व संगीता कुमारी का नाम लिया। दोनों महागठबंधन छोड़कर नीतीश कुमार के साथ गए हैं। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राजद का यह गुस्सा इस वजह से है कि उनके विधायक व विधान पार्षद लगातार हम लोगों के साथ आ रहे हैं। बुधवार को उनके एक विधान पार्षद हम लोगों के साथ आ गए। आठ अन्य लोग भी कतार में हैं।

## घर बैठे पीड़ितों को मिलेगी उनके केस की जानकारी

**मोतिहारी (नि.सं.)।** एसपी ने नए कानून के तहत केस की जानकारी लेने के लिए क्राइम हेल्प डेस्क की शुरुआत की है। इससे वैसे लोग जिन्हें अपने केस की सही जानकारी नहीं मिल पा रही थी, उन्हें मदद मिलेगा, इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है, जिससे कि जो लोग आने में असमर्थ हैं, उसको वाट्सएप के माध्यम से अपने केस में स्थिति की जानकारी ले पाएंगे। बड़ी शिकायत आती थी कि उनके केस में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो रही है।

## चिराग पासवान ने कहा, 2025 विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेंगे, एनडीए बनाएगा सरकार

निज संवाददाता | पटना

लोजपा(रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि '2025 विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेंगे और एनडीए की सरकार बनाएंगे।' दरअसल, गुरुवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 25वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। चिराग के पार्टी कार्यालय में सीएम नीतीश कुमार भी पहुंचे। चिराग ने कहा कि 'उपचुनाव से हमारा विश्वास और बढ़ा है। चारों सीटों पर एनडीए की जीत हुई है। हमारा स्ट्राइक रेट 100 प्रतिशत है। आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए 225 से ज्यादा सीटें जीतेगी। मुझे विश्वास है कि अगले साल जब पार्टी का स्थापना दिवस मना रहे होंगे, तब बिहार के सीएम नीतीश कुमार होंगे। चिराग ने आगे कहा कि 'पिताजी के जाने के बाद चाचा ने हम लोगों से कार्यालय छीन लिया था। विधानसभा चुनाव की तैयारियों का आज शंखनाद है। हम आज से ही तैयारियों में जुट गए हैं। पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश की यात्रा पर निकलेंगे। इसके बाद संभावित प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लोक जनशक्ति पार्टी के स्थापना दिवस पर पुराने पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। चिराग पासवान ने अपने पिता रामविलास पासवान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 'मेरे पिता ने यहीं से नई पार्टी की शुरुआत की थी।

## 15 करोड़ की ठगी मामले में जॉलीबुड चेयरमेन का सरेंडर

निज संवाददाता | मुंगेर

रातों-रात अमीर बनने का सपना दिखाकर मुंगेर के अलावा खगड़िया, बेगूसराय, लखीसराय, भागलपुर, कोसी-सीमांचल के लगभग पांच हजार लोगों से एक अरब से ज्यादा की ठगी कर फरार होने वाला जालीवुड म्यूजिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कथित सीमएडी जितेंद्र कुमार राजीव ने बुधवार की शाम कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इस दौरान पुलिस को सरेंडर की भनक तक नहीं लगी। कोर्ट ने सीएमडी को मंडल उप कारा भेज दिया। जितेंद्र को उप कारा के सामान्य वार्ड में रखा गया है। इस वार्ड में 20 बंदी पहले से है। मंडल उप कारा से अब पुलिस सीएमडी को रिमांड पर लेने की तैयारी में है। दरअसल, जमालपुर प्रखंड के फुल्का निवासी जितेंद्र कुमार राजीव दिल्ली में रहकर रोजगार करता था। उसने 2019 में जालीवुड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी बनाई। लॉकडाउन के दौरान 2020 में वह परिवार के साथ घर लौटा। शुरुआत में कंपनी में कम संख्या में लोग जुड़े थे। 2022 में जितेंद्र ने कंपनी को री-लांच किया और जमालपुर शहर में बड़ा कार्यालय खोला। इसके बाद एक-एक कर लोगों को जोड़ा। जितेंद्र महीने में उसकी कंपनी का वीडियो देखने के नाम पर लोगों को जोड़ता था। लोगों को कंपनी से जुड़ने की एवज में 1.31 लाख से लेकर 2.56 लाख रुपये वह लेता था। सभी को यह कहता था कि कंपनी आपको उम्र भर सात से 14 हजार रुपये पेंशन के रूप में देगी। आठ माह तक लोगों के खाते में सात से 14 हजार रुपये तक की राशि भी भिजवाई। स्थानीय होने के कारण लोगों ने जितेंद्र पर विश्वास कर लिया और देखते ही देखते चार वर्षों में मुंगेर के अलावा कई जिलों के लोग जुड़ने लगे।

# औद्योगिक इकाइयों के लिए वेब पोर्टल सम्मेलन

निज संवाददाता | पटना




राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्रीय संकलन प्रभाग), भारत सरकार, पटना के द्वारा औद्योगिक इकाइयों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने रिटर्न्स स्वंय भरने और इसके महत्व को समझाने हेतु गुरुवार (28 नवंबर 2024) को पटना के कर्पूरी ठाकुर सदन, आशियाना-दीघा रोड में एक दिवसीय गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में बिहार की लगभग 40 प्रमुख औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, पटना के उप महानिदेशक रोशन लाल साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों से वेब पोर्टल पर रिटर्न्स स्वंय भरने की अपील की और इसे अर्थव्यवस्था के लिए अहम बताया। उन्होंने एएसआई 2022-23 की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए बिहार की 3307 औद्योगिक इकाइयों के योगदान की सराहना की। साथ ही, उन्होंने कहा कि रियल टाइम डेटा का संग्रह आर्थिक नीतियों के लिए आधारभूत है और यह सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में औद्योगिक क्षेत्र की भूमिका को दर्शाने में मदद करता है। सम्मेलन में रोजगार, पूंजी, श्रम बल, ईंधन, कच्चा माल, आगत-निर्गत अनुपात, जीएसटी संग्रह और मूल्यवर्धन जैसे आंकड़ों के महत्व पर चर्चा हुई। इन आंकड़ों का उपयोग सांख्यिकी उद्देश्यों और नीतिगत निर्णयों में किया जाता है। इस अवसर पर बिहार सरकार के अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय के निदेशक डॉ. विद्यानंद सिंह ने भी एएसआई डेटा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं में रामचंद्रुडु (निदेशक, जनगणना निदेशालय), अनिल कुमार (संयुक्त सचिव, उद्योग विभाग), परिमल (उप निदेशक), और सुभाष पटवारी (अध्यक्ष, चैम्बर ऑफ कॉमर्स) शामिल थे। सभी ने औद्योगिक इकाइयों को डेटा संग्रह में सहयोग और डिजिटल प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया। सत्र में प्रशिक्षण और तकनीकी जानकारी देने के लिए वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों देवेंद्र कुमार और कमलेश कुमार गुप्ता ने प्रतिनिधियों को वेब पोर्टल पर रिटर्न्स भरने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। साथ ही, वरिष्ठ अधिकारी धीरेंद्र नाथ प्रसाद ने 'सांख्यिकी अधिनियम 2008' के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। हाई स्पिरिट कमर्शियल वेंचर्स प्रा. लि., ईश्वर राज बेवरेज प्रा. लि., आशियाना ऑटोमोबाइल प्रा. लि., प्रेमा मोटर प्रा. लि., रिशव ऑटोमोबाइल, पाटलिपुत्र सीमेंट प्रा. लि., और शिवा पॉलीट्यूब्स प्रा. लि. आदि प्रमुख औद्योगिक इकाइयों ने भाग लिया। इस आयोजन में भागलपुर के उप क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी राजीव कुमार झा, गया के प्रभारी टेक नारायण, और एनएसओ के वरिष्ठ अधिकारी सुधीर कुमार झा, रश्मि रंजन, अमिताभ कुमार पाठक, सुशील कुमार सिंह, कुमार इंद्रजीत, जितेंद्र राय, प्रियंका कुमारी, मंजुषा कुमारी, चंदन कुमार, सुमित कुमार, और डीईएस की सरिता कुमारी के साथ अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस सम्मेलन ने औद्योगिक इकाइयों के डिजिटल सशक्तिकरण और सांख्यिकी क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

## विधान परिषद में धर्मांतरण के संबंध में कानून बनाने की मांग

**पटना (नि.सं.)।** विधान परिषद में गुरुवार को पहली पाली की कार्यवाही के दौरान शून्य काल में भाजपा एमएलसी डॉ. प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने धर्मांतरण के संबंध में कानून बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी, सुरसंड थाने के गांव में धर्मांतरण कर बेचने की नीयत से किशोरी के अपहरण हुआ है। सीतामढ़ी शहर के मेहसौल गांव निवासी मुख्य आरोपित मोहम्मद आशिक, उमेद खातून, रुखसाना, असगरी, रोशनी खातून, अब्दुल सलीम सहित 16 लोगों को आरोपित किया गया है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण न सिर्फ धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के खिलाफ, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा है। लोगों को धोखा देकर या लालच देकर यह कार्य किया जा रहा है। इसमें फंसने वाले ज्यादातर गरीब हैं। उनकी गरीबी का लाभ उठाकर उन्हें धर्म बदलने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

## राजगीर के तर्ज पर मत्स्यगंधा में बनेगा ग्लास ब्रिजः डॉ आलोक रंजन



निज संवाददाता | पटना

मत्स्यगंधा झील का होगा विकास, भारत सरकार पर्यटन विकास में शामिल हुआ सहरसा सहरसा पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार ने 23 राज्यों से वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों में कुल 40 परियोजनाओं के विकास की मंजूरी दी है। इसी क्रम में बिहार में दो पर्यटन स्थल को चयनित किया गया है। जिसमें सहरसा के मत्स्यगंधा को शामिल किया गया है। मत्स्यगंधा के संपूर्ण विकास के लिए केंद्र सरकार ने प्लान तैयार किया है। केंद्र सरकार की ओर से लगभग 97।12 करोड़ रुपया से इसका विकास किया जायेगा। सहरसा विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन ने बताया कि उन्होंने मत्स्यगंधा झील के सौंदर्यीकरण के लिए काफी प्रयास किया। जिसका आज नतीजा सामने आया कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार के दो पर्यटन स्थल के सौंदर्यीकरण में सहरसा मत्स्यगंधा को शामिल किया गया है। उन्होंने अपनी चुनावी वादा में मत्स्यगंधा झील के सौंदर्यीकरण को रखा था। उनका यह संकल्प पूरा हुआ। वे जिले वासियों की ओर से सहरसा के मत्स्यगंधा को विकसित करने के संकल्प के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपमुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा एवं पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा को धन्यवाद देते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गया से डीडीयू जंक्शन के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**गया।** गया गया जंक्शन का पुनर्विकास कार्य तीव्रगति से किया जा रहा है। इसको लेकर गया जं. के प्लेटफार्म संख्या 06 एवं 07 पर 24 नवंबर से 07 जनवरी 2025 तक 45 दिनों का ब्लॉक लिए जाने के कारण कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गया जंक्शन से डीडीयू जंक्शन के लिए 05 जनवरी 2025 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को एक वन-वे मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन 03699 गया-डीडीयू मेमू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है।

### गया पहुंचे केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान

**गया।** बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के चंदौती प्रखंड के केसरू पंचायत के देगुना गांव में दलित परिवार के साथ असामाजिक व्यक्तियों द्वारा घर में घुसकर मारपीट व गाली गलौज की घटना को अंजाम दिया गया। इसकी जानकारी मिलते ही लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान गया पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली, साथ साथ घटना में घायल लोग जो मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं उनसे भी मुलाकात कर घटना की घोर निंदा की। परिजनों को आश्वासन दिया कि जो इस घटना को अंजाम दिए हैं उन्हें प्रशासन द्वारा नहीं छोड़ा जाएगा। इस घटना में सभी पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करूंगा। वहीं मेडिकल कॉलेज पहुंचकर अधीक्षक से भी मिले और घायल व्यक्तियों को उचित इलाज हो इस पर भी ध्यान केंद्रित कराया। वही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के साथ जमुई सांसद अरुण भारती, पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह, प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी, राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र मुन्ना, प्रदेश महासचिव व गया जिला प्रभारी चंदन पासवान, प्रदेश सचिव व गया जिला सह प्रभारी मनोज सिंह, प्रदेश महिला अध्यक्ष शोभा सिंहा आदि मौजूद थे।

### सास-बहू के झगड़े में निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष रिकॉर्ड मतों से जीते

**मानपुर।** कड़े सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रखंड के ट्राइसेम भवन में पैक्स का मतगणना संपन्न हो गया। आठ में से सात पैक्स अध्यक्ष अपना विजय रथ को बनाए रखा। सबसे दिलचस्प मुकाबला सोहैपुर पंचायत में रहा। जहां सास बहु के बीच निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष श्रवण सिंह रिकॉर्ड मतों से विजय हासिल की। बताया जा रहा है कि निवर्तमान अध्यक्ष अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विनीता देवी को 699मतों से हरा कर रिकॉर्ड कायम किया। जानकारी के मुताबिक निवर्तमान अध्यक्ष श्रवण सिंह को 1220मत प्राप्त हुए है वही वनिता देवी को 521 मत। आरओ सह बीडीओ वेद प्रकाश में बताया कि ननौक में नए प्रत्याशी ओंकार सिंह अपने निकटतम प्रत्याशी निवर्तमान अध्यक्ष विपिंद सिंह को 81मतों से हरा कर सनसनी फैला दिया। उन्होंने कहा कि कईया से निवर्तमान सतेन्द्र यादव 365 मत से,उसरी में निवर्तमान जागेश्वर प्रसाद 241 मतों से, भदेजा से निवर्तमान अध्यक्ष राजेश प्रसाद उर्फ दारा यादव 410 मतों से,बारा गंधार में निवर्तमान उदय कुमार सिंह 180 मतों से, शादीपुर में निवर्तमान जितेंद्र कुमार सिंह 228 मतों से,भोरे में निवर्तमान उपेन्द्र यादव उर्फ महीन यादव 134 मतों से जीत हासिल किए।बता दे कि लखनपुर पैक्स अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह और सनौत पैक्स अध्यक्ष सुनील मंडल निर्विरोध रहे है।

### 50 लाख फिरौती को लेकर अपहरण में दो दोषी करार

**गया।** 50 लाख रुपया फिरौती को लेकर अपहरण के मामले में कोर्ट ने बुधवार को दो अभियुक्तों को दोषी करार दिया । अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पांच मोहम्मद इनाम खान ने दोनों को अपहरण एवं आपराधिक षड्यंत्र करने के मामले में दोषी पाया । कोर्ट ने अभियुक्त रोशन कुमार एवं शुभम कुमार की सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए की 11 दिसंबर की तिथि निर्धारित की ह । इस मामले में कार्य कर रहे एपीपी कमलेश कुमार सिन्हा ने बहस किय । घटना 30 जून 2023 की है मामले के सूचक रणधीर नारायणा के बयान पर बेलागंज की पुलिस ने केस दर्ज किया था । वह बेलागंज थाना क्षेत्र के ग्राम अकल बिगहा का रहने वाला है । घटना के दिन सूचक के पुत्र ऋषभ पटना गया था परंतु रात तक नहीं वापस नहीं आया तथा बात करने पर उसका मोबाइल बंद आ रहा था । दूसरे दिन सुबह ऋषभ के मोबाइल से उसके पिता के पास फोन आया कि तुम्हारे पुत्र का अपहरण हो गया है 50 लख रुपए पहुंचा दो । इसके पश्चात सूचक द्वारा कसे किया गया था पुलिस ने ऋषभ अपहृत के मोबाइल लोकेशन के अनुसार छापेमारी किया था । पुलिस ने पटना स्थित एक मकान से ऋषभ को बरामद किया था तथा अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था । इस मामले में ऋषभ एवं उसके परिजन तथा अनुसंधानकर्ता सहित सात लोगों की गवाही अभियोजन की ओर से कराई गई थी । मामला बेलागंज थाना कांड संख्या 424 /23 से संबंधित है ।

### टिकारी के 20 पैक्स के 54 बूथों पर डाले जाएंगे वोट

**टिकारी।** पैक्स चुनाव के तृतीय चरण के तहत टिकारी प्रखण्ड के 20 पैक्स में होने वाली चुनाव को लेकर बुधवार को मतदान कर्मियों ने योगदान किया। टिकारी राज इंटर स्कूल में बनाये गये डिस्पैच सेंटर पर मतदान कर्मियों ने योगदान दिया। गुरुवार को सभी मतदान कर्मियों के दल को चुनाव सामाग्री देकर मतदान केन्द्र के लिए पीसीसीपी व सुरक्षा कर्मियों के साथ रवाना किया जाएगा। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ नीरज आनंद ने बताया कि चुनाव की शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई। सभी मतदान कर्मियों को चुनाव सम्पन्न कराने की जानकारी विस्तार से दे दी गई है। जानकारी हो कि प्रखण्ड के तीन पैक्स क्रमशः मुसी, पुरा व आमाकुआं पैक्स में एक ही उम्मीदवार के चुनाव मैदान में रहने के कारण निर्विरोध चुना जाना तय है। इसके अलावा अन्य 20 पैक्स में मतदान सम्पन्न कराये जाएंगे। 20 पैक्स में अध्यक्ष पद की आठ महिला अभ्यर्थी समेत 63 अभ्यर्थी मैदान में है। वहीं सामान्य वर्ग में सदस्य पद पर 66 महिला समेत 167 अभ्यर्थी, अतिपिछड़ा वर्ग में 18 महिला समेत 53 अभ्यर्थी, पिछड़ा वर्ग में 20 महिला समेत 51 अभ्यर्थी व अनुसूचित वर्ग में 22 महिला समेत 56 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है।

### एमयू में 2 दिसंबर से होगा पीजी में नामांकन के लिए आवेदन

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर सत्र 2024 - 26 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो ब्रजेश कुमार राय ने बताया कि इस सत्र में नामांकन लेने के इच्छुक विद्यार्थी मगध विश्वविद्यालय के नामांकन पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसकी सूचना सभी संबंधित विभागाध्यक्ष एवं कॉलेजों को दे दी गई है। आरक्षित कोटि में नामांकन के लिए विद्यार्थी अपना आरक्षण प्रमाण पत्र भी नामांकन के पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

### राजगीर-पटना स्पेशल ट्रेन के समय सारणी में बदलाव, राजगीर से सुबह 7:40 बजे खुलेगी रेल, यात्रियों को होगा फायदा

**नालंदा।** पूर्व मध्य रेलवे ने राजगीर और पटना के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन के समय सारणी में बदलाव किया है। अब गाड़ी संख्या 03201 राजगीर-पटना स्पेशल राजगीर से 7:40 बजे चलेगी। संशोधित समय सारणी के अनुसार, गाड़ी संख्या 03201 राजगीर-पटना स्पेशल अब राजगीर से 7:40 बजे प्रस्थान करेगी और 9:45 बजे पटना जंक्शन पर पहुंचेगी। इस ट्रेन के मध्यवर्ती स्टेशनों पर ठहराव का समय भी बदला गया है। गाड़ी सं. 03201 राजगीर-पटना स्पेशल तत्काल प्रभाव से अब राजगीर से 6.30 बजे के बजाए 7.40 बजे खुलकर 7.49 बजे नालंदा, 7.56 बजे पावापुरी रोड, 8.02 बजे बिहार शरीफ, 8.19 बजे हरनौत, 8.30 बजे बख्तियारपुर, 8.48 बजे फतुहा, 9 बजे पटना सिटी और 9.13 बजे राजेन्द्रनगर रुकते हुए 10 बजे के बजाए 9.45 बजे ही पटना जं. पहुंचेगी । बदलाव से यात्रियों को अधिक सुविधा होगी। अब यात्री इस ट्रेन से अधिक आसानी से पटना पहुंच सकेंगे। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि यात्रा करने से पहले ट्रेन के संशोधित समय सारणी की जानकारी अवश्य ले लें। पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए नए कदम उठा रहा है। समय-समय पर ट्रेनों के समय सारणी में बदलाव किए जाते रहते हैं।

# हर्ष फायरिंग में हत्या का आरोपी अरेस्ट, 6 दिन पहले चली थी गोली

निज संवाददाता। गया



♦ बदमाश मौके से हुआ था फरार

गया के टिकारी थाना क्षेत्र में हर्ष फायरिंग के दौरान हत्या हुई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राथमिकी दर्ज होने के महज चार दिनों के अंदर पुलिस ने मुख्य आरोपी धमेन्द्र कुमार पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। 22 नवंबर को टिकारी थाना क्षेत्र के खड़गपुरा गांव में एक तिलक समारोह के दौरान कुछ लोगों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। हर्ष फायरिंग करने वाला मौके से फरार हो गया था। इस घटना के बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी।

**घटनास्थल पर पहुंचकर शुरू की जांचः** एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसके अलावा तिलक समारोह का वीडियो भी जांच में शामिल किया गया। इसके बाद पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया, जिसने लगातार छापेमारी कर आरोपी की तलाश की। एडीपीओ ने बताया कि लगातार पुलिस की रेड से मेहनत रंग लाई और आखिरकार आरोपी धमेन्द्र कुमार पासवान को कोतवाली थानांतर्गत बैरागी मोहल्ला से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से कुछ अहम सुराग मिले हैं, जिसके आधार पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है। इसके लिए लगातार दबिश दी जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि इस मामले में पुलिस पूरी तरह से गंभीर है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी और उन्हें सजा भी दिलाएगी।

# डीजी रवींद्रन शंकरन भारत खेल पुरस्कार 2024 से सम्मानित




बिहार के खेल विकास में नया अध्याय, 30 नवंबर को फिक्की फेडरेशन हाउस में कार्यक्रम

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरन को भारत खेल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार राज्य में खेल विकास के लिए उनके असाधारण योगदान को मान्यता देता है। फिक्की की ओर से आयोजित इस प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में श्री शंकरन को "खेलों को बढ़ावा देने वाला उभरता हुआ राज्य" श्रेणी में सम्मानित किया गया। पुरस्कार समिति ने उनके निरंतर प्रयासों को सराहा, जिन्होंने बिहार को खेल के क्षेत्र में एक नए मार्ग पर अग्रसर किया है। 30 नवंबर को फिक्की फेडरेशन हाउस में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देश के प्रमुख खेल व्यक्तित्व शामिल होंगे। चारू शर्मा, जूरी के अध्यक्ष ने कहा की शंकरन ने बिहार में खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**देश के प्रमुख खेल व्यक्तित्व शामिलः** पुरस्कार समारोह फिक्की टर्फ 2024 के 14वें वैश्विक खेल सम्मेलन का हिस्सा होगा। पुरस्कार समिति में देश के प्रमुख खेल व्यक्तित्व शामिल हैं, जिनमें चारू शर्मा, विजय लोकपल्ली, पीकेएसवी सागर और अन्य प्रतिष्ठित सदस्य शामिल हैं। रवींद्रन शंकरन का यह पुरस्कार बिहार में खेल विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है।

# कुचेश्वर महादेव मंदिर में लगेगा मेला

निज संवाददाता। गया



गया के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक खबर सामने आई है। डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने बताया कि कुचेश्वर महादेव मंदिर में अब हर साल सावन के महीने में दो दिवसीय भव्य मेला आयोजित किया जाएगा। कोच प्रखंड के लोगों में खुशी की लहर है। कुचेश्वर महादेव मंदिर अपनी प्राचीनता और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। अब इस मंदिर में लगने वाले मेले से यहां पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। टिकारी विधायक अनिल कुमार ने इस मेले को मंजूरी दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने पर्यटन विभाग बिहार सरकार से लगातार समन्वय कर यह सुनिश्चित किया कि कुचेश्वर महादेव मंदिर में हर साल सावन के महीने में भव्य मेला आयोजित किया जाए।

**पर्यटन विभाग के साथ मिलकर जिला प्रशासन कर रहा है तैयारीः** जिला प्रशासन इस मेले को भव्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। पर्यटन विभाग बिहार सरकार के साथ मिलकर जिला प्रशासन इस मेले को यादगार बनाने के लिए पूरी तैयारी कर रहा है। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक अनुष्ठान और स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह मेला न केवल धार्मिक महत्व का होगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। गयावासियों को उम्मीद है कि इस मेले से गया जिले का पर्यटन विकास होगा और क्षेत्र का विकास भी होगा।

# नालंदा-एफ ने टीम एच को 73 रनों से हराया, जूनियर लीग में रोहित का शतक

निज संवाददाता। नालंदा




मैन ऑफ द मैच का मिला खिताब

नालंदा जिला जूनियर लीग (NDJL) 2024 में एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला है। नालंदा एफ ने नालंदा एच को 73 रनों से हरा दिया। इस जीत का श्रेय मुख्य रूप से रोहित कुमार के नाबाद शतक को जाता है। नालंदा एफ ने पहले बल्लेबाजी की। रोहित कुमार ने नाबाद 107 रनों की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 167 रनों का स्कोर बनाया। रोहित के अलावा आदर्श ने 14 रन और हर्ष ने 12 रन बनाए। नालंदा एच की ओर से रहिस यादव ने 27 रन देकर 2 विकेट लिए।

**नालंदा एच का कमजोर प्रदर्शनः** जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नालंदा एच की टीम 14.3 ओवर में मात्र 94 रनों पर ऑल आउट हो गई। रहिस यादव ने 43 रन और लोकेश ने 16 रन बनाएं। नालंदा एफ की ओर से ममता रॉय ने 25 रन देकर 2, प्रतियूस ने 15 रन देकर 5 और अर्जुन ने 11 रन देकर 1 विकेट लिए।

**रोहित कुमार हुए मैन ऑफ द मैचः** अपने शानदार प्रदर्शन के लिए रोहित कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नालंदा के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। मैच के दौरान परवेज मुस्तफा और मो. सब्बीर अंपायर थे। क्षितिज प्रियदर्शी स्कोरर थे। विक्रम सोलंकी और सिकंदर यादव थर्ड अंपायर और ऑब्जर्वर के रूप में मौजूद थे। आयोजन प्रभारी दीपक कुमार, एस एम जावेद इकबाल, अंकित, मनीष, हैंगार अली, संतोष पांडे इत्यादि मौजूद रहे।

# नव निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष पर जानलेवा हमला, चुनाव जीतने के कुछ घंटों बाद नया विवाद

♦ पंचायत के मुखिया और पूर्व पैक्स अध्यक्ष पर आरोप

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जहां नवनिर्वाचित पंचायत समिति (पैक्स) अध्यक्ष शिव चरण पर चुनाव जीतने के महज कुछ घंटों बाद जानलेवा हमला किया गया है। बुधवार को बिहारशरीफ प्रखंड के मैघी नगमा पंचायत में पैक्स चुनाव की मतगणना के दौरान शिव चरण विजयी घोषित किए गए। जीत का जश्न मनाने और देव स्थलों पर आशीर्वाद लेने के बाद जब वे अपने घर लौटे, तो लगभग 50 हथियारबंद बदमाशों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया।

**हमले की विस्तृत जानकारीः** हमले में शिव चरण को गोली मारी गई। जबकि उनके बेटे को लाठी-डंडों से पीटा गया। घायल अध्यक्ष को तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च स्तरीय चिकित्सा केंद्र में रेफर किया है।

**आरोप और संदेहः** पीड़ित की पत्नी सरस्वती देवी ने एक गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मैघी नगमा पंचायत के मुखिया और पूर्व पैक्स अध्यक्ष हमले में शामिल हैं। उन्होंने पुलिस से व्यापक जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**पुलिस की प्रारंभिक प्रतिक्रियाः** दीपनगर थानाअध्यक्ष ने घटना की पुष्टि की है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी हुई है।

# 4.31 करोड़ की राशि से शहर के गांधी मैदान का होगा सौंदर्यीकरण

निज संवाददाता। गया



शहर के गांधी मैदान का चार करोड़ 31 लाख एक हजार चार सौ रुपए से सौंदर्यीकरण होगा। दो एकड़ हिस्से में पर्यटन के दृष्टिकोण से तालाब और प्ले एरिया का पुनर्विकास होगा, साथ ही खेल क्षेत्र, ग्रीन एरिया, फाउंटेन, गजीबो, पाथ-वे, सिटिंग एरिया, पब्लिक शौचालय सहित अन्य सुविधाएं भी बहाल होगी। गांधी मैदान के जीर्णोद्धार की जिम्मेवारी पर्यटन विभाग को मिली हैं। इस संदर्भ में डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने बताया कि पर्यटन विभाग जल्द ही गांधी मैदान में पुनर्विकास का कार्य शुरु करेगा। बिहार सरकार ने चार करोड़ 31 लाख एक हजार चार सौ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। डीएम ने बताया कि गयाजी न केवल धार्मिक बल्कि पर्यटन के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। गया का गांधी मैदान राजधानी की तरह सुसज्जित और सुव्यवस्थित हो, इसके लिए पर्यटन विभाग ने पुनर्विकास की योजना बना कर उसे स्वीकृति दी है। इससे गांधी मैदान व्यवस्थित होगा। इस योजना के कार्यकारी एजेंसी बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम है, जो इस कार्य को 12 माह की अवधि के अंदर पूरा करेगा। इधर डीएम ने कहा कि पर्यावरण मंत्री सह नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने भी गांधी मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए लगातार प्रयास किया हैं। केन्द्रीय मंत्री ने एक्स पर किया पोस्ट सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के केन्द्रीय मंत्री सह गया सांसद जीतनराम मांझी ने गांधी मैदान के सौंदर्यीकरण पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है। इस संदर्भ में श्री मांझी ने लिखा हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा से. ने एक और अपना चुनावी वादा पूरा किया। चार करोड़ 31 लाख रुपए गांधी मैदान के सौदर्यीकरण के लिए स्वीकृत हो चुके है, जिससे विकास के कार्य होंगे। पर्यटकों की सुविधा के लिए यहां हर चीज उपलब्ध होगी।

# प्रदेश के टॉप 10 प्रदूषित शहरों में बिहारशरीफ शामिल, 244 पहुंचा AQI

निज संवाददाता। नालंदा

## राजगीर की हवा की गुणवत्ता भी खराब, पराली जलाने की घटनाओं ने बढ़ाई चिंता

बिहार में प्रदूषण एक बड़ी समस्या बन गई है। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश के टॉप 10 प्रदूषित शहरों में बिहारशरीफ भी शामिल है। आज यानी बुधवार को शहर का AQI लेवल 244 दर्ज किया गया। चिंता की बात ये कि 48 घंटे पहले शहर का AQI (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 270 तक पहुंच गया था। जानकारों के मुताबिक, इतना ज्यादा AQI हेल्थ के लिहाज से काफी खतरनाक माना जाता है। प्रदूषण के कारणों की बात करें तो वाहनों का बढ़ता प्रयोग, शहर में चल रहे कंस्ट्रक्शन के काम, औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि, पराली जलाने और ठोस कचरे के उचित प्रबंधन न होने जैसे कारण प्रमुख हैं। शहरीकरण के साथ-साथ वाहनों की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी हुई है।

**राजगीर और गया में भी बढ़ा प्रदूषण का स्तरः** राजगीर और गया में भी प्रदूषण काफी बढ़ गया है। राजगीर का AQI स्कोर 189 और गया का 179 के आसपास है। राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो दिल्ली, कोलकाता और लखनऊ जैसे शहर भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। AQI के अनुसार, 0-50 तक का स्तर 'अच्छा', 51-100 'संतोषजनक', 101-200 'मध्यम', 201-300 'खराब', 301-400 'अत्यधिक खराब' और 401-500 'गंभीर' माना जाता है। बिहारशरीफ और पटना दोनों ही शहरों में यह स्तर 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया है। स्थानीय निवासी दामोदर मिस्त्री ने बताया कि प्रदूषण की समस्या से जूझना मुश्किल हो गया है। सर्दियों में स्मॉग की मार झेलनी पड़ती है, जबकि गर्मियों में धूल और गर्मी की समस्या से परेशान होना पड़ता है। प्रशासन को इस दिशा में तत्काल कदम उठाने की जरूरत है ताकि लोगों को राहत मिल सके। स्मार्ट सिटी के द्वारा किए जा रहे कार्य की वजह से यह समस्या और विकराल हो गई है। शहर में हर जगह बस धूल ही धूल जमा है। दुकान हो सड़क किनारे घर हो पल झपकते ही धूल घरों और दुकानों में भर जाता है, जब भी कोई बड़ी गाड़ियां सड़को पर जाती है तो ऐसा लगता है कि धूल की गुब्बार उसके पीछे उड़ रही है। वहीं इस मामलें में नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि नगर निगम में स्प्रिंकल मशीन नहीं है। लेकिन स्प्रिंकल मशीन की व्यवस्था कर दोपहर और शाम के वक्त धूल भरी सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जाएगा। इसके अलावा जहां जहां भी कंस्ट्रक्शन का काम हो रहा है।

**जसीडीह-ताम्बरम सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन**

दक्षिण मध्य रेलवे के तहत विजयवाड़ा मंडल के गन्नवरम एवं मुस्ताबाद स्टेशनों के बीच (अप लाइन) **दिनांक 02.12.2024 से 15.12.2024 तक** रोलिंग कॉरिडोर ब्लॉक कार्यक्रम के लिए, 12376 जसीडीह-ताम्बरम साप्ताहिक सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 04.12.2024 से 11.12.2024 तक) **परिवर्तित मार्ग निडदवोलु जंक्शन-भीमवरम टाउन-गुडिवाडा जंक्शन-विजयवाड़ा जंक्शन होकर** चलेगी तथा एलूरू स्टेशन पर नहीं रुकेगी। यात्रियों से स्टेशनों की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या जीएसयू-एएसएन -2024-03, दिनांक: 28.11.2024।** ई-निविदा (खुली) पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 के उप सीपीएम/ईएनजीजी/जीएसयू/एएसएन द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: जीएसयू-एएसएन -2024-03; कार्य का नाम:** गती शक्ति इकाई, आसनसोल के अंतर्गत मांकर और राजबांध स्टेशन के बीच डीएफसी मार्ग पर लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 94 (किमी 145/00-01), 96 (किमी 147/19-21), 105 (किमी 156/15-17) और 106 (किमी 158/15-17) के उन्मूलन के संबंध में 04 (चार) आरओबी के निर्माण के लिए भू-तकनीकी जांच सहित जीएडी की तैयारी, विस्तृत डिजाइन और ड्राइंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य: रु.** 1,15,23,328.46; **बयाना राशि: रु .** 2,07,600.00; **कार्य की पूर्णता अवधि:** 6 (छह) महीने; **निविदा बंद होने की तिथि और समय/बोली की अंतिम तिथि:** 23.12.2024, 15:00 बजे। पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

(ASN-248/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



### पारदर्शिता और समय पर भुगतान की दिशा में अधिकारियों को सख्त निर्देश

# धान खरीदी को लेकर डीएम ने की बैठक

**सासाराम में पैक्स चुनाव खत्म होने के 2 दिनों के अंदर शुरू करने का निर्देश**

- धान खरीदी प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए डीएम ने दिए स्पष्ट निर्देश
- छोटे किसानों के लिए विशेष व्यवस्था, निबंधन और बिक्री सुनिश्चित करने के आदेश



निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

धान खरीदी की प्रक्रिया को लेकर जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में गुरुवार को जिलाधिकारी (डीएम) उदिता सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ प्रखंडों के सभी नोडल पदाधिकारियों ने वीसी (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) के माध्यम से भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में धान खरीदी प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संचालित करना था, ताकि किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े और वे समय पर अपनी फसल बेच सकें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले की सभी प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) को जल्द से जल्द क्रियाशील बनाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि पैक्स चुनाव की प्रक्रिया समाप्त होते ही, दो दिनों के अंदर धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि किसी भी किसान को अपनी फसल बेचने में कोई समस्या न आए। डीएम ने छोटे किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए कहा कि इस अधिप्राप्ति वर्ष में कोई भी छोटा किसान धान बेचने से वंचित न रहे। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे क्षेत्रीय पदाधिकारियों के माध्यम से छोटे किसानों से संपर्क करें और उनकी धान खरीदी सुनिश्चित करें। डीएम ने आगे कहा कि एक विशेष सूची तैयार की जाए, जिसमें यह उल्लेखित हो कि कौन से किसान कितनी मात्रा में धान पैक्स को बेचेगा और वह किस तिथि को अपनी धान बिक्री करेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रखंडों के नोडल अधिकारी और कृषि पदाधिकारी किसानों की धान बिक्री में पूरा सहयोग प्रदान करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी किसान किसी कारणवश अपनी धान न बेचने से वंचित न रहे। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि इस समय तक पैक्स के साथ किसानों का निबंधन संतोषजनक रूप से पूरा कर लिया गया है, लेकिन जिन किसानों का निबंधन अभी बाकी है, उनके लिए भी आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही, जिलाधिकारी ने यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि जिन किसानों की धान की खरीदी हो चुकी है, उन्हें विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार समय पर भुगतान किया जाए। विभागीय पोर्टल पर निबंधित मिलों का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश भी दिए गए, ताकि इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो और किसान को उसकी मेहनत का उचित मूल्य मिले। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी पैक्स के संचालन और किसानों के साथ निबंधन प्रक्रिया को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए संबंधित विभागों और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखा जाएगा। इस समन्वय के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि धान खरीदी की प्रक्रिया पारदर्शी, बिना किसी अवरोध के और समय पर पूरी हो। जिलाधिकारी ने इस दौरान यह भी स्पष्ट किया कि धान खरीदी से संबंधित सभी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी किसान को अपनी फसल बेचने में कोई समस्या आती है, तो उसे तुरंत हल किया जाए। इस दिशा में सभी अधिकारियों को सतर्क रहने और किसानों की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया गया। अंत में, जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपील की कि वे किसानों के साथ हमेशा उचित और सम्मानजनक व्यवहार करें और उनकी हितों को सर्वोपरि रखते हुए धान खरीदी की प्रक्रिया को बिना किसी परेशानी के पूरा करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसानों के साथ किसी प्रकार की कोई अनियमितता न हो और वे आसानी से अपनी फसल बेच सकें, ताकि उनका आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि समय-समय पर इस प्रक्रिया की समीक्षा की जाएगी और सभी अधिकारियों से अपेक्षाएं व्यक्त की गईं कि वे किसानों के हर कदम पर मददगार बनें।

# 15 लाख की प्लाई चोरी मामले का खुलासा, स्टाफ समेत दो गिरफ्तार

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



रोहतास पुलिस ने एक बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें चोरी की दुकान का एक स्टाफ सदस्य भी शामिल है। यह मामला सासाराम के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी की दुकान से 15 लाख रुपये की कीमत की प्लाई की चोरी से जुड़ा है। चोरी की प्लाई को अन्य दुकानों में खपाया गया था, जिसमें से दो दुकानों के मालिकों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इस चोरी की वारदात का खुलासा सासाराम नगर थाना क्षेत्र में स्थित हिंदुस्तान ग्लास हाउस के मालिक द्वारा दर्ज कराए गए प्राथमिकी के आधार पर हुआ। उन्होंने पुलिस को सूचित किया कि उनकी दुकान से बड़ी मात्रा में प्लाई की चोरी हो गई है, जिससे उनकी दुकान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत वैज्ञानिक अनुसंधान शुरू किया और सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों की जांच की। पुलिस ने अपनी जांच में पाया कि चोरी का आरोप दुकान के ही कर्मी सोनू कुमार पर है, जो कि ग्राम कोपा शिवसागर का निवासी है। सोनू ने पुलिस की पूछताछ में यह खुलासा किया कि चोरी की गई 120 पीस प्लाई को उसने अनमोल प्लाई दुकान, तकिया में रखवाया था। उसके बाद पुलिस ने वहां छापेमारी कर चोरी की प्लाई को बरामद किया और दुकानदार अंकित कुमार को गिरफ्तार किया।

इसके बाद जांच में और भी चौंकाने वाली जानकारी सामने आई, जब पुलिस ने शर्मा हार्डवेयर, नोखा से 125 पीस प्लाई बरामद किया। इस दुकान के मालिक संजय कुमार को भी गिरफ्तार किया गया, जिन्होंने चोरी की प्लाई को अवैध रूप से अपने दुकान में रखा था। एसडीपीओ दिलीप कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि अब तक इस मामले में कुल तीन लोग गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें हिंदुस्तान ग्लास हाउस के स्टाफ सदस्य सोनू कुमार और दो दुकानों के मालिक अंकित कुमार और संजय कुमार शामिल हैं। एसडीपीओ ने यह भी बताया कि पुलिस की जांच अभी जारी है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस अब इस मामले में और साक्ष्य जुटाने और अन्य संदिग्धों को पकड़ने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। पुलिस की कार्रवाई से इलाके में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की उम्मीद जताई जा रही है, और यह पुलिस की तत्परता का परिचायक भी है।

# आरपीएफ की तत्परताः खोया हुआ बैग सुरक्षित लौटाया, यात्री ने सामान की कीमत 12,000

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

डेहरी-आन-सोन (रोहतास)। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक यात्री अमरजीत कुमार के खोए हुए बैग को खोजने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। यह घटना तब घटित हुई जब अमरजीत कुमार, जो कि ग्राम बखारी, थाना फेसर, जिला औरंगाबाद, बिहार के निवासी हैं, अपनी यात्रा में गाड़ी संख्या 18612 डाउन से बनारस से डेहरी-आन-सोन आ रहे थे। यात्रा के दौरान गाड़ी से उतरते समय उनका एक कला रंग का पिट्ठू बैग बोगी संख्या एस 5 के बर्थ संख्या 15 पर छूट गया था। इस बैग में एक पीला धातु का लॉकेट, एक पर्स, चार्जर और इस्तेमाली कपड़े रखे हुए थे। यात्री अमरजीत कुमार ने अपने बैग के खो जाने की सूचना रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी-आन-सोन में दी। सूचना प्राप्त होते ही तैनात आरक्षी शिव प्यारे सिंह ने तत्काल कार्रवाई शुरू की और मार्गरक्षण ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षी निरंजन कुमार और आरक्षी अनोज कुमार को सूचित किया। दोनों आरक्षियों ने त्वरित रूप से गाड़ी के बोगी संख्या एस 5 में बर्थ संख्या 15 पर जाकर बैग को ढूंढ़ निकाला। इसके बाद, बैग को सुरक्षित रूप से रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी-आन-सोन लाया गया और इसकी जानकारी संबंधित यात्री अमरजीत कुमार को दी गई। अमरजीत कुमार जब बैग प्राप्त करने के लिए आरपीएफ कार्यालय पहुंचे, तो उन्होंने बैग को देखकर उसकी पहचान की और पाया कि उसमें रखे सभी सामान पूरी तरह सुरक्षित हैं। यात्री ने बैग में रखे सामान की अनुमानित कीमत 12,000 बताई। इसके बाद, यात्री की पहचान और सत्यापन प्रक्रिया पूरी की गई और एक गवाह, सिंटू कुमार (पिता संजय सिंह, ग्राम शाहपुर, थाना फेसर, जिला औरंगाबाद, बिहार) की उपस्थिति में बैग और उसमें रखे सभी सामानों को सही सलामत यात्री को सुपुर्द कर दिया गया। बैग के सुपुर्दगी के समय की फोटोग्राफी भी की गई ताकि इस पूरे प्रक्रिया की प्रमाणिकता सुनिश्चित की जा सके। इस घटना ने रेलवे सुरक्षा बल के त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के एक और उदाहरण को प्रस्तुत किया है, जो यात्रियों की सुरक्षा और उनके सामान के संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। आरपीएफ की यह कार्रवाई यात्रियों के बीच विश्वास और सुरक्षा का संदेश देती है।

## पैक्स चुनाव की मतगणना, दो प्रत्याशियों की जीत घोषित

**संझौली (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड मुख्यालय के सभी में गुरुवार सुबह 8:30 बजे से पैक्स चुनाव की मतगणना शुरू हुई। दो पंचायतों के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। अमैठी पैक्स से मुखदेव सिंह ने 35 वोटों से जीत हासिल की, जबकि करमैनी पैक्स से सोनू कुमार ने 205 वोटों से विजयी हुए। जीत के बाद समर्थकों ने एक-दूसरे फूलमालाओं से स्वागत करते हुए मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। मतगणना स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सभी परिणाम प्रशासनिक निगरानी में घोषित किए जा रहे थे। वहीं खबर लिखे जाने तक मतगणना शुरू थी जिसमें दो पंचायत के परिणाम घोषित कर दिया गया था। अन्य पंचायतों की मतगणना जारी है। प्रत्याशियों के समर्थकों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# रेल मुख्यालय, हाजीपुर में महाप्रबंधक की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का हुआ आयोजन

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक छत्रसाल सिंह, महाप्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबंधक ने हाजीपुर नगर स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों और अन्य संस्थानों के कार्यालयों में राजभाषा के प्रचार-प्रसार की गहन समीक्षा की और कहा कि अपने कार्य के दौरान हमेशा सरल और सहज भाषा का प्रयोग करें जिससे सभी को समझने में सुविधा हो । उच्चपदस्थ अधिकारी जब हिंदी में अपना अधिकतम कार्य करेंगे तभी राजभाषा धरातल पर पहुँचेगी और उसे अधिक से अधिक लोग अपनायेंगे । इस अवसर पर महाप्रबंधक ने राजभाषा नीति एवं निर्देशों को प्रचारित प्रसारित करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि राजभाषा का प्रचार-प्रसार,



प्रेरणा-प्रोत्साहन और सद्भावना पर आधारित है और हमें इसका पालन करना चाहिए।

इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि इस नवगठित समिति से राजभाषा हिन्दी के प्रयोग-प्रचार को बल मिलेगा तथा हम और तेजी से भारत सरकार की राजभाषा नीति का क्रियान्वयन कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि जब तक हम अपने कर्तव्यों को नहीं समझेंगे तब तक हमें लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती। उल्लेखनीय है कि यह बैठक छमाही प्रगति की समीक्षा करने के लिए आयोजित की गयी थी। राजभाषा प्रयोग-प्रसार के इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में हाजीपुर नगर के अंतर्गत केंद्र सरकार के विभिन्न संस्थानों के अधिकारी उपस्थित थे, उन्होंने अपने विभागों आदि में राजभाषा के प्रचार-प्रसार की स्थिति के संबंध में समिति को सूचित किया। बैठक में उपस्थित मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बी.के.सिंह ने कहा कि महाप्रबंधक महोदय राजभाषा हिंदी के वर्तमान की समीक्षा करते हुए भविष्य का मार्गदर्शन किए इसके लिए राजभाषा विभाग उनका आभारी है। उन्होंने महाप्रबंधक महोदय सहित सभी संस्थानों के प्रमुखों तथा उनके प्रतिनिधियों का स्वागत किया। बैठक का संचालन मनीष कुमार, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी सह उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अनिल कुमार शर्मा, राजभाषा अधिकारी ने किया। उल्लेखनीय है कि इस बैठक में डाक विभाग, आयकर विभाग, जीवन बीमा निगम, भारत संचार निगम लिमिटेड, केन्द्रीय विद्यालय सहित 21 कार्यालयों, बैंकों एवं उपक्रमों के प्रमुख एवं प्रतिनधि उपस्थित थे।

# आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने सासाराम में किया 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान का ऐलान

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)




बिहार के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए संकल्पित 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान के तहत आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने गुरुवार को सासाराम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार को 2047 तक एक समृद्ध और विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य है, जहाँ किसी भी व्यक्ति को शिक्षा, रोजगार, और स्वास्थ्य के लिए राज्य के बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने इस मिशन के तहत एक बड़े कदम के रूप में 1 दिसंबर 2024 को सासाराम के न्यू स्टेडियम में आयोजित होने वाले 'तृतीय बिहार संवाद कार्यक्रम' के बारे में जानकारी दी। विकास वैभव ने कहा कि आगामी 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना में बिहार को एक आदर्श राज्य के रूप में देखना चाहते हैं, जहाँ हर व्यक्ति को विकास के समान अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि राज्य के लोग इन आवश्यकताओं के लिए अन्यत्र न जाएं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान का उद्देश्य समाज में समानता, उद्यमिता और शिक्षा को बढ़ावा देना है, ताकि लोग जातिवाद, साम्प्रदायिकता और लिंग भेद जैसे मुद्दों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में योगदान कर सकें। विकास वैभव ने आगामी 1 दिसंबर 2024 को सासाराम में आयोजित होने वाले तृतीय बिहार संवाद कार्यक्रम का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम बिहार में एक नई सोच और दिशा को उत्पन्न करने के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सभी वर्गों के लोग, विशेषकर युवा, शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में अपने योगदान को बढ़ावा देंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिहार में उद्यमिता की क्रांति लाना है, जिससे राज्य में रोजगार के अवसर उत्पन्न हों और बिहारवासियों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिले। इसके लिए समाज के हर वर्ग को इस अभियान से जोड़कर एक व्यापक इकोसिस्टम तैयार करने की योजना बनाई गई है, जिसमें राज्य के हर जिले में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने वाले स्टार्टअप स्थापित किए जाएंगे। विकास वैभव ने इस अवसर पर यह भी बताया कि 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान के तहत अब तक लगभग 1 लाख 50 हजार व्यक्ति स्वैच्छिक रूप से जुड़ चुके हैं और अभियान में सकारात्मक योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान बिहार में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है, जिसका लक्ष्य बिहार में रोजगार सृजन करना है। उन्होंने बताया कि बिहार के प्रत्येक जिले में 2028 तक कम से कम 5 सफल स्टार्टअप स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जो 100 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करने में सक्षम होंगे। इसके माध्यम से राज्य में उद्यमिता की नई दिशा तैयार की जाएगी, जिससे राज्य के युवा स्वरोजगार, स्टार्ट-अप और व्यवसाय के क्षेत्र में कदम बढ़ा सकेंगे। इस अभियान के तहत विकास वैभव ने सभी बिहारवासियों से अपील की कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और राज्य के विकास में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि हर युवा को उद्यमिता के क्षेत्र में अपने कदम बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की सरकार और प्रशासन इस दिशा में हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इस क्रांति का हिस्सा बन सकें और बिहार के विकास में योगदान दे सकें। विकास वैभव ने यह भी कहा कि बिहार को विकास के रास्ते पर लाने के लिए केवल सरकारी योजनाओं का ही नहीं, बल्कि जनता के समर्थन और योगदान की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए यह अभियान सिर्फ एक कदम नहीं, बल्कि एक आंदोलन बन चुका है, जिसमें हर व्यक्ति की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने अंत में कहा कि 1 दिसंबर को आयोजित होने वाले तृतीय बिहार संवाद कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से लोग जुटेंगे, जहां उन्हें बिहार के विकास के लिए अपने विचार साझा करने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम न केवल बिहार के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनेगा, और 2047 तक बिहार को समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

# करहगर में कड़ी सुरक्षा के बीच 84 मतदान केंद्रों पर आज होगा मतदान

निज संवाददाता | करहगर (रोहतास)

करगहर के 18 पैक्सों में होने वाले मतदान की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एसडीएम आशुतोष रंजन और एसडीपीओ कुमार वैभव ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गहन निरीक्षण किया। चुनाव के लिए सुरक्षा व्यवस्था की सख्त निगरानी, मतदाता सूची, मतदान केंद्रों की स्थिति और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रखंड के 20 पैक्सों में से बकसड़ा और डुमरा पैक्स के अध्यक्ष व कार्यकारणी के सभी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए हैं। वहीं, बाकी 18 पैक्सों में शुक्रवार को मतदान कराया जाएगा। इस मतदान में प्रखंड के कुल 52168 मतदाता भाग लेंगे। एसडीएम ने बताया कि चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, जिसमें मतदान केंद्रों की सजावट, मतदाताओं के प्रवेश-निर्गम के रास्तों की सफाई, मतदान सामग्री की व्यवस्था और सुरक्षा बलों की तैनाती शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और पूरी प्रक्रिया की निगरानी जिला और प्रखंड के कंट्रोल रूम से की जाएगी। यदि किसी भी मतदान केंद्र पर गड़बड़ी या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है, तो कंट्रोल रूम में सूचना देने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने यह स्पष्ट किया कि चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने हर प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित की है। उन्होंने आगे बताया कि संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इन बूथों पर अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। इस चुनाव में कुल 84 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर मतदान कर्मियों और सुरक्षा कर्मियों को तैनात कर दिया गया है। इन मतदान केंद्रों पर समय पर मतदान शुरू होगा और सभी केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया को बिना किसी रुकावट के पूरा करने के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर दी गई हैं। निगरानी के दौरान बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी अजीत कुमार, अंचलाधिकारी अजीत कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी श्री राम मिश्रा, सीडीपीओ रूबी कुमारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। एसडीएम और एसडीपीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर प्रशासनिक विफलता नहीं होनी चाहिए और मतदाता की सुरक्षा और मतदान की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों को चुनाव के दिन शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए सचेत रहने का निर्देश भी दिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, करगहर के चुनाव के लिए सभी तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं, और प्रशासन की ओर से चुनाव के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया गया है।

## 47 मतदान केंद्रों पर पैक्स का चुनाव कराया जाएगा

**नोखा (रोहतास (नि.सं.)।** किसानों मजदूरों की अपनी सोसाइटी पैक्स चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गईं है। आज मतदान कराया जाएगा। इसकी पुष्टि करते हुये नोखा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी अतुल गुप्ता ने बताया कि नोखा प्राखंड में 11 पैक्स का चुनाव कराया जा रहा है। इसमें कुल 30101 मतदाता मत का प्रयोग करेंगे। 16पीसीसी और 6 सेक्टर में बनाए गए हैं । दो सुपर जोनल बनाया गया है। इसमें सभी पर्यवेक्षक को लगाया गया है। शुक्रवार को 7:00 बजे से 4:30 बजे तक चलेगी मतदान पैक्स निर्वाचन को लेकर के सुबह 7:00 से लेकर इस 4:30 बजे तक मतदान कराया जाएगा। सासाराम एसडीएम आशुतोष रंजन, सासाराम सीडीपीओ 2 कुमार वैभव, वीडियो अतुल गुप्ता, सीओ मधुसूदन चौरसिया और थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने संयुक्त रूप से पीठासीन पदाधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट को (ब्रीफिंग) संबोधित करते हुए पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ग्रामीणों या प्रत्याशियों से ज्यादा लगाव नहीं रखता है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा संख्याः सीआरडब्ल्यू– एचआरटी– एम –एलएचबी–आरएसपी–रिहैब1 दिनांकः 27.11.2024**

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थानः** प्रमुख ध्यान के दौरान साइकिल डाउनटाइम को कम करने के लिए एलएचबी कोचों का पुनर्वास/ओवरहालिंग के लिए निविदा।, **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रू. 7,59,95,918.45 (रू सात करोड़ उनसठ लाख पंचानवे हजार नौ सौ अठारह एवं पैंतालीस पैसे मात्र), **3. निविदा प्रपत्र की राशिः** शून्य।, **4. अग्रधन की राशिः** रू. 5,30,000.00 (रू. पांच लाख तीस हजार मात्र)।, **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** निविदा ऑन लाइन **https://www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि **18.12.2024** को 11:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 11:15 बजे निविदा खोली जायेगी।, **6. वेवसाईट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है ।:** निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार–803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी होगा तो शुद्धि–पत्र वेबसाईट पर अपलोड होगा।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता**
**सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत**

पीआर/01603/एचआरटी/एमइसीएच/टी/24–25/48

# 93 बकायेदार उपभोक्ताओं के काटे गए विद्युत कनेक्शन

निज संवाददाता | विक्रमगंज (रोहतास)

विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल विक्रमगंज के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली बिल का भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली विभाग ने युद्ध स्तर पर कनेक्शन काटने का अभियान तेज कर दिया है। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं के परिसरों पर जाकर उन्हें बकाया राशि जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके बावजूद, यदि उपभोक्ता बकाया राशि जमा नहीं करते, तो उनके विद्युत संबंध को अस्थायी रूप से विच्छेद कर दिया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वित्तीय वर्ष के अंत तक राजस्व का लक्ष्य पूरा करना है। सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं को क़िस्तों में बकाया राशि जमा करने में सुविधा चाहिए, वे विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय विक्रमगंज से संपर्क कर सकते हैं और अपनी राशि को क़िस्तों में जमा करने का प्रबंध कर सकते हैं। हालांकि, जिन उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन बकाया राशि के कारण काटा जा चुका है, उन्हें रिकनेक्शन हेतु शुल्क जमा करना होगा। रिकनेक्शन शुल्क के रूप में सिंगल फेज उपभोक्ताओं को 118, तीन फेज उपभोक्ताओं को 236, और छोटे उद्योगों (एलटीआईएस) को 1062 का भुगतान करना होगा। बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं को क़िस्तों में बकाया राशि चुकाने की सुविधा भी दी है ताकि वे आसानी से अपनी बकाया राशि चुका सकें और विद्युत सेवा फिर से बहाल हो सके। गुरुवार को एक विशेष अभियान के तहत, विक्रमगंज के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत कनेक्शन काटे गए। इनमें 25 दिनारा, 30 सूर्यपुरा, 15 दावथ और 12 संझौली के बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिए गए हैं। विद्युत विभाग ने यह चेतावनी दी है कि यदि उपभोक्ता अपनी बकाया राशि समय पर नहीं जमा करते हैं, तो उनके विद्युत संबंध को स्थायी रूप से काटने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, यदि बकाया राशि जमा करने के बाद भी कनेक्शन बहाल नहीं किया जाता है, तो बिहार और उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम 1914 के तहत नीलामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने विद्युत बिल का भुगतान समय पर करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और उनका विद्युत कनेक्शन सुरक्षित रहे। यह अभियान विद्युत विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष के अंत तक राजस्व के लक्ष्य को पूरा करने के लिए चलाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कनेक्शन काटने और बकाया राशि के वसूली के इस अभियान से विभाग की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और उपभोक्ताओं को भी उनकी जिम्मेदारी समझ में आएगी।

# विक्रमशिला-कटरिया नई लाईन परियोजना के तहत गंगा नदी पर रेल पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

विक्रमशिला-कटरिया नई लाईन परियोजना के अंतर्गत भागलपुर में विक्रमशिला एवं कटरिया स्टेशनों के मध्य गंगा नदी पर रेल पुल के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। इसके तहत रेल पुल के निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित कर दी गयी है तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात रेल पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ की जाएगी। विदित हो कि अगस्त, 2024 में रुपए 2549 करोड़ की लागत से बिहार में भागलपुर के पास गंगा नदी पर 26 किमी लंबे विक्रमशिला-कटरिया नई लाईन के निर्माण की मंजूरी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्शता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा दी गयी थी। इस परियोजना के तहत गंगा नदी पर 2.44 किमी लंबी डबल लाइन वाली पुल का भी निर्माण किया जाना है। इस परियोजना द्वारा गंगा नदी पर एक अतिरिक्त मेगा ब्रिज के निर्माण से उत्तर बिहार, पश्चिम बंगाल एवं पूर्वोत्तर भारत से दक्शिण बिहार, झारखंड एवं उड़ीसा के बीच गतिशीलता में वृद्धि होगी। विक्रमशिला-कटरिया नई लाईन परियोजना में विक्रमशिला स्टेशन भागलपुर-साहिबगंज रेलखंड तथा कटरिया स्टेशन कटिहार-बरौनी रेलखंड पर स्थित है। इस परियोजना के तहत गंगा नदी पर बनने वाला रेल पुल वाई आकार का होगा जो उत्तर दिशा में कटरिया और नवगछिया तथा दक्शिण दिशा में विक्रमशिला और शिवनारायणपुर स्टेशनों को जोड़ेगी। इस पुल के निर्माण होने से बिहार के कोसी और सीमांचल क्शेत्र का अंग क्शेत्र से सीधा जुड़ाव हो जाएगा।

## दानापुर से पुणे के लिए 12 दिसम्बर, 2024 तक प्रतिदिन एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु दानापुर से पुणे के लिए दिनांक 12.12.2024 तक प्रतिदिन एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 08 तथा साधारण श्रेणी के 06 कोच होंगे। गाड़ी सं. 01481 पुणे-दानापुर स्पेशल 10.12.2024 तक पुणे से प्रतिदिन 19.55 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए तीसरे दिन 01.00 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., 02.10 बजे बक्सर तथा 03.23 बजे आरा रूकते हुए 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 01482 दानापुर-पुणे स्पेशल 12.12.2024 तक प्रतिदिन दानापुर से 06.30 बजे प्रस्थान कर 07.10 बजे आरा, 08.00 बजे बक्सर एवं 10.45 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 17.35 बजे पुणे पहुंचेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# पैक्स निर्वाचन की तैयारी पूरी, 18 मतदान केंद्रों पर होगा चुनाव

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



नारदीगंज के इंटर विद्यालय में गुरुवार को पैक्स निर्वाचन 2024 को लेकर एक महत्वपूर्ण ब्रीफिंग का आयोजन किया गया, जिसमें सदर एसडीओ अखिलेश कुमार, एसडीपीओ सुनील कुमार, प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह प्रशिक्षु बीडीओ फैजान अहमद, सीओ मो0 रईस आलम, और थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने भाग लिया। इस बैठक में सभी पीसीसीपी, सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्वाचन की प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्थाओं और मतदान के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए। सदर एसडीओ अखिलेश कुमार ने कहा कि बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा पैक्स निर्वाचन-2024 को 05 चरणों में निर्धारित किया गया है, जिनमें नारदीगंज प्रखंड में तीसरे चरण में कुल आठ पंचायतों में पैक्सों की प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों के लिए चुनाव होना है। यह चुनाव 18 मतदान केंद्रों पर किया जाएगा, और मतदान का समय सुबह सात बजे से लेकर शाम साढ़े चार बजे तक रहेगा। उन्होंने कहा कि इस निर्वाचन का उद्देश्य एक निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान कराना है ताकि मतदाता अपनी स्वतंत्र इच्छा से मतदान कर सकें। उन्होंने बताया कि मतदान ओड़ो, इचुआकरना, परमा, कहुआरा, हंडिया, कोसला, नारदीगंज और मसौढ़ा पंचायतों में होगा, जिसमें कुल 18 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

इन केंद्रों की सुरक्षा के लिए तीन सेक्टर बनाए गए हैं। प्रत्येक सेक्टर में दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही, चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी सेक्टर पदाधिकारी और पुलिस अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्रों पर समय पर पहुंचने के लिए निर्देशित किए गए हैं। सदर एसडीओ ने आगे कहा कि मतदान केंद्र में पोलिंग एजेंटों और मतदाताओं के मोबाइल लाने पर पाबंदी होगी। उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों को आदेश दिया कि मतदान केंद्र और उसके आसपास के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की जाए और अशांति फैलाने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, सड़कों पर अवैध गाड़ियों का परिचालन रोकने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि मतदान केंद्रों के आसपास के इलाकों में किसी भी प्रकार की अशांति या विधि-व्यवस्था भंग करने के प्रयास को कड़ी निगरानी से रोका जाएगा। यदि कोई व्यक्ति अशांति फैलाता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी पुलिस अधिकारी और सेक्टर मजिस्ट्रेट इस चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इस बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेट विकास वैभव, रामसागर पाल, आदित्य कुमार सहित अन्य सेक्टर और पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित थे। प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जो पूरे चुनाव प्रक्रिया की निगरानी करेगा और किसी भी प्रकार की स्थिति का समाधान तुरंत करेगा। बैठक में यह भी बताया गया कि निर्वाचन की प्रक्रिया को लेकर लगातार अपडेट और सूचना पीसीसीपी और सेक्टर पदाधिकारियों को दी जाती रहेगी।

# सजगता से ही खत्म होगा समाजरूपी कोढ बाल विवाह : सीडीपीओ

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)



बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर नरहट के बीआरसी सभागार में सीडीपीओ ज्योति सिन्हा की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार (समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार) के तत्वाधान में जिला हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना अन्तर्गत बाल विवाह मुक्त अभियान को लेकर शपथ ग्रहण के साथ अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीडीपीओ ज्योति सिन्हा ने बताया कि बाल विवाह को समाज से खत्म करना बहुत जरूरी है। बाल विवाह समाज का कोढ है।बाल विवाह अपराध है। बाल विवाह के कारण बच्चे पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते, उनका स्वास्थ्य खराब हो जाता है, समय से पहले प्रेगेंसी झेलनी पड़ती है, जिससे माता और शिशु की जान तक चली जाती है। बाल विवाह करने, उसमें भाग लेने या बाल विवाह कराने वाले किसी भी व्यक्ति को 02 साल तक की कैद और एक लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। इसमें माता-पिता, रिश्तेदार, पड़ोसी, पुजारी, बैंड वाला, घोड़ी/रथ वाला, मिठाई वाला, हलवाई, टेंट वाला आदि शामिल है। आइए हम सब मिलकर बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण करें। अब इस कुरीति का समाज में कोई स्थान नहीं है। अब वक्त है कि देश से इस कुप्रथा का खात्मा किया जाए।महिला पर्यवेक्षिका माधवी कुमारी ने बताया कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन (जेआरसी) एलायंस बाल विवाह के इस बुराई को खत्म करने में जुटा हुआ है, जो 250 से अधिक सामाजिक संगठनों का राष्ट्रव्यापी नेटवर्क है। यह एलाएंस बच्चों की सुरक्षा और उनके खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए काम करता है। जेआरसी जागरूकता कार्यक्रमों, रिसर्च और ट्रेनिग के जरिए पूरे भारत में बाल संरक्षण के सरकारी प्रयासों का समर्थन करता है। यह वक्त खड़ा होने और बच्चों की सुरक्षा, उन्हें खुश रखने और उनके जीवन को सशक्त बनाने का अधिकार सुनिश्चित करने का है। हम सब मिलकर बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 देश भर में लागू है, जिसके तहत् 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़कों की शादी करना/करवाना कानूनन अपराध है और इसका उल्लंघन करने पर दो साल की जेल या एक लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजा का प्रावधान है। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका माधवी कुमारी, पूनम राय सहित 100 से अधिक आंगनबाड़ी सेविकाओं ने बाल विवाह के खात्मे का संकल्प लिया।

# बरौली स्कूल में छात्राएं आत्मरक्षा के लिए जुडो-कराटे का प्राप्त कर रही हैं प्रशिक्षण

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)



प्रखण्ड के कस्तूरबा गांधी विद्यालय नरहट और उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरौली में नामांकित छात्राओं को आत्मरक्षा के उद्देश्य से जुडो-कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कस्तूरबा गांधी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मसरूर आलम की देखरेख में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए जरूरी कौशल सिखाना है ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति में खुद को सुरक्षित रख सकें। प्रधानाध्यापक मसरूर आलम ने बताया कि इस प्रशिक्षण के बाद सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जो उनके भविष्य में उपयोगी साबित हो सकता है। साथ ही, उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा और उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में उचित तरीके से प्रतिक्रिया करने की क्षमता देगा। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को विशेष रूप से पिरामिड बनाने, पंच मारने, ब्लैक करने जैसे महत्वपूर्ण आत्मरक्षा के तकनीकी गुर सिखाए जा रहे हैं। इसके साथ ही शरीर को गरम करने के लिए हर दिन अभ्यास भी कराया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में कस्तूरबा गांधी विद्यालय के 100 और उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरौली के 50 कुल 150 छात्राएं प्रशिक्षण ले रही हैं। यह प्रशिक्षण 12 नवम्बर 2024 से शुरू हुआ है और 17 दिसम्बर 2024 तक, यानी कुल 36 दिनों तक चलेगा। प्रशिक्षण में शामिल होने वाली छात्राओं में अनिशा कुमारी, कृतिका कुमारी, शिवानी कुमारी, राजनंदनी कुमारी, तुसी कुमारी, नंदनी कुमारी, बॉबी कुमारी, अर्पिता कुमारी आदि प्रमुख हैं। इस दौरान कस्तूरबा गांधी विद्यालय की वार्डन पिंकी कुमारी, अकाउंटेंट अलका रानी, लेखपाल संजय कुमार, स्कूल के शिक्षक आर्यन कुमार, शिक्षिका पुनम भारती सहित कई अन्य शिक्षिकाएं भी उपस्थित थीं। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को यह भी सिखाया जा रहा है कि आपातकालीन स्थिति में किस तरह से आत्मरक्षा करनी चाहिए और किस प्रकार से अपने आसपास के वातावरण का सही तरीके से इस्तेमाल कर खुद को बचाया जा सकता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल छात्राओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाना है, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से भी मजबूत करना है ताकि वे आत्मविश्वास के साथ किसी भी चुनौती का सामना कर सकें। यह पहल प्रखण्ड के शिक्षा क्षेत्र में एक सराहनीय कदम है, जो न केवल छात्राओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मदद करेगी, बल्कि उनके मानसिक और शारीरिक विकास को भी बढ़ावा देगी।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर एवं चालक को पुलिस ने पकड़ा

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** अवैध बालू खनन पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रभारी उमाशंकर सिंह द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने अवैध बालू खनन के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए एक और कार्रवाई की है। गुरुवार को नरहट थाना क्षेत्र में मंझवे नरहट रोड पर स्थित सोहरीपुर गांव से एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि यह ट्रैक्टर ग्राम सोहरीपुर से बालू लेकर जा रहा था, जिसे थाना प्रभारी उमाशंकर सिंह की अगुवाई में पुलिस ने पकड़ा। ट्रैक्टर का चालक, जिसका नाम फुलटन राजवंशी है, ग्राम राजा बीघा का निवासी है। चालक के खिलाफ भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है। चालक फुलटन राजवंशी को गिरफ्तार कर पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है। इस मामले में थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि जप्त ट्रैक्टर और चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगामी विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इसके साथ ही, पुलिस ने ग्रामीणों से भी अपील की है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करें ताकि जिले में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके। नरहट पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध बालू खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# नारदीगंज में तीसरे चरण का पैक्स चुनावः सुरक्षा इंतजाम और मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से तैयार

निज संवाददाता | नवादा



**नारदीगंज (नवादा)।** नारदीगंज प्रखंड के आठ पंचायतों में पैक्स चुनाव का तीसरा चरण शुक्रवार, 29 नवम्बर 2024 को शांतिपूर्वक और निष्पक्ष रूप से संपन्न करने के लिए प्रशासन ने सभी सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है। इस चुनाव में कुल 10,254 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह प्रशिक्षु बीडीओ फैजान अहमद ने बताया कि मतदान प्रक्रिया सुबह सात बजे से लेकर साढ़े चार बजे अपराह्न तक चलेगी। मतदान के लिए सभी मतदान कर्मी अपनी-अपनी ड्यूटी पर समय से पहुंच गए हैं। चुनाव की शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने पूरे प्रखंड में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए हैं। सभी पीसीसीपी (प्रखंड निर्वाचक पदाधिकारी) गुरुवार को मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गए। मतगणना के लिए कन्हाई लाल साहू कॉलेज, नवादा में एक बज्रगृह बनाया गया है, जहां 30 नवम्बर को सुबह आठ बजे से मतपत्रों की गिनती शुरू की जाएगी। चुनाव में प्रत्येक पद के लिए विभिन्न रंगों में मतपत्र तय किए गए हैं। अध्यक्ष पद के लिए लाल रंग, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति सदस्य पद के लिए आसमानी, अत्यंत पिछड़ा वर्ग सदस्य पद के लिए सफेद रंग, पिछड़ा वर्ग के लिए हरा रंग और सामान्य वर्ग के लिए नारंगी रंग का मतपत्र निर्धारित किया गया है। हालांकि, यदि नारंगी रंग उपलब्ध नहीं होता है तो पीला रंग का उपयोग किया जा सकता है। इस चुनाव में खास बात यह है कि सभी सदस्य पदों के लिए 50 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। उम्मीदवारों के बीच अपनी-अपनी जीत की उम्मीद को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्वस्तिक चिन्ह लगाकर वोट देंगे। पैक्स चुनाव में मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए उम्मीदवारों ने अंतिम प्रयास तेज कर दिए हैं। चुनावी नतीजे मतदान के दिन ही सामने आएंगे, जब मतदाता अपने वोट से यह तय करेंगे कि किसके सिर पर ताज सजेगा। पैक्स चुनाव में चुनाव कर्मियों की नियुक्ति रेंडेमाइजेशन प्रक्रिया के तहत की गई है, और मतदान केंद्रों पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उम्मीदवारों की धड़कनें इस वक्त तेज हो गई हैं, और वे अपने मतदाताओं से एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं।

## चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**पकरीबरावां (नवादा) (नि. सं.)।** पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार की अध्यक्षता में चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पकरीबरावां, वारिसलीगंज, काशीचक, कौवाकोल एवं रोह ब्लॉक के ग्राम कचहरी के सरपंच, उप सरपंच, कचहरी सचिव एवं न्यायमित्र को आमंत्रित किया गया था, परंतु पकरीबरावां को छोड़ अन्य प्रखंडों के अधिकांश सरपंच, सचिव आदि नहीं शामिल हुए। चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर में पटना से पहुंचें टीम में शामिल रिटायर्ड प्रधान न्यायाधीश बलराम सिंह, अधिवक्ता सदस्य किशुनचंद सिन्हा एवं सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य डॉ. रघुवंश ने मौजूद सभी सरपंच, उप सरपंच, कचहरी सचिव एवं न्यायमित्रों को चलंत लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए लंबित मामलों के निष्पादन हेतु जागरूक किया। रिटायर्ड प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि चलंत लोक अदालत का आयोजन वर्ष में एक बार किया जाता है।

# नवादा में पैक्स चुनाव के लिए निषेधाज्ञा लागू, शांतिपूर्ण मतदान को लेकर तैयारी

निज संवाददाता | नवादा

नवादा सदर अनुमंडल क्षेत्र में पैक्स निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण के मतदान की तिथि 29 नवंबर 2024 तय की गई है। इस दिन नारदीगंज और नवादा सदर प्रखंड क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) अखिलेश कुमार ने कड़े कदम उठाए हैं। उन्होंने बीएनएसए की धारा 163 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू की है, ताकि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति या अवरोध उत्पन्न न हो। निषेधाज्ञा के तहत मतदान केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के सभा, जुलूस, नारेबाजी, वाहन उपयोग और ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। साथ ही, मतदान के दौरान आग्नेयास्त्र, तीर-धनुष, लाठी-भाला, गड़ासा, ईंट-पत्थर और अन्य घातक हथियार लेकर चलने पर भी पूरी तरह रोक लगाई गई है। यह कदम सुनिश्चित करेगा कि मतदान केंद्रों के पास कोई अवांछित घटना न घटे और मतदाता बिना किसी डर के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। अनुमंडल पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले किसी भी व्यक्ति या समूह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि मतदान के दिन उम्मीदवारों और उनके समर्थकों द्वारा मतदाताओं को डराने-धमकाने या प्रलोभन देकर प्रभावित करने की संभावना हो सकती है। ऐसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सघन गश्ती करें और यह सुनिश्चित करें कि यातायात और विधि-व्यवस्था में कोई समस्या न हो। मतदान केंद्रों पर तैनात दंडाधिकारियों और पुलिस बल को यह आदेश दिया गया है कि वे निषेधाज्ञा का सख्ती से पालन कराएं। इस दौरान यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ बीएनएसए की धारा 163 और अन्य संबंधित कानूनों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों को जेल, जुर्माना या अन्य दंड का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, यह आदेश मतदान केंद्रों पर तैनात दंडाधिकारियों और पुलिस बल पर लागू नहीं होगा। अनुमंडल प्रशासन ने जिले के नागरिकों और निर्वाचन में भाग लेने वाले सभी पक्षों से अपील की है कि वे इस आदेश का पालन करें और शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया में सहयोग करें। प्रशासन ने यह भी कहा है कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है, और इसे सफल बनाने में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रशासन का यह कदम सुनिश्चित करेगा कि मतदाता बिना किसी दबाव या बाधा के अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

# मतगणना के बाद प्रत्याशियों एवं समर्थकों के बीच कहीं खुशी-कहीं गम, सुबह से मध्य रात्रि तक चली मतगणना

निज संवाददाता | रजौली ( नवादा )



अनुमंडल के चार प्रखंडों रजौली, सिरदला, मेसकौर और गोविंदपुर में पैक्स चुनाव की मतगणना बुधवार की रात 12 बजे तक चली। इस दौरान प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के बीच जहां एक ओर खुशी का माहौल था, वहीं दूसरी ओर हारने वाले प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के चेहरे पर मायूसी भी देखी गई। इस मतगणना में चारों प्रखंडों के अधिकांश पंचायतों में निवर्तमान पैक्स अध्यक्षों ने पुनः जीत हासिल की। रजौली प्रखंड के नगर पंचायत से रामनंदन सिंह ने सुनीता कुमारी को 243 मतों से हराया, वहीं बहादुरपुर पंचायत में विक्रम कुमार ने प्रदीप कुमार को 12 मतों से हराया। मुरहेना पंचायत में वीरेंद्र कुमार ने संतोष वर्मा को 125 मतों से हराया, जबकि अमावां पूर्वी पंचायत से रजनीकांत रवि ने इन्द्रदेव प्रसाद यादव को 938 मतों से हराया। इसी तरह रजौली पश्चिमी पंचायत में अमित कुमार ने कुंदन कुमार को 170 मतों से हराया, लेंगुरा पंचायत से पवन कुमार ने कमल किशोर बिंदु को 447 मतों से हराया। सवैयाटांड़ पंचायत से रियाजुद्दीन ने मुख्तार आलम को 39 मतों से हराया और रजौली पूर्वी पंचायत में अनिल प्रसाद सिंह ने नंदकिशोर यादव को 193 मतों से हराया। सिरदला प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मतगणना के बाद विजेता प्रत्याशी सामने आए। अकौना पंचायत से राजकुमार प्रसाद ने बीरेंद्र प्रसाद यादव को 10 मतों से हराया। अब्दुल पंचायत से आरती कुमारी ने इन्द्रदेव कुमार को 76 मतों से हराया, जबकि उपरडीह पंचायत से संतोष कुमार ने प्रमोद कुमार को 6 मतों से हराया। गोविंदपुर प्रखंड में भी मतगणना के बाद परिणाम सामने आए। गोविंदपुर पंचायत से तुलसी प्रसाद यादव ने मंटू कुमार को 177 मतों से हराया। बनिया बिगहा पंचायत से रामेश्वर प्रसाद ने जीरा देवी को 13 मतों से हराया, जबकि बकसौती पंचायत से कृष्ण प्रसाद यादव ने जीरा देवी को 13 मतों से हराया। मेसकौर प्रखंड के तहत विभिन्न पंचायतों के परिणाम भी घोषित किए गए। तेतरिया पंचायत से मनोज कुमार ने अनिल कुमार को 140 मतों से हराया। अक्तरी पाण्डेय बिगहा पंचायत से मो फिरोज ने पूनम कुमारी को 44 मतों से हराया, जबकि बीसीआइत पंचायत से प्रमोद कुमार पंकज ने शोभा कुमारी को 192 मतों से हराया। इस प्रकार, रजौली, सिरदला, मेसकौर और गोविंदपुर प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में पैक्स चुनाव का परिणाम सामने आया और प्रत्याशियों के चेहरे पर खुशी और गम की लहर दौड़ी।

# साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए आवश्यक दस्तावेज़ और निर्देश जारी

निज संवाददाता | नवादा

जिला हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ विमेन के तहत वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, लेखा सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर और एमटीएस पदों के लिए साक्षात्कार 09 दिसंबर 2024 को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस-सह-नोडल पदाधिकारी, मिशन शक्ति, नवादा, श्रीमती निरूपमा शंकर ने दी। इन पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन संख्या 02/2024 के तहत ई-मेल के माध्यम से आवेदन मांगे गए थे। साक्षात्कार अपर समाहर्ता, नवादा के कार्यालय कक्ष में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। चयन प्रक्रिया जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा निर्धारित औपबंधित मेधा सूची के अनुसार की जाएगी। यह प्रक्रिया विभागीय मार्गदर्शिका 2092 के निर्देशों का पालन करते हुए पूरी की जाएगी। मेधा सूची के आधार पर रिक्त पदों के लिए पांच गुना अधिक अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। साक्षात्कार में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आवासीय प्रमाण-पत्र, आरक्षित वर्ग के जाति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो), अनुभव प्रमाण-पत्र, फोटोयुक्त पहचान-पत्र (जैसे आधार कार्ड), और अन्य आवश्यक कागजात की मूल प्रति और स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति (दो सेट) के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे साक्षात्कार के दिन समय से उपस्थित हों। अनुपस्थिति की स्थिति में दोबारा मौका नहीं दिया जाएगा। अद्यतन जानकारी और निर्देश एनआईसी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे। यह सूचना कार्यालय ज्ञापांक-153/जि.प्रो./ दिनांक 18.11.2024 के अनुसार संशोधित मानी जाएगी। प्रशासन ने साक्षात्कार प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने का भरोसा दिलाया है ताकि योग्य अभ्यर्थियों का चयन सुनिश्चित हो सके।

# तिलहन सरसों कार्यक्रम के अंतर्गत कृषक वैज्ञानिक वार्तालाप और प्रक्षेत्र निरीक्षण



निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल, नवादा के द्वारा समूह अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण (तिलहन सरसों) कार्यक्रम अंतर्गत नारदीगंज प्रखंड के फलडु ग्राम में कृषक वैज्ञानिक वार्तालाप सह प्रक्षेत्र निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चावल विकास निर्देशालय, पटना भारत सरकार के विशेषज्ञ डा. अरविंद कुमार, मोहित देहेरिया, वरीय तकनीकी सहायक, और डा. जयवंत कुमार सिंह, वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान कृषि विज्ञान केंद्र नवादा ने किसानों से बातचीत की और उन्हें योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान 25 एकड़ में लगाए गए सरसों के रकबे का निरीक्षण किया गया और किसानों द्वारा किए गए कार्य की सराहना की गई। इस दौरान कृषि विभाग नवादा के प्रेमलता कुमारी (फार्म) कृषि कोऑर्डिनेटर, रवि कांत चौबे एस एम एस (सस्य), कृषि विज्ञान केंद्र नवादा, किसान सलाहकार और अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को तकनीकी जानकारी प्रदान करना और उनकी फसल की गुणवत्ता को सुधारने के उपायों पर चर्चा करना था।

# निर्विरोध पैक्स अध्यक्ष बने अमरेंद्र प्रसाद सिंह का पंचायतवासियों ने किया जोरदार स्वागत

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड के जोगियामारण पंचायत से निर्विरोध चुने गए पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र प्रसाद सिंह का पंचायतवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मतगणना के बाद जब अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने प्रमाण पत्र लिया, तो जैसे ही वे मतगणना केंद्र से बाहर निकले, पंचायत के सैकड़ों किसान भाइयों ने उन्हें फूलों की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद पंचायतवासियों ने उन्हें गले लगाकर बधाइयाँ दीं और उन्हें मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दिन का उत्सव देर रात तक चलता रहा, जहाँ लोग एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मना रहे थे। पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने इस अवसर पर कहा कि वे लगातार चार बार से जोगियामारण पंचायत से पैक्स अध्यक्ष के रूप में चुने जा रहे हैं, जो उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन चुनावों में वे अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर चुनाव जीते थे, लेकिन इस बार पंचायतवासियों ने उनके कार्यों और नेतृत्व क्षमता को देखकर उन्हें निर्विरोध रूप से चुने जाने का अवसर दिया है। इस बार जोगियामारण पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद के लिए कुल तीन लोगों ने नामांकन दाखिल किया था। हालांकि, पंचायतवासियों ने अमरेंद्र प्रसाद सिंह की कार्यशैली, ईमानदारी और कड़ी मेहनत को देखकर इस बार भी उन्हें पैक्स अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया। नामांकन वापसी के अंतिम दिन, अमरेंद्र सिंह के अलावा दोनों अन्य प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिससे वे निर्विरोध रूप से चयनित हो गए। पैक्स अध्यक्ष के रूप में प्रमाण पत्र मिलने के बाद बधाइयों का तांता लग गया। बधाई देने वालों में भाजपा मण्डल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन, समाजसेवी कुंदन सिंह, पल्लू सिंह, मुन्ना सिंह, दिलीप यादव, और अन्य पंचायतवासी भी शामिल थे। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष के पुत्र और समाजसेवी कुंदन सिंह ने पंचायतवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें इस जीत और समर्थन के लिए सभी का धन्यवाद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे जोगियामारण पंचायत के हर किसान, हर नागरिक की जीत है। उन्होंने यह भी कहा कि जोगियामारण पंचायत के लोगों का समर्थन और सहयोग उनके लिए हमेशा प्रेरणादायक रहा है, और इस प्यार के बदले वे पंचायत के विकास के लिए निरंतर काम करते रहेंगे। पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान पंचायत में किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि वे हमेशा अपने पंचायतवासियों के हित में काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य पंचायत के हर व्यक्ति की भलाई है, और वे भविष्य में भी इसी प्रकार से पंचायतवासियों की सेवा करने के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस पद पर निर्विरोध चुने जाने का अवसर पंचायतवासियों के विश्वास और समर्थन से मिला है, और वे इसे अपनी बड़ी जिम्मेदारी मानते हुए पंचायत के विकास में योगदान देंगे। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि पंचायत में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और हर कार्य सही दिशा में चले। उन्होंने अंत में कहा कि उन्हें विश्वास है कि पंचायतवासी इस विश्वास को निरंतर बनाए रखेंगे और वे साथ मिलकर जोगियामारण पंचायत को और बेहतर बनाएंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### कुंभ मेला में जिले के मठों को भी भूमि आवंटित

**आरा**| प्रयागराज में लगने वाले विश्वविख्यात कुंभ मेला में शिविर के लिए भोजपुर जिले के मठों को भी भूमि आवंटित की गयी है। संतों ने बताया कि धरती के सबसे बड़े मानव कल्याण कुंभ मेले के भूमिपूजन तीर्थराज प्रयाग के पावन धरती पर हेमंत ऋतु के आगमन पर संत भगवान के करकमलों द्वारा एकादशी तिथि मंगलवार को हुआ। कुंभ मेले के लिए भूमिपूजन और संतों के बीच भूमि आवंटित किया गया। इसमें भोजपुर के मठाधीश को भी भूमि आवंटित की गयी है। जिसमें बैसाडीह मठ के महंथ कृष्णदेवाचार्य जी महाराज, सोनवर्षा मठ के महंथ रंगानाथाचार्य, बनाली मठ के मठाधीश चतुर्भुजाचार्य उर्फ चंदन जी महाराज, पेरहाप मठ के महंथ विष्णुवितचार्य हैं।

### पीजी सेमेस्टर-थ्री का रिजल्ट जारी

**आरा**| वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर (पीजी) सेमेस्टर थ्री, सत्र 2022-24 का रिजल्ट जारी कर दिया है। विद्यार्थी अपना रिजल्ट विश्वविद्यालय के पोर्टल पर देख सकते है। परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवारुल हकअंसारी ने बताया कि परीक्षा संचालन और रिजल्ट प्रकाशन के लिए परीक्षा विभाग युद्ध स्तर से कार्य कर रहा है।

### वीकेएसयू में डॉ अक्षयबर सिंह के निधन पर शोक सभा

**आरा**| वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर लोक प्रशासन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ.) अक्षयवर सिंह के निधन पर विश्वविद्यालय और लोक प्रशासन विभाग में शोक सभा हुआ। दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। शोक सभा में लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.रमेश सिंह, प्रो कुन्दन कुमार सिंह, प्रो उमेश कुमार , प्रो अनिल श्रीवास्तव, डॉ.रमेश कुमार , डॉ. अमीर महमूद, रिसर्च स्कॉलर डॉ.धर्मराज मिश्र, कुमार आशुतोष,अमरजीत कुमार, संजय कुमार गुप्ता, तनवीर,अहिस, नीरज सहित कई शामिल थे।

### पिस्टल लेकर बारात में जा रहा आरोपी गिरफ्तार

**आरा**। गजराजगंज थाना की पुलिस ने मंगलवार की रात वाहन जांच के क्रम में पिस्टल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी गजराजगंज थाना क्षेत्र के कारीसाथ गांव के निवासी सूरज कुमार है। वह कारीसाथ गांव के निवासी सतयुग सिंह का पुत्र है। एसपी श्रीराज ने बताया कि गजराजगंज थाना की पुलिस ने आरा बक्सर फोरलेन पर थाना क्षेत्र के सरफाफर गांव के पास मंगलवार की रात वाहन चेकिंग कर रही थी। उसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक बाइक से बरात जा रहा है और उसके पास



पिस्टल है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उक्त बाइक को रोककर जब उसका तलाशी लिया तो उसके पास से एक पिस्टल बरामद हुआ। पुलिस ने पिस्टल को जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पूर्व का इतिहास का पता लगाया जा रहा है। आरोपी को जेल भेज दिया गया। जिले के सभी थाना के थानाध्यक्षों को अपने अपने क्षेत्र में निरंतर वाहन चेकिंग करने का निर्देश दिया गया है। और सभी थाना के थानाध्यक्ष चेकिंग कर भी रहे हैं। जिसमें निरंतर शराब और अवैध हथियार को बरामद करते हुए आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा रहा है।

### बिजली कंपनी के मानव बल 30 तक काली पट्टी लगा करेंगे कार्य

**बक्सर**। अपनी मांगों को लेकर 30 नवंबर तक बिजली कंपनी में कार्य कर रहे मानव बल काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। सोमवार को सुबह 10 बजे से हीं जिले के विभिन्न इलाकों में स्थित बिजली कंपनी के पावर सब स्टेशन में काला पट्टी लगाकर सांकेतिक हड़ताल पर चले गए। मानव बलों का कहना था कि सम्मानजनक वेतन की मांग को लेकर हम सभी फिलहाल सांकेतिक हड़ताल पर चले गए हैं। यदि मांगे नहीं मानी गई तो स्थायी हड़ताल किया जाएगा। बिजली कंपनी में कार्य कर रहे मनोबलों का



कहना है कि हम लोग जमीन स्तर पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन फिर भी हम लोगों का सम्मानजनक वेतन नहीं मिल रहा है। इसलिए 25 नवंबर से 30 नवंबर तक काला पट्टी लगाकर काला दिवस मनाएंगे। यह हमलोगों के यूनियन का फैसला है। बिहार सरकार को जगाने की काम किया जा रहा है। मानव बालों का कहना था कि 11 वर्षों से हम लोगों को खलासी के पदों पर बहाल किए गए थे। काम हम लोगों से हाई स्किल्ड का लिया जाता है। जबकि वेतन 9300 रूपए दिया जाता है। मनोबलों का कहना था अभी सांकेतिक हड़ताल है। यदि हमलोगों की मांगे नहीं मानी गई तो आगे धरना प्रदर्शन व पूर्ण हड़ताल की जाएगी। यदि उपभोक्ता का कार्य बाधित होता है तो इसकी जिम्मेवारी बिहार सरकार की होगी।

### श्रीराम मंदिर में नौ दिवसीय रामकथा का हुआ आयोजन

**ब्रह्मपुर**| हरनाथपुर पंचायत के उधुरा ग्राम स्थित श्रीराम मंदिर में श्रीसीताराम विवाहोत्सव के शुभावसर पर बुधवार को श्रीराम कथा की शुरुआत हुई।27 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलने वाले राम कथा का रस वृन्दावन से पधारे डॉ स्वामी उमानंदजी महाराज के मुखारविंद से हो रहा है।उन्होंने ने ठाकुर जी के चरणारविन्द में निवेदन करते हुए श्रीरामचरितमानस को मुख्य यजमान सुरेश बंसल को सिर पर धारण कराया। मानस भगवान को सभी श्रद्धालु मंदिर की परिक्रमा करते हुए व्यासपीठ पर आसीन किये। मंदिर के महंत भरतदासजी महाराज ने धर्म मंच का उद्घाटन किया। उमानंदजी महाराज ने व्यासपीठ से बोलते हुए कहा कि जहां हनुमान जी महाराज विराजमान रहते हैं, वहां रामकथा होती ही है। कलिकाल में रामकथा के श्रवण



मात्र से भवताप से मुक्ति मिलती है।सीताराम विवाह उत्सव में अयोध्या के संत महामंडलेश्वर शिवरामदास उपाख्य फलाहारी बाबा का आगमन होने वाला है जिनके नेतृत्व में सीताराम विवाह उत्सव संपन्न होगा।इस अवसर पर मंदिर के पुजारी जगदीशदास, विजय गोयल, गोलू मिश्र, विजय कुमार मिश्र, राजू मिश्र, जगदीश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश राय ने किया।

### काजीपुर के मुखिया पर रिश्वत मांगने का आरोप

**बक्सर**। बक्सर जिले सिमरी प्रखंड के काजीपुर पंचायत के मुखिया इम्तियाज अंसारी पर इंदिरा आवास योजना की राशि में से रिश्वत के तौर पर 10 हजार रुपये मांगने का आरोप सही साबित होता दिख रहा है। इस मामले में एसडीएम राकेश कुमार की ओर से बुधवार को जांच पूरी कर ली गई। एसडीएम ने बताया कि प्रथमदृष्टया आरोप सही पाए गए हैं और विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल को सौंप दी गई है। मामला तब उजागर हुआ जब काजीपुर निवासी मजदूर परिवार की उषा देवी ने आरोप लगाया कि मुखिया ने पहली किश्त जारी होने पर 10 हजार रुपये की मांग की थी और अब दूसरी किश्त जारी होने पर फिर से 10 हजार रुपये मांग रहे थे। जब उषा देवी ने पैसे देने से इनकार किया, तो मुखिया ने उनकी राशि वापस कर देने की धमकी दी। पीड़िता ने बातचीत का ऑडियो रिकॉर्ड कर सार्वजनिक कर दिया, जो तेजी से वायरल हो गया। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच का आदेश दिया था। एसडीएम के नेतृत्व में बनी टीम ने जांच पूरी कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी है। अब जिलाधिकारी की ओर से आगे की कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए जाएंगे। इस घटना ने काजीपुर पंचायत में हड़कंप मचा दिया है, और प्रशासन की नजर इस मामले पर है।

# मारपीट में एक ही परिवार के आठ लोग जख्मी

निज संवाददाता। आरा



♦ आरा में आपसी विवाद में लाठी–डंडे से पीटा, मामले की जांच में जुटी पुलिस

भोजपुर के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के झोकीपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर एक ही परिवार के आठ लोगों की लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मारपीट के दौरान शादी में आए रिश्तेदार की भी पिटाई कर दी गई। अन्य लोगों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया। उसके बाद परिजन की ओर से उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। दूसरी ओर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घायलों में कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के झोकीपुर गांव निवासी अखिलेश कुमार सिंह, उनका बेटा राहुल सिंह, स्व भीरगु नाथ महतो के बेटे कमलेश कुमार महतो, किशोरी प्रसाद सिंह के बेटे मुकेश रंजन, कमलेश कुमार महतो का बेटा अभिषेक कुमार, बेटी इंदु कुमारी, किशोर प्रसाद सिंह की पत्नी फूलापति देवी व उत्तर प्रदेश के बलिया जिला के डोकटी थाना क्षेत्र के संदीप कुमार की बेटी प्रिया मौर्य शामिल है।

**चार कट्ठा जमीन को लेकर दो साल से विवादः** घायल अभिषेक कुमार ने बताया कि चार कट्ठा जमीन को लेकर करीब दो साल से पट्टीदार से ही विवाद चल रहा है। उसी जमीन पर उन लोगों ने धान की खेती गई थी। जिसे उन लोगों की ओर से चार दिन पूर्व काटा गया था और धान का बोझा खेत में ही रख दिया गया था। जब वे लोग धान का बोझा खेत से उठाने गए। तभी पट्टीदार की ओर से धान उठाने से मना किया जाने लगा और कहा जाने लगा कि यह खेत हम लोगों का है। इसी बात लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसके बाद पट्टीदार ने सभी लोगों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई।

**घायल अस्पताल में भर्तीः** पिटाई से सभी जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। दूसरी ओर जख्मी अभिषेक कुमार ने पट्टीदार के लोगो पर ही पूर्व से चले आ रहे चार कट्ठा जमीन व धान उठाने से मना का विरोध करने पर सभी लोगों को लाठी-डंडों से मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### ऑटो से निकाला सिर, ट्रैक्टर की टक्कर से हुई मौत

निज संवाददाता। आरा



♦ प्रॉपर्टी डीलर की हादसे में हुई मौत; दिल्ली से सुबह पहुंचे थे स्टेशन, जा रहे थे घर

आरा-बड़हरा मार्ग पर ऑटो सवार शख्स ने जैसे ही सिर बाहर निकाला, पास से गुजर रहे एक ट्रैक्टर से उनका सिर टकरा गया, जिससे शख्स की मौत हो गई। हादसा शहर के टाउन थाना क्षेत्र के गांगी पुल के पास की है। मृतक गुरुवार सुबह दिल्ली से ट्रेन के जरिए आरा स्टेशन उतरा था और ऑटो से अपने घर जा रहा था। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस के मुताबिक, हादसे के बाद ट्रैक्टर समेत चलाकर फरार हो गया। मृतक की पहचान 64 साल के रमेश प्रसाद के रूप में हुई है। रमेश मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चित्रसेनपुर (दौलतपुर) गांव के रहने वाले थे। मृतक के बेटे आनंद कुमार ने बताया कि मेरे पिता 21 नवंबर को किसी काम से दिल्ली गए थे। बुधवार शाम को उन्होंने दिल्ली से आरा के लिए ट्रेन पकड़ी और गुरुवार सुबह आरा स्टेशन पर उतरे। यहां आने के बाद वे शेयरिंग ऑटो पर बैठे और घर लौट रहे थे। आनंद ने बताया कि ऑटो ड्राइवर ने पिता को किनारे बैठाया था। जैसे ही ऑटो गांगी पुल के पास पहुंची। शायद भीड़ की वजह से उन्होंने अपना सिर बाहर निकाला। इसी दौरान दूसरी ओर से आ रहे ट्रैक्टर ने उनके सिर में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही दम तोड़ दिया। आनंद ने बताया कि घटना की सूचना सदर अस्पताल में मौजूद पुलिस पदाधिकारी को दी गई। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और घटना की जानकारी ली। आनंद ने बताया कि घर में मां फुलटुसा देवी और आठ बहनें हैं।

### भोजपुर में चाकूबाजी में तीन दोस्त घायल

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर स्थित जनता कला मंच के पास बुधवार की देर शाम लूडो खेलने के दौरान विवाद हुआ। पहले तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर चाकूबाजी कर दी। जिसमें एक पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक को हिरासत में ले लिया है। परिजनों ने घायलों को आनन-फानन में कोईलवर पीएचसी से आरा शहर के धरहरा स्थित निजी अस्पताल लाया गया। यहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद एक की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। दो का इलाज धरारा स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर नगर वार्ड नंबर-4 निवासी राज कुमार राय का बेटा रवि कुमार (20), बिरल राय का 24 वर्षीय बेटा अमरजीत कुमार व नथून राय का 18 वर्षीय बेटा विकाश कुमार शामिल है।

**मामले की जांच में जुटी पुलिसः** सूचना मिलते ही कोईलवर थाना अध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार की देर शाम दोनों पक्ष के लोग कोईलवर वार्ड नंब- 6 स्थित जनता कला मंच के पास लूडो खेल रहे थे। लूडो खेलने के दौरान ही उनके बीच विवाद हो गया। कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि लूडो खेलने के दौरान उनके बीच विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष ने चाकूबाजी कर दी और तीन लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक को हिरासत में ले लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

## बक्सर के खरहाटांड़ पैक्स चुनाव में गड़बड़ी का आरोप

निज संवाददाता। बक्सर



♦ प्रत्याशी बोले-417 पोल होने के बाद 341 बैलेट पेपर मिला, अधिकारी ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

बक्सर के सिमरी प्रखंड के खरहाटांड़ पैक्स चुनाव में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। मंगलवार को होने वाले मतदान में पीठासीन पदाधिकारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने मतदान केंद्र पर 417 मत डालने की सूचना दी थी। हालांकि, बुधवार को मतगणना के दौरान मतपेटी से केवल 341 मतपत्र ही पाए गए। इस तरह, 76 वोट कम निकलने से चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। इस अनियमितता को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। प्रखंड निर्वाची अधिकारी सह शशिकांत शर्मा ने इसे गंभीर मामला मानते हुए पीठासीन अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही, उन्होंने विभागीय कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी है।

**76 वोट में गड़बड़ी का आरोपः** अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी रहे चैतन्य प्रकाश ओझा द्वारा बताया गया की वो इस धांधली को लेकर हाईकोर्ट में जायेंगे। क्यों की यहां कल से ही शिकायत का कोई सुनवाई नहीं हो रहा है। 76 मतों का जो गड़बड़ी हुआ है वो सिमरी बीडीओ को दिखाना पड़ेगा।जिसको लेकर बीडीओ को आवेदन भी दिया गया है। जो करना है आज ही कर दीजिए। हालांकि अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुआ है। हमलोग की मांग यही है की फिर से री इलेक्शन कराया जाए।

**417 पोल होने के बाद 341 बैलेट पेपर मिलाः** खरहाटांड़ पंचायत के मुखिया रामनरायण कुमार द्वारा बताया गया की इसमें सिमरी बीडीओ द्वारा धांधली किया गया है और फंसाया छोटी मछली को जा रहा है। बताया की 26 नवंबर को जब मतदान हो रहा था तो उस समय पीठासीन अधिकारी द्वारा पल पल का अपडेट दिया गया। मतपेटी सिल करने के दौरान भी 417 पोल होने की बात कहकर साइन भी कराया गया। बज्र गृह में भी रखने के दौरान 417 पोल को लेकर रखते हुए साइन कराया गया।लेकिन गिनती के समय टेबल पर 341 बैलेट पेपर मिला। जिसका विरोध करने पर भी गिनती करा सर्टिफिकेट दे दिया गया।

**दोषियों पर सख्त कार्रवाई का दिया आश्वासनः** सिमरी प्रखंड निर्वाची अधिकारी शशिकांत शर्मा ने पहली नजर में इस गड़बड़ी के पीछे पीठासीन अधिकारी की गलत रिपोर्ट को जिम्मेदार माना है। अब यह जांच की जा रही है कि मतपत्रों की संख्या में इस विसंगति का कारण कहां और कैसे हुआ। चुनाव में इस तरह की गड़बड़ी ने स्थानीय स्तर पर चर्चा को जन्म दे दिया है। मतदाता और उम्मीदवार इस मामले में पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि मामले की निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना चुनावी प्रक्रियाओं की सुरक्षा और सटीकता पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

## 65% रिजर्वेशन लागू करने को लेकर राजद का धरना

निज संवाददाता। बक्सर



♦ RJD नेता बोले-आरक्षण देने के मामले में नीतीश कुमार की सरकार उदासीन, लागू नहीं हुआ तो होगा चरणबद्ध आंदोलन

बक्सर में 65 फीसदी आरक्षण को लेकर राजद की ओर से गुरुवार को एक दिवसीय धरना दिया गया। जिले के अंबेडकर चौक के पास सैकड़ों की संख्या में धरने पर बैठे राजद के लोगों ने नीतीश कुमार की सरकार को आरक्षण विरोधी बताया। एक दो दिवसीय धरना का नेतृत्व बक्सर राजद के जिला अध्यक्ष शेषनाथ सिंह ने किया। धरने के दौरान मौजूद राजद नेताओं ने कहा कि सरकार 65 प्रतिशत आरक्षण लागू करे, नहीं तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष शेषनाथ सिंह की ओर से बताया गया कि अरबों रुपया खर्च करके जातीय जनगणना बिहार में कराया गया था। उस समय नीतीश कुमार की ही सरकार थी। राजद सहयोगी पार्टी के रूप में थी। यह पैसा गरीब किसान, मजदूर की खून पसीने की कमाई थी। लेकिन इसका लाभ गरीबों, मजदूरों को नहीं मिला, क्योंकि ये तय हुआ था कि 65 प्रतिशत हम आरक्षण बढ़ा के देंगे। लेकिन बिहार में नीतीश कुमार की सरकार आज तक उसे ठंडे बस्ते डाल कर रखी हुई है। उसके विरोध में हमारा यहां धरना जारी है, जो तब तक लगातार चालू रहेगा जब तक कि सरकार इसको लागू नहीं कर देती है।

**आरक्षण नहीं मिलने से दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्ग को नहीं मिल रहा लाभः** राजद नेता संतोष भारती की ओर से कहा गया कि 65 प्रतिशत आरक्षण देने के मामले में सरकार उदासीन है। इसके चलते दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। पात्र वर्ग को आरक्षण दिलाने की लड़ाई राजद अंतिम दम तक लड़ेगी। धरना के माध्यम से राज्यपाल को आरक्षण का मामला बताने का काम करेंगे। आरक्षण का लाभ लाभुकों को मिलना चाहिए। आरक्षण को लेकर पहले राजद के सुप्रीमो लालू प्रसाद ने लड़ाई थी, आज हम कार्यकर्ता लड़ रहे हैं। एक दिवसीय धरने में इफ्तेखार अहमद उर्फ डुडु, आनंद रंजना, सत्येंद्र अजाद, अर्जुन यादव, भीम पासवान, उमाशंकर सिंह, ददन पासवान, विनोद यादव, विनोद कुमार उर्फ मंटू ,शिव बच्चन यादव, डॉक्टर गौरी सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हथियार के साथ एक बदमाश रंगे हाथ गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के गजराजगंज ओपी पुलिस ने गजराजगंज ओवरब्रिज स्थित सरफाफर मोड़ के समीप से अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को रंगे हाथ धर दबोचा है। इसकी जानकारी एसपी राज ने दी है। पकड़ा गया सुरज कुमार सिंह गजराजगंज ओपी के कारीसाथ गांव का निवासी है। इसे लेकर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस पूर्व के आपराधिक इतिहास के बारे में पता लगा रही है। हालांकि, अभी तक कोई केस सामने नहीं आया है। एसपी ने बताया कि अवैध हथियारों और शराब की बरामदगी को लेकर लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान वाहन चेकिंग के क्रम में पुलिस ने ने गजराजगंज ओवरब्रिज स्थित सरफाफर मोड़ के समीप से एक संदिग्ध सुरज कुमार को धर दबोचा।

**बारात में नाच देखने जा रहे थे बदमाशः** तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी पिस्टल बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि पकड़ा गया संदिग्ध बारात में अवैध हथियार लेकर जा रहा था। इससे पहले मोलाचक के समीप से पुलिस ने बाइक सवार दो संदिग्धों को अवैध हथियार समेत पकड़ा था। दोनों चौकीपुर के निवासी थे। वे भी बारात में नाच देखने के लिए अवैध हथियार लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में पकड़े गए थे।

### बाल विवाह मुक्त भारत पर कार्यक्रम

निज संवाददाता। आरा



भारत सरकार की ओर से नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत के बाद जिला प्रशासन ने दिशा एक प्रयास के सहयोग से रैलियों व शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद एडीसीपी आलोक कुमार गौतम ने भोजपुर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया। दिशा एक प्रयास, भोजपुर बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैर सरकारी संगठनों के देशव्यापी गठबंधन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' का सहयोगी संगठन है। भारत सरकार के नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के उद्घाटन के मौके पर जिला प्रशासन ने भोजपुर में बाल विवाह के खिलाफ काम कर रहे गैर सरकारी संगठन दिशा एक प्रयास के साथ मिलकर जागरूकता रैलियों का आयोजन किया और लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। दिशा एक प्रयास, भोजपुर बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 400 से भी ज्यादा जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी सदस्य है। इस मौके पर दिशा एक प्रयास, भोजपुर के कार्यालय में हुए समारोह में एडीसीपी आलोक कुमार गौतम ने स्कूली बच्चों, महिलाओं और पंचायत प्रतिनिधियों व अन्य को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। जिले में जगह-जगह हुए कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) के अलावा बाल विवाह पीड़िताओं ने भी भागीदारी की और बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली।

## पैक्स चुनाव में इसबार भी पुराने चेहरे पर भरोसा

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर में जीत का जश्न और आतिशबाजी से गूंजा क्षेत्र, देर रात तक आया परिणाम

बक्सर में पैक्स चुनाव का मतगणना रात 12 बजे तक जारी रहा। इसको लेकर प्रखंड मुख्यालय पर लोगों की भीड़ देर रात तक जमी रही। जीत की घोषणा के साथ ही जयकारे से क्षेत्र गूंजता रहा। वहीं, पूरी रात जीत की जश्न में जमकर कर आतिशबाजी भी की गई। हालांकि इस दौरान प्रखंड मुख्यालय में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। चौसा प्रखंड में सभी सात सीटों पर पैक्स अध्यक्ष को निर्वाचित घोषित करने में रात के एक बजे गए। राजपुर प्रखंड में रात 11 बजे तक मतगणना जारी रहा। हालांकि चुनाव परिणाम में यह साफ हो गया कि छह प्रखंड के अधिकतर अध्यक्ष पदों के सीट पर पुराने चेहरे ही फिर से काबिज हो पाए है।कुछ जगहों पर मतदाताओं ने नए चेहरे को भी मौका दिया है।

**सिकरौल में 45 साल से अध्यक्ष पद पर एक ही परिवार का कब्जाः** चौसा प्रखंड में सात पैक्स का चुनावी मतगणना के बाद सभी परिणाम देर रात तक घोषित कर दिया गया। रामपुर में रिंकू देवी ने जीत हासिल की तो वहीं सरेंजा से शशिभूषण राय ने परचम लहराया। सिकरौल पैक्स अध्यक्ष की कुर्सी 45वें साल भी एक परिवार के पास बरकरार रही। जबकि चुन्नी में उर्जेश राय तो जलीलपुर में राजेश राय जैसे नए चेहरे पर लोगों ने भरोसा दिखाया।

**राजपुर प्रखंड में किसी ने लगाया हैट्रिक तो किसी ने गंवाई कुर्सीः** राजपुर प्रखंड के 17 पंचायतों में पहले राउंड में शुरू हुई मतगणना में बारूपुर पंचायत से भरत सिंह ने 519 मत प्राप्त कर जीत हासिल किया। मंगराव में राजेश कुमार सिंह को 905 मत मिले। नागपुर पंचायत में लगातार चौथी बार अंगद सिंह अध्यक्ष पद के निर्वाचित हुए। खीरी पंचायत से रामाशंकर राय भी चौथी बार चुने गए। तियरा पंचायत से सरिता देवी ने जीत हासिल की। देवढ़िया पंचायत से लगातार तीसरी बार जीत धर्मेंद्र सिंह हासिल किए। राजपुर पंचायत से पैक्स अध्यक्ष बिपिन बिहारी सिंह बने। अकबरपुर पंचायत से लगातार चौथी बार उमेश चंद्र राय जीते। रसेन पंचायत से वर्तमान व्यापार मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शुक्ला जीते। हरपुर पंचायत से शैलेश कुमार दूबे, बन्नी से अनिल सिंह, धनसोइ से रविभूषण सिंह, खरहना से अध्यक्ष पद के लिए जय प्रकाश पांडेय आदि विजय घोषित किए गए। इनको प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी की ओर से प्रमाण पत्र देकर बधाई दी गई। ब्रह्मपुर, सिमरी, चौगाई, चक्की प्रखंड सहित अधिकतर जगहों पर पुराने लोगों पर ही लोगों ने भरोसा किया है। जैसे ही जीत की घोषणा हुई। समर्थक उछलने लगे और अपने जीते प्रत्याशी को फूल माला और अबीर गुलाल लगा जमकर नारे बाजी करते दिखे।

# सिलेंडर ब्लास्ट के मामले में FIR दर्ज, पिता-बेटे की हुई थी मौत

## FSL रिपोर्ट का इंतजार कर रही पुलिस




**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर के खरमनचक मोहल्ले में 3 दिन पहले सिलेंडर ब्लास्ट से पिता-बेटे की मौत हुई थी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। मृतक कृष्ण कुमार झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला के आवेदन पर पुलिस ने केस दर्ज किया। साथ ही एफएसएल के रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। खरमनचक स्थित जय केदार रेस्टोरेंट में सोमवार की सुबह शॉर्ट सर्किट के बाद सिलेंडर ब्लास्ट हुआ था। दो दिन बाद परिजनों ने पुलिस को आवेदन दिया। हालांकि, इसमें किसी पर कोई आरोप नहीं था।

**बुधवार को परिवार के सदस्य पहुंचे थाना:** थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर कृष्णानंद कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार रात परिवार के लोग थाना पर पहुंचे थे। जहां उन्होंने घटना के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन में सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे वीडियो के आधार पर ही घटना का उल्लेख किया गया है। जिसमें किसी भी प्रकार का आरोप नहीं लगाया गया है। मामले में FSL रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद ही घटना का खुलासा हो सकेगा। बुधवार को कृष्ण कुमार झुनझुनवाला की बेटी US से भागलपुर पहुंचे। जहां एक बार फिर परिजनों के बीच माहौल गमगीन हो गया। परिजन फूट-फूट कर रो रहे थे। सोमवार की अहले सुबह शॉर्ट सर्किट की वजह से दुकान में आग लग गई थी। आग पर काबू पाने पहुंचे जयकेदार रेस्टोरेंट संचालक कृष्ण कुमार झुनझुनवाला और उनके बेटा जैसे कि रेस्टोरेंट के दरवाजे के पास पहुंचे। सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट में दोनों पिता-बेटा की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस FSL रिपोर्ट का इंतजार कर रही है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# समाहरणालय गेट पर प्रदर्शन, 4 प्रदर्शनकारी को मिली जमानत

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर के समाहरणालय गेट पर प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारी पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। साथ ही चार प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया था। मामले में दंडाधिकारी अवर निर्वाचन पदाधिकारी प्रेम शंकर कुमार के लिखित आवेदन पर केस दर्ज कराया गया था। गिरफ्तार आंदोलनकारी को थाना से ही जमानत देकर छोड़ दिया गया है।

पूरे घटनाक्रम में पुलिस ने संजीव कुमार सुमन, रामविलास यादव, निरंजन चौधरी, अभिमन्यु प्रसाद मंडल और मनोहर कुमार मंडल को नामजद आरोपी बनाया है। ये केंद्रीय ट्रेड यूनियन और संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर मंगलवार को समाहरणालय मुख्य गेट के समक्ष प्रदर्शन कर रहे थे।

**मजदूर-किसानों पर पुलिस ने लाठी चार्ज:** प्रदर्शन के दौरान मजदूर-किसानों पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। एसडीओ खुद लाठीचार्ज कर रहे पुलिस को इशारा कर प्रदर्शनकारी को पीटने का निर्देश देते नजर आये थे। जोगसर थाने की पुलिस ने चार प्रदर्शनकारी को हिरासत में ले लिया था।

भाकपा माले के नेताओं ने प्रदर्शन कर रहे मजदूर-किसानों पर हुए लाठी चार्ज की घटना की निंदा की। माले नेता प्रन महेश यादव ने कहा कि नीतीश व भाजपा शासन में नौकरशाहों का मनोबल चरम पर है। माले के नगर क प्रभारी व ऐक्टू के राज्य सचिव मुकेश मुक्त ने कहा था कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे मजदूर किसानों पर अचानक इस से तरह लाठी से पीटना कोई बहादुरी नहीं है।

## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)

**Email:- nphussainabad@gmail.com**

ज्ञापांक———————/दिंनाक——————

**आम सूचना**

अपर अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य निदेशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 328, दिनांक– 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत संचालित किये जाने वाले पूर्व में Urban Health and Welness Center/आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सक के चयन हेतु दिनांक– 12.12.2024 को नगर पंचायत हुसैनाबाद में अपराहन 01:00 बजे साक्षात्कार/Walk-In-Interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक चिकत्सक जो निम्नलिखित अहर्ता रखते हों, वे अपना Bio-Data उसी दिन पूर्वाहन 11:00 बजे कार्यालय में जमा कर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| क्रम सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 1 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 2 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 3 | उम्र सीमा | अधिक्तम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा। |
| 4 | मानदेय | रु0 63000/– (तिरसठ हजार रुपये मात्र) |
| 5 | कुल रिक्तियां | 02 (दो पद) |
| 6 | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 7 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जायेगी। | |
| 8 | Walk-In-Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 9 | कार्यदिवस झारखण्ड सरकार के द्वारा मान्य सभी कार्य दिवस | |

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 340666 District(24-25).D

## सड़क हादसे में अररिया के जख्मी युवक की हुई मौत

**भागलपुर**। सड़क हादसे में जख्मी अररिया के युवक रंजीत कुमार की मायागंज अस्पताल में मौत हो गई। मृतक अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र स्थित शेखपुरा दोमुहान घाट निवासी उपेंद्र राम का बेटा था। बुधवार की दोपहर मायागंज अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि बीते मंगलवार को बरहरा-रानीगंज एनएच पर हुए हादसे में रंजीत जख्मी हो गया था। बाइक से जाने के दौरान रंजीत ने पीछे से ट्रक में टक्कर मार दी थी। गंभीर रुप से जख्मी हालत में अररिया में प्राथमिक इलाज के बाद उसे मायागंज रेफर कर दिया गया था।

## फैब्रिकेटेड वार्ड में परिजनों के लिए वेटिंग हॉल खुला

**भागलपुर**। मायागंज अस्पताल स्थित फैब्रिकेटेड वार्ड में भर्ती मरीज के परिजनों के लिए वेटिंग हॉल खोल दिया गया है। बुधवार को वहां परिजनों के ठहरने के लिए रोशनी के इंतजाम करवा दिए गए हैं। टॉयलेट व पीने के पानी के लिए बिहार मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन को पत्र भेजा गया है। हॉस्पिटल मैनेजर सुनील कुमार गुप्ता ने कॉरपोरेशन को पत्र भेजे हैं। वहां से एजेंसी आकर काम करेगी। वेटिंग हॉल खुलने से यहां पेड़ किनारे खड़े रहनेवाले परिजनों को बड़ी राहत मिली है।

## दहेज हत्या के आरोपी ने किया सरेंडर

**भागलपुर**। दहेज हत्या के आरोपी ने बुधवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। मामला जगदीशपुर क्षेत्र का है। घटना इस वर्ष हुई थी। मामले में संतोष कुमार उर्फ सुमन यादव पर दहेज हत्या का आरोप है। दूसरी ओर हत्या के एक आरोपी निपेश कुमार ने कोर्ट में बेल की अर्जी थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। हत्या की घटना इसी वर्ष अकबरनगर क्षेत्र में हुई थी।

## टीएमबीयू ने उदय मिश्रा को नियुक्त किया नया लोकपाल

**भागलपुर**। मानविकी के पूर्व डीन और रिटायर्ड प्रोफेसर उदय कुमार मिश्रा को टीएमबीयू प्रशासन ने नया लोकपाल नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति तीन वर्षों या उनकी उम्र 70 वर्ष पूरी (दोनों में जो पहले हो) तक के लिए की गई है। इसकी अधिसूचना रजिस्ट्रार प्रो. रामाशीष पूर्वे ने बुधवार को जारी की। टीएमबीयू में यही पद 19 सितंबर से खाली था। तब प्रो. संजय कुमार झा ने लोकपाल के पद से निजी कारणों से इस्तीफा दे दिया था। जबकि उनसे पहले लोकपाल नियुक्त किए गए प्रो. योगेन्द्र को खुद विवि प्रशासन ने हटाया था क्योंकि वी लोकपाल के कुछ मानकों को पूरा नहीं कर रहे थे। करीब डेढ़ साल में लोकपाल के पद पर यह तीसरी नियुक्ति है।

## मेहरम 1 श्रेणी में महिलाएं नौ दिसंबर तक हज के लिए कर सकती हैं आवेदन

**भागलपुर**। वैसी महिला जिन्होंने हज के लिए जाने का इरादा तो किया था, लेकिन वे पासपोर्ट समय पर नहीं आने के कारण हज के लिए आवेदन नहीं कर सकी हो और बाद में फॉर्म की तिथि खत्म होने के बाद पासपोर्ट आ गया तो अब ऐसी महिला भी हज के लिए फॉर्म भर सकती हैं। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने ऐसी महिलाओं के लिए मेहरम श्रेणी में फॉर्म भरने की तिथि घोषित की गई है। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 9 दिसंबर तक है। हज यात्रियों के सलाहकार हाजी उमर फारूक ने बताया कि जिन महिला का 15.जनवरी 2026 तक अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट वैध हो। वे ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

## नल- जल का 60% घरों में कनेक्शन का कार्य पूर्ण:1 करोड़ 82 लाख 24 हजार 967 रुपए से बनेगी सड़क

**जमालपुर**। जमालपुर में शहरवासियों द्वारा लंबे समय से जर्जर हो चुकी सड़कों को नए सिरे से बनवाने की मांग आखिरकार बुधवार को पूरी हो गई। जमालपुर विधायक डॉ. अजय कुमार सिंह द्वारा अनुशंसित सदर बाजार के सड़कों की निविदा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही चयनित संवेदक के साथ नगर परिषद प्रशासन के द्वारा वर्क आर्डर का एग्रीमेंट भी पूर्ण कर लिया गया है। जमालपुर में विधायक प्रतिनिधि सांईं शंकर ने कहा कि विधायक के पहल का ही परिणाम है कि जमालपुर में अब जर्जर हो चुकी सड़कों का निर्माण शीघ्र शुरू करवाया जाएगा। कहा कि बुधवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम, बुडको के कार्यकारी अभियंता कामेश्वर प्रसाद, सहायक अभियंता ऋषिकेश कुमार सहित अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से सड़कों का निरीक्षण किया गया। जुबली वेल चौक से सदर फाड़ी, भारत माता चौक होते हुए गेट नंबर 6 तक सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा। सड़क निर्माण को लेकर 1 करोड़, 82 लाख, 24 हजार 967 रुपये की राशि प्राक्कलित की गई है। सड़कों के निर्माण का कार्य यहां अब जल्द शुरू कर दिया जाएगा। कहा कि अधिकारियों द्वारा नल जल योजना के तहत किए जा रहे कनेक्शन का भी जायजा लिया गया है। कहा कि 60% घरों में कनेक्शन का कार्य पूर्ण है। बाकी घरों में 1 सप्ताह के अंदर कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। कहा कि सड़क निर्माण कार्य नल जल कनेक्शन का कार्य पूर्ण हो जाने के उपरांत शुरू किया जाएगा।

## एक दिसंबर से सेल्फी मोड में लगेगी हाजिरी

**मुंगेर**। शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों की स्थिति में व्यापक सुधार को लेकर लगातार कदम उठा रहा है। स्कूल में बच्चों की उपस्थिति नियमित करने के साथ-साथ शिक्षकों की मौजूदगी पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में अब विभाग ने फैसला लिया है कि सभी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति फोटो युक्त बायोमेट्रिक से लगेगी। इसकी शुरुआत एक दिसंबर से ही की जाएगी। शिक्षा विभाग के अपर सचिव ने निर्देश दिया है कि स्कूल में गपशप करने वाले व मोबाइल देखने वाले शिक्षकों की संख्या कम है, लेकिन उनसे हम अपील करेंगे कि स्कूल में गपशप नहीं करें। साथ ही, एक दिसंबर से शिक्षकों के आने-जाने की निगरानी फोटो के साथ अटेंडेंस के माध्यम से होगी और जल्द ही विभाग एक एसओपी बनाकर जारी किया जाएगा। इसके माध्यम से बच्चों की शिकायत को सुलझाया जा सकेगा। एसओपी में बाल संसद, स्टूडेंट कमेटी के पास शिकायत निबटारा को लेकर गाइडलाइन बनाया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अनुसार सभी स्कूलों में वॉल पेंटिंग का काम होगा। इसे लेकर विभाग ने तैयारी कर ली है।

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ........ **आवश्यक सूचना** दिनांक ............

कार्यालय ज्ञापांक 3394 दिनांक 05.10.2024 द्वारा अल्पाकालीन आमंत्रित सूचना संख्या 14/वर्ष 2024–25 की निविदा आमंत्रित की गयी थी। विधान सभा चुनाव 2024 के आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कार्यालय ज्ञापांक 3520 दिनांक 16.10.2024 द्वारा निविदा स्थगित कर दी गयी थी। पुनः निविदा की तिथि निम्नवत् निर्धारित की जाती है :–

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 05.12.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 06.12.2024 को 11.00 बजे अपराह्न से 12.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 06.12.2024 को 01:00 बजे अपराह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।

निविदा संबंधित शेष शर्ते यथावत् रहेगी। जिसका PR – 339183 है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 340630 District(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

**निविदा रद्द करने संबंधी सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालिन ई–निविदा संख्या–EE/RDSD/LATEHAR/16/2024-25(2nd call) Gr_3 जिसका PR NO- 336947 है तथा यह दिनांक–24.09.2024 को प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR 340668 (Rural Development) 24-25 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
**Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com**

**निविदा रद्ध की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-03/2024-25,दिनांक–24.07.2024, (2nd Call) **Relocation of Defunct T/Well 125 x 115 mm dia and 60 mtr (av.) deep Drilled Tube well with installation of IM-II Hand pump, PCC Platform and 3.0 m. long drain on turnkey basic** कार्य जो **PR No. 330724 Drinking Water and Sanitation (24-25):D** द्वारा प्रकाशित है, ITB के कंडिका त्रुटी होने के कारण अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा को रद्ध किया जाता है :–

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गढ़वा

PR 340683 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

## JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

(CIN: U40108JH2013SGC001704)
OFFICE OF THE
GENERAL MANAGER TRANSMISSION ZONE – IV, MEDININAGAR
Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand
Email: gmtzdal@gmail.com

**E- Tender Notice**
**e-NIT No. 292/PR/ JUSNL/ 2024 – 25**

E- Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Construction of revetment at 400kV tower location no.16A & 16B in 132 kV D/C Bhagodih – Garhwa road transmission line. |
| Period of Work | 03 months |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs.5000+GST@18% i.e. Rs.5,900.00/- (Rupees Five thousand nine hundred) only(to be paid through online mode only) |
| Earnest Money Deposit (EMD) | Rs.62,000.00/- (Rupees Sixty two thousand only. (to be paid through online mode only) |
| Availability of Tender Documents on e-tender website | From 29.11.2024 at 02:00 PM to 21.12.2024 upto 3:00PM |
| Start Date and time of upload of BID | 29.11.2024 at 02:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 21.12.2024 upto 03:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 23.12.2024 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9771850485 for any enquiry.
2. **The bids will be received through electronic tendering mode only.**
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 340572 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D

## JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender is invited in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work: -

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non-refundable) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 296/PR/JUSNL/2024-25 | Procurement of grid materials & components of C.B. & Isolator for 132/33kV GSS Latehar. | Rs.1476.00 (1250.00+ SGST @ 9% + CGST@9%) | Rs. 19,100/- |

1. Start date for sale of tender documents :- **28.11.2024 from 02:00 PM**
2. Last date for sale of tender documents :- **19.12.2024 upto 05:00 PM**
3. Last date & time of submission of tender document :- **20.12.2024 upto 03:00 PM**
4. Due date & time of opening of tender document Part-I :- **20.12.2024 at 04:30 PM**
5. Tender documents along with terms and conditions can be purchased from the office of General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D drawn in favour of **Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj** payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/ submission of tender documents shall be entertained.
7. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/ submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. For any clarifications, please contact on Mobile No. 9771850485.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/- General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR.NO.340631 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25):D

## (कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग), झारखण्ड, सरकार जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

**दुधारू पशुपालकों के लिये आम सूचना**

पलामू जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के गव्य विकास की योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों/दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों/सखी मंडल के सदस्य को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या– 17 रा0(वि0), दिनांक– 16.07.2024 एवं प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची(गव्य विकास)राँची के पत्रांक– 339, दिनांक– 26.07.2024 के आलोक में वितीय वर्ष 2024–25 अन्तर्गत पलामू जिला के लिए राज्य के अंदर दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशुपोषण प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा पहचान–पत्र(आधार कार्ड की छायाप्रति), दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो आने नाम का सुस्पष्ट बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करना चाहेंगे। प्रशिक्षण संस्थान धुर्वा राँची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय रू0 100/- प्रतिदिन के दर से दैनिक भत्ता की राशि को सीधे उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।

वितीय वर्ष 2024–25 का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत है।
प्रशिक्षण का नाम– दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण (छः दिवसीय)।

| क्र.सं. | प्रशिक्षण अवधि | OSP | | | SCSP | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 1 | 10.12.2024 से 16.12.2024 तक | 10 | 05 | 15 | 03 | 02 | 05 | |
| 2 | 31.12.2024 से 06.01.2025 तक | 10 | 05 | 15 | 03 | 03 | 06 | |
| 3 | 28.01.2025 से 03.02.2025 तक | 10 | 05 | 15 | 03 | 02 | 05 | |
| 4 | 18.02.2025 से 24.02.2025 तक | 10 | 05 | 15 | 03 | 03 | 06 | |
| 5 | 25.02.2025 से 03.03.2025 तक | 10 | 05 | 15 | 03 | 03 | 06 | |
| 6 | 11.03.2025 से 17.03.2025 तक | 10 | 05 | 15 | 03 | 03 | 06 | |
| कुल योग :– | | 60 | 30 | 90 | 18 | 16 | 34 | |

नोट–
(01) मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों का प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जायेगा।
(02) प्रशिक्षण अवधि छः दिवसीय निर्धारित है।
(03) उम्र न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम एवं 55 वर्ष के अंदर हो।
(04) महिलाओं को अपने साथ बच्चा ले जाने की अनुमति नहीं होगी।
(05) प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण में अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की मूल प्रति लाना अतिआवश्यक है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू

PR 340610 Palamu(24-25).D

## JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj
e-mail : gmtzdal@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 294/PR/JUSNL/2024-25 | Detailed health assessment audit/ analysis on earthing system of 132kV & 33kV bays based on latest relevant standard and detail recommendation with optimal implementable solution at 132/33 kV GSS Garhwa Road | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 18000/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **28.11.2024** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **19.12.2024** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **19.12.2024** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender: **20.12.2024** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day under the name of bidder only.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 340585 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (24-25)_D

## संक्षिप्त समाचार

### नीलगाय के बच्चे को देखने के लिए जुटी भीड़



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के सदर प्रखंड के पुराना खगड़ा स्थित भूमि बस्ती में नील गाय का बच्चा मिला है। जानकारी के अनुसार भूमि बस्ती निवासी अजय राय अपने धान के खेत में धान काट रहे थे। इस दौरान उन्हें एक नील गाय दिखाई पड़ा लिया। इसके बाद अजय राय उस नील गाय के बच्चे को पकड़कर अपने घर लेकर आ गए। वहीं अजय राय ने कहा कि नील गाय का बच्चा काफी छोटा है और जानवरों से उसको बहुत ही खतरा है। फिलहाल हम अपने घर में रखकर पालन पोषण कर रहे है द्य जब मैं खेत में धान की कटाई कर रहा था तभी अचानक मेरी नजर नीलगाय के ऊपर गई। मुझे लगा कि यह गाय का बच्चा है तो मैं घर लेकर आ गया। उसका पालन पोषण करने लेकिन पड़ोस के लोगों ने बताया कि यह नीलगाय का बच्चा है।

### ठंड में बरतें सावधानी: 3 अस्पतालों में हार्ट अटैक के 150 से अधिक मरीज भर्ती




**पटना, एजेंसी।** ठंड की शुरुआत होते ही आईजीआईएमएस, आईजीआईसी और पीएमसीएच में हार्ट के मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। इन तीनों अस्पतालों में हार्ट अटैक वाले 150 से अधिक मरीज भर्ती हैं। आईजीआईएमएस के कार्डियोलॉजी विभाग के हेड डॉ. रवि विष्णु के मुताबिक 45-50 फीसदी मरीज हार्ट अटैक और 25-28 फीसदी हार्ट फेल्योर के भर्ती हैं। पीएमसीएच के कार्डियोलॉजी विभाग के ओपीडी में रोज पांच से आठ मरीज हार्ट अटैक वाले होते हैं। इमरजेंसी में भी रोज ऐसे 8 से 10 मरीज आ रहे हैं। सामान्य दिनों से ऐसे मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। 10 मरीज अभी भर्ती हैं। आईजीआईसी की इमरजेंसी में रोज 25 से 30 मरीज भर्ती होते हैं। इनमें हार्ट अटैक के करीब 20 मरीज होते हैं। बाकी हार्ट फेल्योर और दम फूलने की शिकायत लेकर भर्ती हो रहे हैं। यहां हार्ट अटैक के 100 से अधिक मरीज भर्ती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि हार्ट अटैक की चपेट में वही मरीज आ रहे हैं, जो ठंड में लापरवाही बरत रहे हैं। आईजीआईसी के अपर निदेशक डॉ. केके वरुण ने बताया कि अधिकतर मरीजों ने बीपी की दवा छोड़ दी थी या डोज एडजस्ट नहीं कराई थी।

### हथियार के साथ बदमाश अरेस्ट, दो दिन पहले हुई लूट

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के बिंद थाना क्षेत्र में मंगलवार को लूट हुई थी। गोलीकांड का पुलिस ने 12 घंटे के अंदर पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में इस्तेमाल हथियार और बाइक भी बरामद कर ली है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि मंगलवार शाम बिंद थाना क्षेत्र के ताजनीपुर पुल के पास एक बाइक सवार दो अपराधियों ने सोने-चांदी के व्यवसायी प्रेम कुमार को रोक लिया था। विरोध करने पर अपराधियों ने प्रेम कुमार पर गोली चला दी और उनका बैग छीन लिया। इस घटना में प्रेम कुमार के दाहिने पैर में गोली लगी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने सीमावर्ती थानों को अलर्ट किया और वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पटना जिले के समियागढ़ थाना पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान छोटू कुमार ( 19 ), पिता उपेंद्र राउत, निवासी गौसनगर, थाना सरमेरा के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि घटना में शामिल अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है।

# जमीन सर्वे के लिए अब खतियान की जरूरत नहीं: खाता और प्लॉट नंबर से करें अप्लाई

## सरकार के नाम पर होगा गैर मजरुआ जमीन का सर्वे

**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार ने जमीन सर्वे में आम लोगों को नई सहूलियत दी है। अब लोगों को जमीन के खतियान के कागजात देना जरूरी नहीं है। केवल खाता और प्लॉट नंबर के साथ सर्वे के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह गैर मजरुआ जमीन का सर्वे सरकार के नाम पर होगा। लेकिन, दखल-कब्जा वाले लोगों को वर्तमान समय में बेदखल नहीं किया जाएगा। सर्वे अधिकारियों के मुताबिक सर्वे के दौरान जमीन का नक्शा और दस्तावेज बनाना है। किसी को बेदखल नहीं करना है। जिसके नाम पर जमीन है उसका केवल साक्ष्य होना चाहिए। इसमें रसीद, खतियान आदि शामिल हैं। सरकारी जमीन की जानकारी अंचलाधिकारी के द्वारा दी जाती है। ऐसी जमीनों का सर्वे सरकार के नाम पर किया जाएगा।

### बदलाव की जरूरत क्यों

राज्यभर के जिला मुख्यालयों के अभिलेख कार्यालयों में दस्तावेज निकालने के लिए आवेदनों की संख्या ढाई गुना तक बढ़ी है। यह स्थिति पिछले छह महीने से चल रही है। सामान्य तौर पर जिला मुख्यालय स्थित निबंधन कार्यालय के अभिलेखागार और जिला रिकॉर्ड रूम में दस्तावेज निकालने के लिए औसतन 100 से 120 आवेदन हर दिन आ रहे हैं।

हर दिन पेंडिंग की संख्या बढ़ती जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक 20 प्रतिशत आवेदन दस्तावेज का कागज फटे होने या खोज नहीं पाने के कारण आवेदनों को रिजेक्ट करना पड़ रहा है।



### 1995 के बाद के दस्तावेज ही ऑनलाइन

मद्यनिषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक साल 1995 से अब तक 2,34,62,435 दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन किया गया है। लेकिन 1796 से 1995 तक के करीब 5,13,48,914 दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन करने का काम अभी चल ही रहा है। इसमें से हजारों की संख्या में पुराने दस्तावेजों की स्थिति अच्छी नहीं है। कागज पुराने होने के कारण फट गए हैं। इन दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन का काम पूरा होने के बाद दस्तावेजों को खोजना आसान होगा।

### इन जमीनों का सरकार के नाम पर सर्वे

राज्य के विभिन्न इलाकों में गैरमजरूआ आम, गैर मजरुआ मालिक, कैसरे हिंद, बकाश्त भूमि, भू-दान, भू-हदबंदी, बासगीत पर्चा की भूमि, बंदोबस्ती पर्चा की भूमि, वक्फ बोर्ड और धार्मिक न्यास की भूमि का सर्वे सरकार के नाम पर होगा। इन जमीनों की जानकारी अंचलाधिकारियों से सर्वे कार्यालय के द्वारा मांगी गई है ताकि, कोई कब्जाधारी व्यक्ति सरकारी जमीन का सर्वे गलत दस्तावेज देकर अपने नाम पर नहीं करा सके।

### पटना जिले में 2.41 लाख लोगों ने दिया आवेदन

पटना जिले में अब तक 2.41 लाख लोगों ने जमीन सर्वे के लिए आवेदन दिया है। इसमें करीब 1.19 लाख ऑनलाइन और 1.22 लाख ऑफलाइन आवेदन आया है। ऑफलाइन आने वाले आवेदनों को बंदोबस्त कर्मियों के माध्यम से ऑनलाइन भरा जा रहा है। वहीं राज्य में अब तक 47 लाख परिवार ने खुद ही जमीन के कागज सर्वे के लिए विभाग को उपलब्ध कराए हैं।



# पटना सिटी में 1 करोड़ का नकली खाद्य तेल बरामद

**पटना, एजेंसी।** मालसलामी थाने की पुलिस ने बुधवार की देर रात मंसूरगंज इलाके में छापेमारी कर ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली खाद्य तेल तैयार करने के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। जब्त नकली खाद्य तेल की कीमत लगभग एक करोड़ रुपए बताई गई है। हालांकि आकलन अभी पूरा नहीं हुआ है। गोदाम से भारी मात्रा में ब्रांडेड कंपनियों के नकली रैपर, बोतल, ढक्कन समेत अन्य उपकरणों को भी जब्त किया गया है।

पुलिस ने नकली तेल का कारोबार करने वाले संचालक संजय कुमार को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। यहां गोदाम में ब्रांडेड के नाम पर नकली तेल का निर्माण किए जाने की बात सामने आई है। इसे तैयार कर बाजार में बेचा जा रहा था। जिससे कंपनियों को आर्थिक नुकसान हो रहा था, जबकि उपभोक्ता ठगे जा रहे थे। कंपनी के प्रतिनिधि टोटन चक्रवर्ती ने डीआईजी सह एसएसपी सेंि शकायत की थी।

### कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज होगा

कंपनी के अधिकारी बताया कि अवैध धंधेबाज द्वारा ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली तेल का निर्माण कर उसे बाजारों में बेचने का काम किया जा रहा था। कंपनी के अधिकारी की मानें तो बरामद तेल की कीमत लगभग एक करोड़ के आसपास है। मौके पर मौजूद माल सलामी थाने के दारोगा संजय कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए जल्द ही पूरे मामले का उद्भेदन होगा। फिलहाल पुलिस हिरासत में लिए गए संचालक संजय कुमार से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि जांच पड़ताल कर कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

# पटना में 23 भाजपा नेताओं की गाड़ियों का चालान कटा: 1-1 हजार रुपए का लगा फाइन

## मोहनिया विधायक संगीता कुमारी ने ड्राइवर को नौकरी से निकाला

**पटना, एजेंसी।** पटना में ट्रैफिक एसपी के आदेश पर मंगलवार को भाजपा कार्यालय के सामने सड़क पर खड़ी गाड़ियों का चालान पर काटा गया। ट्रैफिक एसपी के मुताबिक, बीजेपी नेताओं की 23 गाड़ियों का चालान कटा है। वहीं चालान काटने के बाद भाजपाकी महिला विधायक ने अपनी गलती मानते हुए ड्राइवर को नौकरी से निकाल दिया है। ट्रैफिक पुलिस ने 19 सितंबर को आरजेडी कार्यालय के पास लगी विधायक और नेताओं की गाड़ियों का भी चालान काटा गया था। दरअसल, पटना में मंगलवार की शाम भाजपा कार्यालय में विधानमंडल दल की बैठक बुलाई गई थी। भाजपा के विधायक और एमएलसी जुटे थे। साथ में कई कार्यकर्ता भी यहां जुटे थे। सभी गाड़ियां वीरचंद पटेल पथ के मेन रोड पर लगाई गई थी, जिससे वहां ट्रैफिक जाम लग गया।

**बीजेपी नेताओं ने पुलिस को कार्रवाई से भी रोका :** जाम को हटाने ट्रैफिक पुलिस के जवान वहां पहुंचे। गाड़ियों के हटाने को लेकर जवानों ने अनाउंस भी किया। गाड़ियां नहीं हटी तो, ट्रैफिक पुलिस क्रेन से गाड़ी हटाने लगी। इस दौरान जवान, भाजपा की मोहनिया विधायक संगीता कुमारी की गाड़ी हटाने लगे। तभी भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं ने पुलिस को ऐसा करने से रोक दिया। हालांकि ट्रैफिक पुलिस वालों ने सभी गाड़ियों की फोटो ले ली। इसके बाद, बुधवार को चालान काट दिया गया।



### विधायक ने गलती के लिए ड्राइवर को निकाला

मोहनिया विधायक संगीता कुमारी ने कहा, ड्राइवर ने ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करते हुए गाड़ी को मुख्य सड़क पर पार्क कर दिया और फिर वहां से गायब हो गया। वहां खड़ी गाड़ियों की वजह से सड़क पर जाम लग गया। मैंने इस गलती के लिए ड्राइवर को निकाल दिया है।

### आगे भी ट्रैफिक पुलिस का एक्शन जारी रहेगा

वहीं पटना के ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने बताया, नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों या ट्रैफिक रुल उल्लंघन करने वाली गाड़ियों का चालान आगे भी कटता रहेगा। चाहे वो गाड़ी आम इंसान की हो या किसी वीआईपी की।

# 4 करोड़ से बनने वाला पुल 3 वर्षों से लटका दो पिलर का रड खड़ा कर ठेकेदार ही गायब

**राजनपुर, एजेंसी।** पूर्वी कोसी तटबंध के 108 किलोमीटर के पश्चिम कोसी की उपधारा में मैठखोरहा गांव जाने वाले मुख्यमंत्री ग्राम सड़क में लगभग चार करोड़ की लागत से बनने वाला तीन स्पेन का पुल बीते 3 साल से अधर में पड़ा है। मात्र दो पिलर का रड खड़ा कर संवेदक गायब है। जिसके कारण हजारों आबादी वाले लगभग चार गांव के लोगों को 500 मीटर की दूरी के बजाए 5 किमी का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है।

पुल नहीं बनने के कारण मठखोरहा, जिला टोला, कामा स्थान एवं अन्य गांव के लोग पूर्वी तटबंध पर आने में लगभग 5 किमी पैदल चलकर मनोहर चौक पहुंचते हैं। ग्रामीण व पूर्व मुखिया रामसागर यादव, संजय साह, सागर यादव, अशोक यादव,



रुपेश यादव का कहना है कि तत्कालीन सिमरी बख्तियारपुर के विधायक जफर आलम की अनुशंसा से तीन स्पेन का लगभग चार करोड़ के पुल की स्वीकृति मिली थी। इस पुल का निर्माण शाही कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराया जाना है। लेकिन संवेदक 3 साल पहले स्थल पर मात्र एक दो पिलर का रड खड़ा कर गायब हो गया है। जिसके कारण करीब 5 हजार की आबादी को आवागमन की समस्या से जूझना पड़ रहा है। शाही कंस्ट्रक्शन तेघरा को मिला था टेंडर इस संबंध में पूछे जाने पर पूर्व विधायक जफर आलम ने बताया कि मेरे कार्यकाल में मेरे अनुशंसा पर लगभग चार करोड़ की लागत से तीन स्पेन का पुल की स्वीकृति मिली थी जिसका टेंडर शाही कंस्ट्रक्शन तेघरा को मिला था । समय सीमा खत्म हो गया है लेकिन अब तक पुल नहीं बन पाया यह दुर्भाग्य है ।

कार्य स्थल पर निर्माण संबंधी एक भी मेटेरियल कहीं नजर नहीं आया। और न ही योजना संबंधी कोई सूचना पट ही लगा मिला। लगभग 4 करोड़ की लागत से तीन स्पेन का बनने वाल कोशी की उप धारा में मेठखोरहा जाने वाला मुख्यमंत्री ग्राम सड़क में तटबंध और कई गांव को जोड़ने वाला यह पुल बन जाता है तो कई गांव के लोगों को पूर्वी कोसी तटबंध पर पहुंचना आसान हो जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल सिमरीबख्तियारपुर की लापरवाही के कारण क्षेत्र में दर्जनों योजना अधर में पड़ी है।

# कुचेश्वर महादेव मंदिर में लगेगा मेला, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**गया, एजेंसी।** गया के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक खबर सामने आई है। डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने बताया कि कुचेश्वर महादेव मंदिर में अब हर साल सावन के महीने में दो दिवसीय भव्य मेला आयोजित किया जाएगा। कोच प्रखंड के लोगों में खुशी की लहर है। कुचेश्वर महादेव मंदिर अपनी प्राचीनता और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। अब इस मंदिर में लगने वाले मेले से यहां पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। टिकारी विधायक अनिल कुमार ने इस मेले को मंजूरी दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने पर्यटन विभाग बिहार सरकार से लगातार समन्वय कर यह सुनिश्चित किया कि कुचेश्वर महादेव मंदिर में हर साल सावन के महीने में भव्य मेला आयोजित किया जाए। जिला प्रशासन इस मेले को भव्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। पर्यटन विभाग बिहार सरकार के साथ मिलकर जिला प्रशासन इस मेले को यादगार बनाने के लिए पूरी तैयारी कर रहा है। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक अनुष्ठान और स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह मेला न केवल धार्मिक महत्व का होगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा।

# सरकारी जमीन पर कब्जा किया तो अब जाना पड़ेगा जेल, 10 हजार जुर्माना और 6 महीने की होगी सजा



## विधानसभा से किराया वसूली-बेदखली संशोधन बिल पास

**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार ने सरकारी जमीन, मकान या दूसरी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने वालों को रोकने के लिए नया और कड़ा कानून बना दिया है। सरकार का ये नया कानून बुधवार को बिहार विधानसभा से पास हो गया। सरकार ने सरकारी जमीन, मकान या फिर किसी और सरकारी संपत्ति पर कब्जा करने वालों के साथ साथ सरकारी जमीन को लीज पर लेकर समय पर भुगतान न करने वालों से सख्ती से निपटने के लिए ये कानून बनाया है। नए कानून के तहत सरकारी परिसर में अवैध कब्जे पर 6 महीने की सजा या 10 हजार जुर्माना या दोनों दंड साथ-साथ दिए जाएंगे। पीड़ित एक सप्ताह के अंदर भवन निर्माण विभाग के सचिव के पास अपील कर सकेगा। बिहार सरकारी परिसर (आवंटन, किराया वसूली एवं बेदखली) (संशोधन) विधेयक 2024 मंगलवार को विधानसभा में पारित कर दिया गया। कानून में संशोधन के बाद अब अवैध रूप से सरकारी परिसर पर कब्जा बनाए रखने और निर्देश के अनुसार उसे खाली नहीं करने यानी सरकारी निर्देशों का उल्लंघन करने की स्थिति में जुर्माना/सजा मिलेगी। भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा, सरकारी परिसर में रहने वाले व्यक्तियों से किराए के संग्रह और ऐसे परिसरों से व्यक्तियों को बेदखल करने के लिए कानून में संशोधन किया गया है।

**संशोधन क्यों करना पड़ा ?:** वर्तमान कानून (बिहार सरकारी परिसर (आवंटन, किराया वसूली एवं बेदखली) अधिनियम, 1956 में लीज पर आवंटित सरकारी भूमि को खाली कराने, लीज किराया का री-शिड्यूलिंग तथा बकाया लीज किराया वसूली आदी से संबंधित नियम स्पष्ट नहीं है। इसको देखते हुए सरकारी परिसर आवंटन किराया वसूली एवं बेदखली कानून में संशोधन करना पड़ा है। समय के साथ कई नए मुद्दे उत्पन्न हुए हैं, जो वर्तमान कानून में शामिल नहीं हैं।

**नया प्रावधान क्या जुड़ा? :** लीज या पट्टा पर लिए व्यक्ति की मृत्यु के बाद बकाया किराया उनके वारिस से वसूला जाएगा। संशोधन में वारिस से वसूलने का प्रावधान जोड़ा गया है। वारिसों और विधिक प्रतिनिधियों के दायित्व को स्पष्ट किया गया है।

**अब क्या होगा? :** संशोधन के बाद सरकारी परिसर में कब्जे की संभावना को कम किया जा सकेगा। साथ ही आवश्यकतानुसार राज्य सरकार निश्चित समय के लिए सरकारी परिसर को सरकारी, सेमी गवर्नमेंट और अन्य वैधानिक संस्थाओं को आवंटित कर सकेगी।

**क्या कार्रवाई की जाएगी? :** यदि कोई भी व्यक्ति आवंटन आदेश, पट्टा, निपटान और लाइसेंस रद्द होने के बाद भी किसी सरकारी परिसर पर अनधिकृत दखल में हैं तो, सक्षम प्राधिकार नोटिस देकर परिसर खाली करने का आदेश देगा। 1 सप्ताह में परिसर खाली नहीं करने पर कार्रवाई होगी।

**बिहार में अब तक 1956 का कानून लागू था :** मंत्री जयंत राज ने सदन में कहा, अब तक सरकारी परिसरों का उपयोग करने वाले व्यक्तियों से किराया वसूल करने, आवंटन निरस्त करने या फिर उस सरकारी संपत्ति से संबंधित व्यक्ति को बेदखल करने के लिए 1956 का कानून लागू था।

## संक्षिप्त समाचार

### सीसीएल और बोकारो जिला प्रशासन के बीच 111 करोड़ रुपए का एमओयू

**रांची, एजेंसी।** सीसीएल महाप्रबंधक ढोरी क्षेत्र रंजय सिन्हा और बोकारो डीसी के प्रतिनिधि शक्ति कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी सीएसआर बोकारो के बीच बुधवार को 111 करोड़ रुपये का एमओयू साइन किया गया। जानकारी के अनुसार क्षतिपूर्ति निवारण योजना (डैमेज रेमेडीशन प्लान) एवं प्राकृतिक एवं सामुदायिक संसाधन संवर्धन योजना (नेचुरल एंड कम्युनिटी रिसोर्स ऑग्मेंटेशन प्लान) के अंतर्गत स्र साइन किया गया। झारखंड सरकार द्वारा इस राशि का उपयोग विभिन्न सामुदायिक कल्याणकारी योजनाओं में किया जाएगा, जिससे जिले के लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। इस मौके पर सीसीएल की ओर से परियोजना पदाधिकारी, एसडीओसी। एम शैलेश प्रसाद एवं नोडल पदाधिकारी (वन एवं पर्यावरण), एसडीओसी एम अच्युतानंद कुमार उपस्थित थे।

### योगेंद्र प्रसाद को मंत्री बनाने से क्षेत्र के विकास में आएगी तेजी- सिकंदर

**बोकारो, एजेंसी।** झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार को कसमार प्रखंड के गर्री में हुई। अध्यक्षता झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य सिकंदर कपरदार ने की। कार्यकर्ताओं ने सीएम हेमंत सोरेन से गोमिया के नवनिर्वाचित विधायक योगेंद्र प्रसाद को मंत्री बनाने की मांग की, ताकि क्षेत्र का समुचित विकास हो सके। सिकंदर कपरदार ने कहा कि योगेंद्र प्रसाद पिछले 19 साल से गोमिया विधानसभा क्षेत्र में जनता की सेवा करते रहे हैं। पूरे क्षेत्र में जनता के बीच उनकी अच्छी छवि है। यही कारण है कि मतदाताओं ने उन्हें 2014 के बाद 2024 में विधायक चुनाव। साथ ही उनकी पत्नी बबीता देवी को 2018 के उपचुनाव में भारी मतों से जिताकर विधानसभा भेजा था। उन्होंने कहा कि राज्यहित में उन्हें बेहतर विभाग का मंत्री बनाया जाए, ताकि गोमिया क्षेत्र में विकास के कार्यों को गति मिल सके। मौके पर सोहेल अंसारी, मोबिन अंसारी, रिजवान अंसारी, जानी बाबू आदि मौजूद थे।

### चुनाव खत्म होते ही जिले में बालू की तस्करी में तेजी

**गोड्डा, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव खत्म होने के साथ ही गोड्डा जिले में बालू की तस्करी तेज हो गई है। रात के अंधेरे में यह धंधा पूरी तरह से फल फूल रहा है। चुनाव के दौरान प्रशासन की सक्रियता की वजह से बालू तस्करों ने अपना धंधा बंद कर दिया था। चुनाव संपन्न होने के बाद जिले में एक बार बालू उठाव कार्य में तेजी आ गई है। पथरगामा प्रखंड के विभिन्न घाटों पर बालू की तस्करी धड़ल्ले से हो रही है। इस कारोबार को लेकर सरकार का रवैया पहले से ही ढुलमुल रहा है। रात के अंधेरे में सड़कों पर बालू लोड ट्रैक्टरों की आवाजाही तेज हो गई है। कोरका व सनातन घाट से बालू की तस्करी होने पर पूर्व भाजपा विधायक चोरी रोकने की दिशा में खुद पहल करते हुए सड़क पर ऐसे ट्रैक्टरों को रोक कर प्रशासन को खबर कर देते थे। चुनाव में भाजपा की हार से तस्करों में उनका डर भी समाप्त हो गया है।

### साहिबगंज पहुंची सीबीआई टीम, संजय जायसवाल की पत्थर खदान की हुई मापी

**साहिबगंज, एजेंसी।** अवैध पत्थर खनन मामले में सीबीआई की 4 सदस्यीय टीम बुधवार को फिर साहिबगंज पहुंची। टीम सुबह मंडरो अंचल के पकड़िया मौजा पहुंची और पत्थर कारोबारी संजय जायसवाल की जय माता दी स्टोन वर्क्स खदान की जांच की। खदान की मापी भी की गई। कई जगह मापी कर दस्तावेज का मिलान किया गया। ज्ञात हो कि इस मामले में गवाह बने प्रधान विजय हांसदा के मुकरने के बाद जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया था। हाईकोर्ट के निर्देश पर साहिबगंज के मुफस्सिल थाना में विजय हांसदा के खिलाफ दर्ज कोर्ट कंप्लेन केस व एसटी–एससी थाने में दर्ज केस को 18 अगस्त 2023 को सीबीआई ने टेकओवर किया था। इसके बाद 5 नवंबर 2023 को सीबीआई ने झारखंड, बिहार व बंगाल में 17 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। तब से अब तक सीबीआई की टीम यहां जांच के लिए कई बार आ चुकी है।

# बन्ना को चार क्वार्टर दो, पर जनता का रास्ता मत रोको, सरयू राय के बयान से मचा सियासी घमासान




**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर पश्चिम में बुधवार को उस वक्त हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला जब नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय कदमा के केडी फ्लैट इलाके में बंद रास्ते को लेकर हुंकार भरते नजर आए। यह रास्ता किसी और का नहीं बल्कि उनके पूर्व प्रतिद्वंदी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के टाटा स्टील द्वारा आवंटित क्वार्टर के पास स्थित है।

चुनाव जीतते ही मानो इस रास्ते के जिन्न को बोतल से आजादी मिल गई हो। सरयू राय, भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों का हुजूम देखकर पुलिस के भी पसीने छूट गए। राय ने टाटा स्टील को खुली चुनौती देते हुए कहा, बन्ना गुप्ता को एक नहीं, चार क्वार्टर दो, शेयर भी दे दो, पर जनता का रास्ता बंद किया तो खैर नहीं। चुनाव में हार के बाद बन्ना गुप्ता भले ही राजनीतिक परिदृश्य से कुछ पीछे हट गए हों, लेकिन इस रास्ते के विवाद ने उन्हें एक बार फिर चर्चा में ला दिया है।

इस मौके पर संजीव आचार्य भी मौजूद थे। केडी फ्लैट इलाके में बुधवार को माहौल गरमागरम था। एक तरफ जनता का गुस्सा, दूसरी तरफ सरयू राय का तेवर। चुनावी रण में बन्ना गुप्ता को धूल चटाने वाले सरयू राय अब जनता के मसीहा बनकर उभरे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों की भारी भीड़ के साथ वे केडी फ्लैट पहुंचे और बंद रास्ते का मुआयना किया। इस दौरान कुछ दुकानों को हटाए जाने का मुद्दा भी सामने आया, जिससे स्थानीय दुकानदारों में भी आक्रोश देखा गया। जनता आक्रोशित थी।

रास्ता बंद होने से उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही थी। कुछ लोग तो उग्र रूप धारण करने लगे थे, लेकिन सरयू राय ने उन्हें शांत कराया और आश्वासन दिया कि वे हर हाल में रास्ता खुलवाएंगे। उन्होंने कहा, मैंने टाटा स्टील से आग्रह किया है कि रास्ता आम जनता के लिए खोल दिया जाए। जनता का गुस्सा देख रहे हैं न? अगर रास्ता नहीं खुला तो हम चुप नहीं बैठेंगे।

फिर उन्होंने टाटा स्टील पर व्यंग्य कसते हुए कहा, बन्ना गुप्ता को चाहें तो चार क्वार्टर दे दो, शेयर दे दो, हमें कोई ऐतराज़ नहीं, लेकिन जनता का रास्ता बंद नहीं होना चाहिए। आखिर जनता ही असली मालिक है। सरयू राय ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर टाटा स्टील ने जल्द ही रास्ता नहीं खोला तो वे खुद रास्ता खुलवाएंगे। इस बयान के बाद वहां मौजूद लोगों ने ज़ोरदार नारेबाज़ी शुरू कर दी।

हालांकि, पुलिस पहले से ही मुस्तैद थी और किसी भी अप्रिय घटना को टालने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। अब देखना यह है कि टाटा स्टील इस मामले में क्या रुख अपनाती है। फिलहाल, रास्ता रोको आंदोलन का अगला पड़ाव क्या होगा, यह तो वक्त ही बताएगा। नेताजी की मूर्ति गायब, भड़के सरयू केडी फ्लैट के बाद सरयू राय नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क भी गए। पहले वहां नेताजी की मूर्ति लगी हुई थी। वह गायब मिली। सरयू बोले-अब वह मूर्ति कहां है, पता नहीं।

उन्होंने लोगों से कहा है कि वह वहां नेताजी की बड़ी प्रतिमा लगाएंगे और यह पार्क अब नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क के नाम से ही जाना जाएगा। सरयू राय ने बताया कि कदमा में एक कन्वेंशन सेंटर बन कर तैयार है। पांच साल हो गए लेकिन अब तक इसका उद्घाटन नहीं हुआ।

उद्घाटन नहीं होने से छत से पानी चू रहा है। भीतर की फालसिलिंग टूट गई है। उसकी मरम्मत का काम जल्दी ही शुरू कराएंगे। यह पूछे जाने पर कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आप पर गलत नैरेटिव सेट करने का आरोप लगाया है, सरयू राय ने कहा कि हम लोगों की संस्कृति है कि पराजित पर प्रहार नहीं कर सकते। बन्ना गुप्ता अपना भड़ास निकाल रहे हैं, निकालें। मैं आलोचनात्मक टिप्पणी अभी नहीं करूंगा।

## नेमरा पहुंचे सीएम, सोबरन सोरेन को 67वें शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**रामगढ़, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ बुधवार को अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। वहां उन्होंने सोबरन सोरेन को 67वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी। नेमरा के लुकैयाटांड़ स्थित शहीद सोबरने सोरेन की प्रतिमा पर फूल-माला चढ़कर उन्हें नमन किया। गांडेय की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन व रामगढ़ की नवनिर्वाचित विधायक ममता देवी ने भी शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंडियों ने सदियों से शोषण व दमन के खिलाफ संघर्ष किया है, लड़ाई लड़ी है। हमारे वीर पुरुखों ने हमें हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ने का जज्बा दिया। हमारे पूर्वज सोबरन सोरेन (दादा) ने शोषण, दमन व महाजनी प्रथा के खिलाफ जीवनपर्यंत संघर्ष किया। दादाजी के संघर्ष को दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने आगे बढ़ाया। हेमंत सोरेन ने कहा कि मेरे दादाजी एक कुशल शिक्षक थे। उनका मानना था कि शिक्षा से ही समाज में क्रांति आ सकती है, एक समृद्ध समाज के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है। शोषकों के खिलाफ संघर्ष करते हुए भी वह शिक्षा का अलख जगाते रहे और शोषित-वंचित समाज को शिक्षित करने का अपना महाअभियान जारी रखा। अपने वीर पुरुखों और दादाजी के संघर्षों से प्रेरणा लेकर अब वह (हेमंत सोरेन) उनके सपनों को पूरा करने के प्रयास में जुटे हैं।



## रातू में आभार सभा : अजयनाथ ने कहा, विश्वास दिलाते हैं कि लोगों के सुख-दुख में साथ रहेंगे

**रांची, एजेंसी।** प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह कांग्रेस के हटिया विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अजयनाथ शाहदेव ने रातू में बुधवार को आभार सभा का आयोजन किया। अजयनाथ शाहदेव ने कहा कि हम चुनाव भले ही हारे हैं पर हमें 1 लाख 38 हजार लोगों के मजबूत हाथों का साथ और उनका आशीर्वाद मिला है। यह हमारे ऊपर है कि हम इस स्थिति में हार देखकर मायूस हो जायें या लाखों लोगों के समर्थन से अपने आप को ताकतवर समझकर उनके बीच फिर से जायें।

**हमारे ऊपर 1 लाख 38 हजार लोगों ने भरोसा जताया है :** उन्होंने कहा, हमारे ऊपर 1 लाख 38 हजार लोगों ने भरोसा जताया है। यह बहुत बड़ी बात है और बहुत बड़ी ताकत भी, हम उनका भरोसा नहीं तोड़ सकते,। हटिया के लोगों के उम्मीद भी हमसे है। हम उनकी उम्मीद पर खरे उतरेंगे। उसे पूरा करने के लिए जी-जान लगा देंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा, अब उदास बैठने का समय नहीं है, बल्कि दोगुनी ताकत और उत्साह से काम करने की जरूरत है। अब हम सबकी जिम्मेदारी बढ़ गयी है। हम लोगों को विश्वास दिलाते हैं कि उनके सुख-दुख में हम साथ हैं। झारखंड में फिर से लोकप्रिय हेमंत सरकार की पुरजोर वापसी हुई है।

हम सरकार से लोगों का काम करायेंगे उनका अधिकार दिलवायेंगे

हम सरकार से लोगों का काम करायेंगे उनका अधिकार दिलवायेंगे। आभार सभा में पृथ्वी नाथ शाहदेव, अमर उरांव, अजीत उरांव, सबिता कुजुर, कमरुल हक, राजेश पांडे,महाबीर विश्वकर्मा, सुखदेव उरांव, सोमनाथ उरांव, निकोलस तिर्की, जहीर मंसूरी, प्यारी केरकेट्टा, रायमुनी किस्पोट्टा, सुरेश गोप, बिनोद तिर्की, सहाबीर लोहरा, कुशल उरांव, निरंजन कुमार, प्रमोद सिंह, जसीम अंसारी,दीपू सिन्हा, कमल ठाकुर, दीपक ओझा, बेलाल अंसारी, बीरु तिर्की, सुशांत उरांव, सुष्मिता तिर्की, जहीर अब्बास, सिंदबाद खान, राजेन्द्र मिर्धा, बिनोद तिर्की, कुसुम देवी,सरवरी खातून, दिनेश तिग्गा, ओमप्रकाश सिंह, शिवा कच्छप, रमेश शाहदेव, अतुल राज, संजय साहू, मदन मुंडा, सुनीता कच्छप, अरुण गोप समेत कांग्रेस, झामुमो, राजद कार्यकर्ताओं समेत बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।



## अनूप कुमार ने संभाला सेल सुरक्षा संगठन के ईडी का पदभार

**रांची, एजेंसी।** अनूप कुमार ने मंगलवार को रांची के डोरंडा स्थित इस्पात भवन में सेल सुरक्षा संगठन (एसएसओ) के कार्यपालक निदेशक (ईडी) का पदभार संभाला। सेंट जेवियर्स कॉलेज और बीआईटी सिंदरी के पूर्व छात्र अनूप कुमार 1991 में आईएसपी, बर्नपुर स्टील प्लांट में सेल में शामिल हुए। 2022 में अनूप सेल आईएसपी में कार्मिक प्रमुख बने और बाद में चासनाला में ईडी (कोलियरीज और सीसीएसओ डिवीजन) बने। बर्नपुर, बोकारो और चासनाला में सेल में उनका योगदान बहुत बड़ा रहा है। उन्होंने लौह बनाने से शुरुआत की और 20 वर्षों तक बर्नपुर के ब्लास्ट फर्नेस में काम किया। बाद में उन्होंने रोलिंग मिलों में योगदान दिया और भारतीय नौसेना के लिए एक विशेष इस्पात उत्पाद बल्ब बार तैयार किया।



बोकारो में उन्होंने बोकारो हवाई अड्डे के व्यापक नवीनीकरण कर भारत सरकार के प्रतिष्ठित कार्यक्रम उड़ान-ढ्ढ्ढ को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने उच्च कैलोरी मान के लिए प्रोपेन संयंत्र का अतिरिक्त व्यय रोककर पर्याप्त लागत नियंत्रण लागू किया। कार्मिक प्रमुख के रूप में उन्होंने संविदा कर्मियों के लिए एक नई बीमा योजना शुरू की, जिसे अन्य निजी क्षेत्र की कंपनियों ने अपनाया। सेल रांची इकाई के कर्मचारियों ने उन्हें उनके नए कार्यभार में उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सीता सोरेन की बेटी जयश्री ने डॉ इरफान अंसारी को घेरा, कहा, आदर्शों की बात करने से पहले अपने गिरेबां में झांकिए




**रांची, एजेंसी।** पूर्व विधायक सीता सोरेन की बेटी जयश्री सोरेन ने कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी को निशाने पर लिया है। सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि इरफ़ान अंसारी जी, संस्कार और आदर्शों की बात करने से पहले अपने गिरेबान में झाँकिए। महिलाओं का सम्मान करना सीखिए। अपने धर्म और आचरण में ईमानदारी लाइए। सस्ती राजनीति और झूठे आरोप लगाकर अपना राजनीतिक करियर बनाने की कोशिश बंद कीजिए।

झारखंड की जनता सच्चाई जानती है और सही निर्णय लेगी। आपकी इन हरकतों से न तो हमारे परिवार की छवि धूमिल होगी और न ही आपके झूठ के आधार पर कोई आपका साथ देगा। एक दिन आपका असली चेहरा सब देखेंगे। आपके दोहरे मापदंड और सस्ते राजनीतिक हथकंडों को उजागर करता है। आप संस्कार की बात कर रहे हैं, लेकिन क्या आपको याद है कि संस्कार के नाम पर आपने क्या-क्या किया है। आपने मेरी मां, सीता सोरेन के लिए रिजेक्टेड माल जैसे अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। क्या यही आपका संस्कार है? एक महिला का ऐसा अपमान करना आपके संस्कारों का स्तर दिखाता है।

आपने मुझ पर और मेरी बहन पर रवि मानती के 19 साल के बेटे को फंसाने जैसे शर्मनाक और निराधार आरोप लगाए। क्या यही आपके चरित्र का स्तर है? महिलाओं को बदनाम कर आप क्या साबित करना चाहते हैं? आपने यह कहा कि बीजेपी की लड़कियाँ रात में अपने कपड़े फाड़कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाएंगी। यह क्या था, धमकी? आपने खुलेआम कह दिया कि अगर रात में आपके लोग कुछ भी करेंगे तो आप कहेंगे कि हमने पहले ही बताया था। क्या यही आपके संस्कार और राजनीति हैं? महिलाओं को डराना-धमकाना, क्या यही आपकी सोच है?

जब हम गिनती के बाद बाहर निकले, तो आपके कार्यकर्ताओं ने जो हुड़दंग मचाया, वह क्या आपके इशारे पर नहीं था? आपकी रणनीति थी कि महिलाओं का अपमान कर, उन्हें बदनाम कर, समाज में उनकी छवि खराब की जाये। क्या यही संस्कार हैं?

आपने मेरे चाचा हेमंत सोरेन जी को भगवान राम कहकर उनकी तुलना भगवान से कर दी। यह शब्द आपकी सुविधानुसार इस्तेमाल करने का माध्यम नहीं है। राम सिर्फ नाम नहीं, बल्कि एक आदर्श और विश्वास हैं। जब आप खुद मुसलमान हैं, तो आप अपने नेता को अल्लाह क्यों नहीं कहते? क्या आपको अपने धर्म पर भरोसा नहीं है?

आपने राम का नाम लेकर न केवल हिंदू धर्म का उपहास किया, बल्कि यह दिखाया कि आपके लिए धर्म केवल एक राजनीतिक औज़ार है। क्या आप सच में भगवान राम के आदर्शों को मानते हैं? अगर ऐसा होता, तो आप महिलाओं का अपमान नहीं करते।

## पलामू सांसद ने लोकसभा में उठाए रेलवे से संबंधित कई मामले

**पलामू, एजेंसी।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में बुधवार को नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से संबंधित कई मांगों को उठाया। साथ ही रेल मंत्री से भी मुलाकात की। मांगों को पूरा करने का आग्रह किया, ताकि यात्रा सुगम हो सके। सांसद ने 12453/12454 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव, वन्दे भारत ट्रेन को रांची से डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने, पटना सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11447/11448 का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव, पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 का रजहरा स्टेशन पर ठहराव, गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 का मोहम्मदगंज पर ठहराव की मांग की।

रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 वाया डालटनगंज होकर सप्ताह में दो दिन चलती है, उसे चार दिन चलाने की मांग की। रांची-नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन 12877/12878 को सप्ताह में तीन दिन चलती है, उसे छह दिन चलाने, रांची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18311/18611 रांची से वाराणसी तक चलती है, उसे गोरखपुर तक विस्तार करने, झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873/12874 का ठंड के मौसम में कोहरे का बहाना बनाकर वर्षों से परिचालन रद्द कर दिया जाता है।



इस बार भी दो दिसंबर से 10 जनवरी, 2025 तक बंद करने का रेलवे बोर्ड ने निर्णय लिया है। इस निर्णय को रद्द करते हुए झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन जारी रखने की मांग की। रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 के जनरल कोच की संख्या बढ़ाने, शक्तिपुंज ट्रेन संख्या 11447/11448 जो हावड़ा से जबलपुर वाया डालटनगंज होकर चलती है उसे मुंबई तक विस्तारित करने की मांग की। साथ ही कहा कि रांची से वाया डालटनगंज होकर गोरखपुर तक एक नई ट्रेन चलाने, जो कोरोना काल में चली थी और उसे बंद कर दिया गया है, पुनः चालू किया जाये। क्योंकि, डालटनगंज से गोरखपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अत्यधिक है। यह जानकारी बुधवार को सांसद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

## लातेहार में मारा गया 15 लाख का इनामी माओवादी छोटू खरवार, एनआईए का था मोस्ट वांटेड

**रांची/लातेहार, एजेंसी।** 15 लाख का इनामी माओवादी छोटू खरवार आपसी लड़ाई में मारा गया है। यह घटना लातेहार जिले के नवाडीह में मंगलवार की देर रात हुई है।




नक्सली कमांडर छोटू खरवार 100 से अधिक नक्सली घटनाओं का अभियुक्त था। लातेहार के अलावा अन्य जिलों के थानों में भी इसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। उसका नाम एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। एनआईए ने उस पर तीन लाख का इनाम भी घोषित कर रखा था।

**छोटू खरवार के नेतृत्व में माओवादी गुमला, लोहरदगा और लातेहार इलाके में थे सक्रिय :** माओवादी कमांडर छोटू खरवार लातेहार के छिपादोहर के इलाके का रहने वाला है। बूढ़ापहाड़ पर अभियान ऑक्टोपस के बाद माओवादी संगठन की कमान छोटू खरवार ने संभाली थी।

छोटू खरवार के नेतृत्व में माओवादी गुमला, लोहरदगा और लातेहार के इलाके में सक्रिय थे। छोटू खरवार माओवादियों का कोयल और शंख जोन का इंचार्ज था। पुलिस को सूचना मिली थी कि बूढ़ापहाड़ के इलाके से बचकर भागे माओवादी छोटू खरवार के साथ हो गये हैं। हाल के दिनों में छोटू खरवार ने लेवी के लिए कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया। जबकि लातेहार के छिपादोहर के इलाके में उसने एक दैनिक वेतन भोगी कर्मी की हत्या भी की थी।

**2019 में छोटू की पत्नी हुई थी गिरफ्तार :** 21 दिसंबर 2016 को बालूमाथ पुलिस ने सहारा इंडिया के मैनेजर चंदन कुमार के पास से 3 लाख रुपए बरामद किए थे। तब मैनेजर ने पुलिस से कहा था कि पैसे छोटू खेरवार के हैं।छोटू के 26 लाख रुपए की निवेश की डिपोजिट स्लिप भी पुलिस को मिली थी, जिसमें 12 लाख उसकी पत्नी ललिता के नाम पर थे।

19 जनवरी 2018 को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने केस टेकओवर किया था। नक्सलियों का पैसा निवेश कराने के मामले में ललिता देवी को दो जुलाई 19 को वांटेड घोषित किया था। एनआईए ने 19 अक्टूबर 2019 उसे लातेहार से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ जनवरी 18 से मुकदमा दर्ज था।

## साहिबगंज में शादी की खुशियां मातम में बदलीं, शाम को थी बेटे की शादी, सुबह हो गई पिता की मौत

**साहिबगंज, एजेंसी।** साहिबगंज जिले के एक घर में शादी की खुशियां उस वक्त मातम में तब्दील हो गईं, जब बेटे के विवाह से पहले पिता की मौत हो गई। मामला जिले के रांगा थाना क्षेत्र के बड़ा दिग्घी गांव का है।

गांव में खुशी का माहौल था। परिवार में मंगल गीत गाये जा रहे थे। अजय मंडल (38) के बेटे सुजन मंडल की शादी थी। शाम को बारात निकलनी थी। इससे पहले सुबह में अजय मंडल की मौत की खबर आ गई। इस अनहोनी ने पूरे गांव को गम से भर दिया। घर में चीख-पुकार मच गई।

मालदा रेल मंडल के बरहरवा-बाकुड़ी रेलखंड के दिग्घी फाटक के पास बुधवार सुबह अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से 38 वर्षीय अजय मंडल की मौत हो गयी। जैसे ही घर में इसकी खबर पहुंची, शादी में शामिल होने के लिए आए रिश्तेदार भी रो पड़े।मृतक अजय मंडल के पुत्र सुजन मंडल की शादी बुधवार (27 नवंबर) को होनी थी। परिजनों ने बताया कि अजय मंडल बुधवार सुबह शौच करने घर से निकले थे। आशंका जतायी जा रही है कि वापस लौटते वक्त कोहरे के कारण ट्रेन की चपेट में आ गये होंगे।



घटना की सूचना रांगा थाना को मिली, तो थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल भेज दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि यूडी केस दर्ज कर लिया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि शाम को बारात लेकर परिवार उधवा जाने वाला था, लेकिन बारात की बजाय दूल्हे के पिता की शवयात्रा निकली।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# विचार-मंथन

## संपादकीय

# धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद पर सुप्रीम निर्णय

संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द हटाने की मांग पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय आया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता संविधान की मूल संरचना का अभिन्न अंग हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि इन शब्दों की अलग-अलग तरीकों से व्याख्या की जा सकती है, लेकिन इन्हें पश्चिमी व्याख्याओं के बजाय भारतीय संदर्भ में समझा जाना चाहिए।इसके पहले बांग्लादेश में अटॉर्नी जनरल मोहम्मद असदुज्जमां ने यह कहकर एक नई बहस शुरू कर दी है कि वहां के संविधान से 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्षता' शब्दों को हटा देना चाहिए। अटॉर्नी जनरल का यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है जब अवामी लीग की शेख हसीना सरकार को गिरे कुछ महीने ही हुए हैं और बांग्लादेश में अभी अंतरिम सरकार चल रही है। इस प्रस्ताव से यह चिंता गहरी हो गई है कि क्या बांग्लादेश एक इस्लामी राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है।भारतीय उपमहाद्वीप और खासकर विभाजन के संदर्भ में देखें तो भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश- तीनों का साझा इतिहास है। ऐसे में अंग्रेजी उपनिवेशवाद से मुक्ति के बाद जहां भारत ने लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने का फैसला किया, वहीं पाकिस्तान को इस्लामी राष्ट्र का रास्ता भाया। बांग्लादेश की खासियत यह रही कि शुरू में पाकिस्तान का हिस्सा रहते हुए इस्लामी राष्ट्र का अनुभव लेने के बाद वह उससे अलग हुआ और उसने अपने लिए धार्मिक रूप से उदार राष्ट्र के स्वरूप को बेहतर माना। बांग्लादेश के संदर्भ में यह बात ज्यादा मायने इसलिए भी रखती है कि एक देश के रूप में उसका जन्म ही धार्मिक उदारता जैसे मूल्यों की सार्थकता सिद्ध करता है। पाकिस्तान के अलग अस्तित्व के पीछे यह मान्यता थी कि धर्म एक राष्ट्र के बनने का ठोस आधार है। भारत ने विभाजन को स्वीकार करते हुए भी इस मान्यता को ठुकरा दिया। बांग्लादेश के एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उदय ने एक बार फिर इस बात की पुष्टि कर दी कि सिर्फ धर्म किसी राष्ट्र के निर्माण की बुनियाद नहीं हो सकता।

## नतीजों का संदेश

दो राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों ने एक बार फिर राजनीति के जानकारों को चौंका दिया। महाराष्ट्र में इतनी बड़ी जीत की उम्मीद शायद बीजेपी समेत महायुति के समर्थकों को भी नहीं होगी। वहीं, झारखंड में पार्टी को सत्ता में वापसी की आस थी, लेकिन वह अधूरी ही रह गई। खैर, इन नतीजों का असर देश की सियासत पर पड़ना तय है। सीटों की संख्या के लिहाज से यूपी के बाद दूसरे सबसे बड़े राज्य महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजों ने सभी का ध्यान खींचा था। लेकिन विधानसभा की लड़ाई बिल्कुल अलग रही। एकतरफा जीत बताती है कि महायुति की शिंदे सरकार से जनता नाराज नहीं थी। वहीं, अगर कोई असंतोष रहा भी हो, तो सरकार ने उसे सही समय पर दूर कर लिया। दोनों ही राज्यों में मौजूदा सरकारों ने महिलाओं को लुभाने के लिए योजनाओं का ऐलान किया। महाराष्ट्र में लाड़की बहीण (लाड़ली बहना) योजना को गेमचेंजर माना जा रहा है, जिसने महिलाओं को महायुति के पाले में ला खड़ा किया। महाविकास आघाड़ी के उठाए मुद्दे बेअसर रहे। इसी तरह, झारखंड में हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के जरिये महिला वोटर्स को साधा। इन चुनावों में पार्टियों द्वारा की जा रही मुफ्त योजनाओं की घोषणा खूब चर्चा में रही। इसकी आलोचना भी हुई। लेकिन, परिणामों से जाहिर है कि इसका असर हुआ है। शिंदे और सोरेन सरकार, दोनों ने बुजुर्गों, युवाओं, किसानों के लिए कई वादे किए। जनता के बीच यह बात भी फैली कि अगर सरकार बदलती है तो योजनाएं बंद हो जाएंगी। यह चुनाव 'बंटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं, तो सेफ हैं' जैसे नारों के लिए याद रखा जाएगा। भाजपा ने हिंदुत्व की आक्रामक राह पकड़ी और हिंदू समाज को एकजुट कर लिया। लेकिन, यही बात मुस्लिमों को लेकर कांग्रेस नहीं कह सकती। हालांकि, झारखंड में भाजपा का यह कार्ड नहीं चला। वहां पार्टी ने बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाया था, जो कारगर नहीं रहा। आदिवासी समाज ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का साथ दिया। इसके पीछे हेमंत के साथ सहानुभूति फैक्टर रहा। लोकसभा चुनावों का अच्छा प्रदर्शन अब बहुत पुरानी बात लग रही है।

# विधानसभा के चुनावों के निहितार्थ

(उमेश चतुर्वेदी)

*महाराष्ट्र के नतीजों से महायुति की अंदरूनी राजनीति पर भी असर पड़ने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र को बिहार की राह पर ले चलना नहीं चाहेगी। ऐसे संकेत उसने दिए भी हैं। यानी वह देवेंद्र फणनवीस को मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश करेगी। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या एकनाथ शिंदे आसानी से मुख्यमंत्री पद छोड़ देंगे।*

महाराष्ट्र के चुनावों का असर कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति पर भी पड़ सकता है। लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में 13 सीटें जीतकर बड़ा दल बनने के बाद पार्टी ने ग्रेस सबसे बड़ा दल बनकर उभरी। इसके चलते पार्टी में गुरूर दिखने लगा। हर राज्य की अपनी अहमियत है। लेकिन राजनीतिक लिहाज से देखें तो उत्तर प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा महत्व अगर किसी राज्य का है तो वह महाराष्ट्र है। देश की आर्थिक राजधानी इस राज्य की राजधानी है। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों के मुकाबले 48 सीटों के साथ दूसरा बड़ा राज्य महाराष्ट्र है। राजनीतिक हलकों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी होने के लिए भारतीय जनता पार्टी सदा विपक्षी निशाने पर रहती है, उस संघ का मुख्यालय भी इसी राज्य में है। इस लिहाज से महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों का असर दूरगामी होना स्वाभाविक है। मराठी मानुष ने जो जनादेश दिया है, उसका असर देश की राजनीति पर तो पड़ेगा ही, अर्थनीति पर भी पड़ेगा। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर भी कई बदलाव नजर आ सकते हैं। देश की राजनीति पर झारखंड के चुनाव नतीजों का भी पड़ना ही है। इसका असर दिखने लगा है। इंडिया गठबंधन की अगुआई राहुल गांधी से छीनने को लेकर आवाज उठने लगी है। तृणमूल कांग्रेस की ओर से मांग आ भी गई है कि मोदी को चुनौती देने के लिए जरूरी है कि इंडिया गठबंधन की कमान राहुल गांधी की बजाय ममता बनर्जी को दी जाय। महाराष्ट्र के क्षत्रप शरद पवार को लेकर हाल ही में कहा जाने लगा था कि उनके बिना महाराष्ट्र की सत्ता की कल्पना नहीं की जा सकती। इस धारणा को ढाई साल पहले बीजेपी ने तोड़ दिया था। एकनाथ शिंदे की अगुआई में शिवसेना में टूट हुई और सबसे ज्यादा 104 विधायक होने के बावजूद बीजेपी ने अपने कद्दावर नेता देवेंद्र फणनवीस को शिंदे का सहयोगी बनने के लिए राजी कर लिया। इस सरकार के कार्यकाल में हुआ लोकसभा चुनाव में बीजेपी की अगुआई वाली महायुति को समर्थन नहीं मिला। बीजेपी और शिवसेना-शिंदे- दोनों को लोकसभा सीटों का नुकसान झेलना पड़ा। लेकिन इससे बीजेपी और शिवसेना दोनों ने सीख ली। बीजेपी ने अपने पारंपरिक गढ़ विदर्भ पर फोकस तो किया ही, गैर मराठा वोटरों पर भी अपना ध्यान लगाया। मराठवाड़ा में शिवसेना शिंदे और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पर भरोसा जताया। नतीजा सामने है। पार्टी ने इस बीच एक काम और किया। उसने माझी लड़की बहीण योजना लागू की। इसके तहत 21 से 65 साल तक की उम्र वाली पात्र महिलाओं को पंद्रह सौ रूपए महीने दिए जाने लगे हैं। राज्य की करीब एक करोड़ महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलने लगा है। इसका फायदा महाराष्ट्र की महायुति सरकार को हुआ है। माना जा रहा है कि राज्य की महिलाओं ने महायुति की अगुआई वाली सरकार को अपना समर्थन दिया है। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की तरह कई अन्य राज्य सरकारें महिलाओं को आर्थिक सहयोग देना शुरू कर चुकी हैं। माना जा रहा है कि महाराष्ट्र के नतीजों के बाद इस चलन को और बढ़ावा मिलेगा। बाकी राज्य सरकारें भी तेजी से इस दिशा में कदम बढ़ाएंगी और महिला वोटरों को रिझाने की कोशिश करेंगी। हालांकि झारखंड में एनडीए का यह फॉर्मूला नहीं चल पाया है। झारखंड की 81 में से 68 सीटों पर पुरूषों की तुलना में साढ़े पांच लाख से ज्यादा महिला वोटरों ने मतदान किया है। बीजेपी वहां के लिए ढाई हजार रूपए की माई सम्मान योजना का प्रस्ताव लेकर आई थी. लेकिन वहां की महिलाओं ने हेमंत सोरेन की गोगो दीदी योजना पर ही ज्यादा भरोसा जताया। महाराष्ट्र के चुनावों का असर कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति पर भी पड़ सकता है। लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में 13 सीटें जीतकर बड़ा दल बनने के बाद पार्टी ने ग्रेस सबसे बड़ा दल बनकर उभरी। इसके चलते पार्टी में गुरूर दिखने लगा। विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे में पार्टी खुद को सबसे आगे रखने और सहयोगी दलों को पीछे रखने की रणनीति पर काम करने लगी। चुनाव नतीजे आने से पहले ही मुख्यमंत्री पद को लेकर जिस तरह खींचतान सामने आई, उससे साफ था कि कांग्रेस की अगुआई वाले गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं था। इसका असर चुनाव नतीजों पर साफ नजर आ रहा है। इसकी तुलना में झारखंड में पार्टी ने हेमंत की सहयोगी की भूमिका में रखा तो वहां के नतीजे अलग तरीके से आए। साफ है कि पार्टी जहां खुद का वर्चस्व रखती है, वहां उसे मुंह की खानी पड़ रही है, लेकिन जहां वह सहयोगी दलों की बैसाखी पर आगे बढ़ने की कोशिश करती है, उसे फायदा होता है। साफ है कि आने वाले दिनों में पार्टी को इस नजरिए से सोचना होगा। महाराष्ट्र के नतीजों से दिल्ली में कुछ महीने बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी उत्साह में होगी। कांग्रेस जहां उसके साथ जाने का दबाव बना सकती है, वहीं आम आदमी पार्टी कुछ और मुफ्तिया वादों के साथ मैदान में मजबूती से उतर सकती है। महाराष्ट्र के चुनावों में असली उत्तराधिकारी कौन का सवाल भी हावी था। शिवसेना को दोनों धड़े हों या राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों खेमे, सभी खुद को ही असली शिवसेना और असली एनसीपी बता रहे थे। इस चुनाव में बेशक अजित पवार के खेमे की सीटें कम हुई हैं, लेकिन शरद पवार की एनसीपी से उसके ज्यादा ही विधायक जीते हैं। इसी तरह एकनाथ शिंदे की शिवसेना की सीटें बढ़ी हैं, जबकि हिंदुत्ववादी की बजाय सेकुलर चोला धारण करने वाले उद्धव ठाकरे की शिवसेना पिछड़ गई है। अब इन नतीजों के आधार पर अजित पवार की पार्टी असली एनसीपी होने का दावा करेगी तो एकनाथ शिंदे की शिवसेना भी खुद को असली और बाला साहब ठाकरे की असल उत्तराधिकारी बताएगी। ऐसे में शरद पवार और उद्धव ठाकरे के सामने अपनी पार्टियों के वजूद को बचाए रखने का संघर्ष होगा। सत्तावादी राजनीति में विधायक लंबे समय तक सत्ता से दूर नहीं रह सकते। आने वाले दिनों में शरद पवार और उद्धव ठाकरे का विधायक दल टूटे तो हैरत नहीं होनी चाहिए। शरद पवार का कहना है कि कटेंगे तो बंटेंगे का असर भी महाराष्ट्र के चुनावों में दिखा। बीजेपी की अगुआई वाले गठबंधन के खिलाफ राज्य का 11 फीसद मुस्लिम वोट बैंक एकजुट हुआ। इसकी वजह से हिंदू वोट बैंक महायुति की ओर गोलबंद हुआ। वैसे जानकारों का मानना है कि मराठा आरक्षण की मांग रखने वाले मनोज जरांगे का पहले चुनाव लड़ने का ऐलान करना और बाद में शरद पवार आदि के दबाव में चुनाव से पैर पीछे खींचना भी महायुति की सफलता की वजह बना। इससे मनोज जरांगे की साख कमजोर हुई और मराठा वोटर महायुति की ओर लौट आया, जो लोकसभा चुनाव के दौरान उससे दूर हो गया था।

# महाराष्ट्र में 'संघ शक्ति' की जीत, जानिए इसके मायने

(गंगाधर ढोबले)

महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों के नतीजे इस बार ऐतिहासिक और अभूतपूर्व रहे। भाजपा की लहर नहीं, सुनामी चली। इन कल्पनातीत और अनपेक्षित नतीजों ने भाजपा के सहयोगी दलों- शिंदे सेना और अजित पवार की एनसीपी की नैया भी पार लगा दी। कांग्रेस के नेतृत्व में उद्धव सेना और शरद पवार की एनसीपी की महाविकास आघाड़ी चारों खाने चित हो गई। राज ठाकरे की एमएनएस, प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी, बच्चू कडू की तीसरी आघाड़ी शून्य के साथ अस्तित्व के संकट में आ गई। भाजपा की चमत्कारिक जीत का अंदाजा उसके स्ट्राइक रेट से आ जाता है। उसने 148 सीटों पर चुनाव लड़ा और 132 पर जीत हासिल की। स्ट्राइक रेट रहा 89 प्रतिशत। इतना स्ट्राइक रेट शायद ही किसी पार्टी ने अब तक पाया हो। शिंदे सेना के भी मजे रहे। वह 81 सीटों पर लड़ी और 57 पर विजय पाई। स्ट्राइक रेट रहा 70 प्रतिशत। अजित पवार की एनसीपी का स्ट्राइक रेट तो शिंदे सेना से भी अधिक 75 प्रतिशत के करीब है। वह 55 सीटों पर लड़ीं और 41 जीतीं। उधर, विपक्ष में कांग्रेस का स्ट्राइक रेट 16 प्रतिशत है, जिसने 101 सीटों पर लड़कर 16 ही जीतीं। उद्धव सेना ने 95 सीटें लड़कर 20 जीतीं और स्ट्राइक रेट रहा 21 प्रतिशत। शरद पवार की एनसीपी का स्ट्राइक रेट सबसे कम 12प्रतिशत ही है। उसने 87 सीटों पर चुनाव लड़ा और हाथ लगीं केवल 10। सबसे अधिक मार शरद पवार की एनसीपी को पड़ी, जिससे उबरने की निकट भविष्य में संभावना दिखाई नहीं देती। शरद पवार का इस तरह हाशिए पर आ जाना महाराष्ट्र की राजनीति में एक युग का पटाक्षेप लगता है। दूसरा निष्कर्ष यह भी है कि जनता की अदालत ने शिंदे सेना को असली शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी को सही एनसीपी माना। शिंदे और अजित पवार अपनी पार्टियों को तोड़ते समय जितने विधायक अपने साथ ले गए थे, उससे कई अधिक विधायकों को उन्होंने जितवाया। इससे दोनों का दबदबा बना रहेगा। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष की महाविकास आघाड़ी बुरी तरह से पिट गई। उनमें से किसी भी पार्टी को नेता प्रतिपक्ष का पद तक नहीं मिलेगा। यह पद पाने के लिए नियमानुसार 10प्रतिशत से अधिक यानी कम से कम 29 विधायक होने चाहिए। महायुति की छप्परफाड़ जीत के कुछ प्रमुख कारण हैं- लाड़की बहीण (लाड़ली बहना) योजना, हिंदुत्व के वोटों का ध्रुवीकरण, लोकसभा चुनावों जैसी तटस्थता छोड़कर संघ के स्वयंसेवकों का पूरी शक्ति के साथ मैदान में उतर जाना, महायुति के घटक दलों का परस्पर सामंजस्य और गजब का समन्वय, मराठों के मुकाबले एनसीपी को जोड़ने में संघ की सफलता के कारण आरक्षण के मुद्दे का निष्प्रभावी हो जाना। यहां तक कि आरक्षण के नेता मनोज जरांगे के करीबी राजेश टोपे तक मराठों के वोट न मिलने से हार गए। यही नहीं, आरक्षण आंदोलन में जरांगे के गुरु रहे शरद पवार की पार्टी को भी मराठों ने नकार दिया। विपक्षी आघाड़ी में आपसी लड़ाई अंत तक खत्म नहीं हुई। लाड़ली बहना योजना और मुंबई में धारावी झुग्गी का विकास अदाणी को सौंपने के विरोध का आघाड़ी को नुकसान हुआ लगता है। शुरुआत में लाड़ली बहना योजना का आघाड़ी विरोध करती रही और अंत में महायुति से भी अधिक राशि देने का चुनावी वादा कर दिया। इस बदलते रुख से महिलाओं का आघाड़ी ने विश्वास खो दिया। महिलाओं का मतदान पहली बार 6 प्रतिशत से अधिक बढ़ा। 12 से अधिक क्षेत्रों में उन्होंने पुरुषों से अधिक मतदान किया। लाड़ली बहना में मुस्लिम महिलाएं भी बहुतायत से हैं, जो अपने परंपरागत वोटबैंक से छितरकर महायुति के साथ हो लीं। मुस्लिम वोट बैंक ने भी इस बार विपक्षी आघाड़ी का साथ नहीं दिया। मुस्लिम वोटिंग अक्सर 80प्रतिशत के आसपास होती है, इस बार लगभग आधी रही।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5566

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | 6 | 4 | | |
| | | 6 | | 9 | | 8 | | 7 |
| 5 | | | | | | | | |
| 2 | 6 | 9 | 5 | | | | 8 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | 8 | | | | 2 | 7 | 9 | 1 |
| | | | | | | | | 5 |
| 6 | | 4 | | 7 | | 2 | | |
| | | 1 | 2 | | | 9 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5565

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5566

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | |
| | ■ | 9 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | | ■ | 11 | 12 |
| 13 | ■ | 14 | 15 | | ■ | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| 20 | | 21 | ■ | ■ | 22 | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | ■ | 26 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह अंतरजाल पर स्थित एक निशुक्ल सामाजिक नेटवर्किंग सेवा है (4)
4. मुगल शासक शेरशाह का असली नाम यह था, उसे शेर खां की उपाधि बहार खां लोहानी ने दी थी (3)
7. आसमान, गगन, अंबर, आकाश (3)
8. पुरूषोत्तम मास, अधिमास (4)
9. स्वास्थ्य, तंदुरूस्ती (3)
10. कैदखाना, बंदीगृह, कारागृह (2)
11. फल आदि के अंदर का गुदगुदा भाग, किसी चीज के अंदर का गोला गाढ़ा सार भाग, मज्जा (2)
14. मन प्रसन्न करने की क्रिया, क्रीड़ा, विलास (3)
16. दो की संख्या, निग्रह (2)
18. तनने की क्रिया, खिंचाव, द्वेष (3)
20. ग्राम, गांव (3)
22. मुर्गे आदि पक्षी के सिर पर निकला हुआ बालों का गुच्छा (3)
24. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
25. संगीत का ऋषभ सूचक शब्द (1)
26. धातु को पीट और खींचकर बनाया गया तागा या तुंत, टेलीग्राम (2)

**ऊपर से नीचे**(2)

1. श्वसन तंत्र संबंधित एक अंग (3)
2. सिलवट, सिकुडन, ऐंठ (2)
3. पुस्तक विक्रेता को अंग्रेजी में यह कहते है (5)
4. नतीजा, परिणाम, कर्मो का भोग (2)
5. एक दिवंगत चरित्र अभिनेत्री (4)
6. दो अंकों की सबसे छोटी संख्या (2)
8. मतों की गिनती (5)
12. आंचल या पल्ला पकड़ने वाला (5)
13. सुप्रसिद्ध कृति गीत-गोविंद के रचयिता (4)
15. राय, दार्शनक प्रणाली, वोट, अभिप्रेत (2)
17. विशाल, श्रेष्ठ, बहुत बड़ा (3)
19. बगला नामक पक्षी को यह भी कहते है (2)
21. दारचीनी जाति का एक वृक्ष जिसकी छाल औषधि बनाने की काम आती है (2)
23. कोमल कांड, सुंदर स्त्री, सुप्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी (सिर्फ आरंभिक नाम) (2)

### वर्ग पहेली 5565 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्पे | न | ■ | अ | ज | ■ | ■ | ■ |
| श | म | क | ■ | ल | ह | रा | ना |
| ल | क | वा | ■ | ज | य | मा | ला |
| ■ | ह | य | शा | ला | ■ | नु | ■ |
| फौ | ला | द | ■ | ■ | मा | ज | रा |
| ज | ल | ■ | अ | म | न | ■ | शि |
| ■ | ■ | बा | जा | ■ | हा | थ | ■ |
| प्र | ज | न | न | ■ | नि | ल | य |

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपकी तरक्की होगी और काम धंधे को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। इधर उधर की बातों के बजाए अपने काम पर फोकस करें तो आपको लाभ होगा। थोड़ा बहुत पैसा भी कमाने के चांस हैं। पैसे की समस्या आएगी लेकिन आप इसको दूर कर लेंगे। दोस्त अगर उधार मांगे तो न दें। घर के छोटे सदस्यों को समय जरूर दें।

### वृष

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको जीवनसाथी का हर मामले में भरपूर साथ मिलेगा। ऑफिस के मामले में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी और आपकी तरक्की होने से आपको खुशी होगा। आपको घरवालों की ओर से परेशान होने की जरूरत नहीं। प्रमोशन के साथ ही वेतन में बढ़ोतरी की चर्चा हो सकती है।

### मिथुन

आज करियर के मामले में लाभ और सफलता का दिन है। आपको कहीं परिवार के लोगों के साथ घूमने का मौका मिलेगा और आपको खुशी होगी। आपका किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का प्लान बन सकता है। किसी बौद्धिक काम में आपको कामयाबी मिलेगी।

### तुला

आज आप फाइनेंस से जुड़े फैसले ले सकते हैं। आगे चलकर आपको अच्छा रिटर्न मिलेगा और आपकी तरक्की होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। घर में किसी शुभ कार्य की बातचीत हो सकती है और चर्चा चल सकती है। शाम के समय शॉपिंग के लिए घरवालों को बाहर ले जाने का प्लान बनेगा। अच्छे बिहेवियर से दिल जीतने में कामयाब होंगे।

### वृश्चिक

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको खुशी का अहसास होगा और आपकी तरक्की होगी। ऑफिस में कलीग्स आपके टीमवर्क के जज्बे को अच्छी तरह समझेंगे और आपकी मदद के लिए आगे आएंगे। काफी समय से चले आ रहे कानूनी विवाद और झगड़े आज खत्म होंगे। काफी समय से रुका पैसा आपको मिल सकता है शाम को परिवार के लोगों के साथ कहीं जा सकते हैं।

### धनु

आज दिन शुभ है और आप पूरे उत्साह के साथ काम करेंगे और आपको सफलता मिलेगी। आप पूरे उत्साह से जो भी काम करेंगे उसमें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। दोपहर बाद आपके सभी कार्य बनते नजर आएंगे और आपको आर्थिक लाभ भी होगा। काफी समय से रुका पैसा आपको मिल सकता है और आपको बिजनस में मनचाहा लाभ होगा।

### कर्क

आज सुबह से ही आपको किसी शुभ समाचार का इंतजार रहेगा। आसपास की यात्रा करनी पड़ सकती है। नए लोग से मेलजोल बढ़ाना आपके लिए फायदेमंद होगा। क्या पता बिजनस के साथ प्यार की डील भी फिक्स हो जाएं। आपको परिवार के लोगों के साथ कहीं घूमने के अवसर मिल सकते हैं। आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

### सिंह

आज समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में कामयाब रहेंगे। जोखिम पूर्ण कार्य पूरा करने से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। छोटे भाई बहन या पड़ोसियों के साथ रिश्तों में तनाव आ सकता है, गलत बयानबाजी से बचना बेहतर रहेगा। कमाई के लिए दिन अच्छा है। आपके प्रयास धन को संचित करने में सहायक सिद्ध होंगे। घर के छोटे सदस्यों को समय जरूर दें।

### कन्या

आज आपका दिन सेहत के मामले में सबसे लाभपूर्ण होगा। घर में सभी लोगों की सेहत अच्छी रहेगी। दिल और दिमाग के संतुलन से सफलता मिलेगी। अकाउंट्स के मामले में आपका हिसाब दुरुस्त रहेगा और कभी भी जरूरत पड़ सकती है। अपने स्टाफ पर नज़र रखें।

### मकर

आज करियर के मामले में लाभ होगा। पॉलिटिक्स में रूचि बढेगी। किसी खास शख्स के कारण शाम के समय थोड़ी जेब ढीली हो सकती है लेकिन हर बार पैसे का फायदा नुकसान देखने की बजाए रिश्तों की मजबूरी को देखना ज्यादा फायदेमंद होता है। आपके लिए लाभ का दिन है और आपकी तरक्की होगी।

### कुंभ

आज काम का काफी बोझ रहेगा और आपको दिन भर काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। भागदौड़ करने के बाद उसका फायदा जरूर मिलेगा। अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखें और आपको कुछ कर दिखाने का मौका मिलेगा। आपके प्रेमी का मूड आज काफी अच्छा रहेगा और आपको काफी घूमने-फिरने का मौका मिलेगा।

### मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा। घर के रोजमर्रा के काम निपटाने में दिन का अधिकांश हिस्सा निकल जाएगा लेकिन एक बार आप अपने कामों को एक के बाद एक निपटाने लगेंगे तो काफी संतुष्टि मिलेगी। याद रखिए संतुष्टि पाना सबसे बड़ी उपलब्धि है। कानूनी कागजातों पर दस्तखत करने से पहले सावधानी से देख लें। कहीं आपके साथ कोई धोखा तो नहीं कर रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### पति और प्रेमी के साथ था रहना, बॉयफ्रेंड को रास नहीं आया प्लान; गला दबाकर प्रेमिका को मार डाला

**नोएडा एजेंसी।** नोएडा के थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के गांव छीजारसी में लिव इन में रह रही युवती की उसके प्रेमी ने गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से बिहार की रहने वाली खातून उर्फ खुशी छीजारसी गांव में किराए पर रहती थी। वह एच ब्लॉक स्थित एक कंपनी में काम करती थी। दो साल पहले कंपनी में काम करने वाले एटा निवासी सूर्यकांत शाक्य से उसे प्रेम हो गया। दोनों लिव इन में साथ रहने लगे। दो माह पहले युवती का उसके मौसी के लड़के से रिश्ता तय हो गया था। बावजूद इसके दोनों साथ रह रहे थे। रिश्ता आगे रखने को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद रहता था। आरोपी के मुताबिक युवती मौसी के लड़के से निकाह के साथ-साथ लिव इन के रिश्ते को भी रखना चाहती थी, जबकि वह अब आगे रिश्ता नहीं रखना चाहता था। इसी को लेकर मंगलवार शाम दोनों में झगड़ा हुआ। हाथापाई के दौरान आरोपी ने गला दबाकर हत्या कर दी और भाग गया। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और आरोपी की खोजबीन शुरू की। गुरुवार को आरोपी को दबोच लिया।

### 7 साल की उम्र में किडनैप, 30 साल बाद परिवार से मिला युवक; सबकी आंखों से छलके आंसू

**गाजियाबाद एजेंसी।** सात साल की उम्र में गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना क्षेत्र के शहीदनगर से 1993 में अगवा किया गया युवक किसी प्रकार राजस्थान से खोड़ा थाने पहुंचा। कई दिन की मशक्कत के बाद उसे आखिकार बुधवार को दोबारा उसके परिजन मिल गए। इस दौरान वहां मौजूद हर किसी की आंखों से आंसू झलक पड़े। बिजली विभाग से सेवानिवृत्त शहीदनगर निवासी तुलाराम के सात साल के बेटे को 8 सितंबर 1993 को बहन के साथ स्कूल से घर लौटते समय ऑटो गैंग ने अगवा कर लिया था। इस दौरान उनके पास फिरौती के लिए 7.40 लाख रुपये की फिरौती का पत्र आया था। लेकिन किसी ने उसने संपर्क नहीं किया। परिजनों ने बेटे के अपहरण की रिपोर्ट साहिबाबाद थाने में दर्ज कराई थी। चार दिन पूर्व हाथ पर राजू गुदा हुआ युवक खोड़ा थाने पहुंचा था। इस दौरान उसने बताया कि उसे ट्रक वाले राजस्थान के जैसलमेर ले गए थे। वहां उसे एक व्यक्ति के हवाले कर दिया। वह व्यक्ति उससे भेड़-बकरी चराने का काम करता था और दिन में केवल एक रोटी देता था। दिन में उसे कई बार केवल चाय दी जाती थी। युवक ने अपने घर व आसपास के बारे में जानकारी देकर परिजनों को तलाश कराने की बात कही थी। कई दिन के प्रयास के बाद खोड़ा पुलिस को युवक के परिजन मिले जो उसे अपने साथ घर ले गए। परिजनों ने बताया कि उनके बेटे के नाम भीम सिंह उर्फ राजू उर्फ पन्नू है और उसकी दो बड़ी व एक छोटी बहन है।

### रिश्तेदार के घर गई थी मां, लौटी तो सुनी बेटी की रोने की आवाज; नजारा देख पैरों तले खिसकी जमीन

**नूंह।** एक पिता को बच्चों का संरक्षक माना जाता है लेकिन जब वो ही राक्षस बन जाए तो किसी दूसरे पर भरोसा कर पाना मुश्किल होता है। हरियाणा के नूंह में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक हैवान पिता अपनी 6 साल की बच्ची को काफी समय से हवस का शिकार बना रहा था। डरी-सहमी बच्ची ने किसी से कुछ नहीं कहा। मामले का खुलासा तब हुआ जब उसकी मां ने पति को बेटी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा। दरिंदे पिता परअपनी छह साल की बेटी का कई बार रेप करने का आरोप है। पुलिस ने बुधवार को कहा कि आरोपी अपनी पत्नी द्वारा रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद घर से भाग गया। 22 नवंबर को दर्ज कराई पुलिस शिकायत में, आरोपी की पत्नी ने दावा किया कि बुलंदशहर में एक रिश्तेदार के यहां से घर लौटने पर उसने एक कमरे से अपनी बेटी के रोने की आवाज सुनी। पुलिस ने बताया कि जब महिला कमरे में दाखिल हुई तो उसने अपने पति को अपनी बेटी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाया। महिला ने शिकायत में कहा, मेरी बेटी ने बताया कि पिता काफी समय से उसके साथ इस तरह की हरकत कर रहे थे। साथ ही उसने यह भी बताया कि उसका पति तो तुरंत भाग गया।

# राष्ट्रीय स्तर पर बनी 3 नई सहकारी समितियों के माध्यम से भारत का किसान न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया के बाज़ार तक पहुँचेगा: अमित शाह

## किसान की व्यक्तिगत समस्याओं का सामूहिक शक्ति से समाधान करती है सहकारिता

### सहकारिता विश्वविद्यालय के निर्माण से प्रशिक्षित और तकनीक से युक्त मानव संसाधन का निर्माण संभव होगा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन के अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन-2024 का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश के किसानों और सहकारिता से जुड़े करोड़ों लोगों को यह संदेश दिया कि, 'मोदी जी के कार्यकाल में राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित तीन नए कोऑपरेटिव्स - राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड के माध्यम से भारत का किसान न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया के बाज़ार तक अपनी पहुँच को बढ़ा सकेगा। इफ्को, कृभको और अमूल ने सहकारिता के क्षेत्र में पूरी दुनिया में उदाहरण पेश किया है और इसी प्रकार ये तीनों कोऑपरेटिव्स भी दुनिया के सहकारिता क्षेत्र में काम करने वाले लोगों का मार्गदर्शन करेंगी।'

मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता मंत्रालय सहकारिता क्षेत्र के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं पर काम कर रहा है। बीते तीन वर्षों में देश में सहकारिता आंदोलन को ना सिर्फ गति प्रदान की गई है बल्कि जमीनी स्तर पर उसकी पहुँच को व्यापक बनाने की कवायद भी तेजी से जारी है। यदि देखा जाए तो मोदी जी के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को और भी अधिक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का काम अमित शाह की नीतियों और उनके कार्यकाल में हुआ है। कृषि, डेयरी, मत्स्यपालन, बुनाई, ऋण और व्यापार सहित कई प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय 'ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़' सहकारिता क्षेत्र को आजादी के बाद भी वर्षों तक उपेक्षा का शिकार बना कर रखा गया था, जबकि देश की आधी से ज्यादा आबादी किसी-न-किसी रूप में सहकारिता से जुड़ी हुई है। ऐसे में, सहकारिता क्षेत्र को एक नया क्षितिज प्रदान करने के लिए मोदी सरकार ने जुलाई, 2021 में सहकारिता मंत्रालय के गठन का ऐतिहासिक निर्णय लिया था, जिसका कार्य भार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सौंपा गया। जहाँ मोदी जी ने स्वायत्त सहकारिता मंत्रालय का गठन करके 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना को साकार करने का काम किया, वहीं जन कल्याण से जुड़ी नीतियों के लिए प्रसिद्ध भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता की नींव को मजबूत बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। मोदी-शाह ने मिलकर 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प के माध्यम से लाखों गाँवों, करोड़ों महिलाओं और किसानों की समृद्धि का रास्ता खोला है। 2 लाख नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) की स्थापना के बाद भारत में एक भी गाँव ऐसा नहीं रहेगा, जहाँ कोई सहकारी संस्था न हो। मोदी जी की दूरदर्शिता और शाह की नीतियों से प्रेरित होकर सहकारिता मंत्रालय 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र को आत्मसात करते हुए 'ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़' सहकारिता को अधिक प्रासंगिक बनाने और उसके माध्यम से ग्रामीण आबादी के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रहा है। जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की जोड़ी 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र के साथ कई वर्षों से तिरष्कृत रही सहकारी समितियों को नया आयाम प्रदान करने में प्रयासरत हैं, ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि 'संकल्प से सिद्धि' की यह यात्रा बेमिसाल उपलब्धियों से भरा रहेगा।

## मैं खुलेआम कह रहा हूं कि आप दिवालिया हो चुके हैं; दिल्ली सरकार से बोले जज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली सरकार की ओर से केंद्र द्वारा वित्तपोषित स्वास्थ्य योजना के तहत कथित तौर पर वित्तीय सहायता स्वीकार न करने पर आश्चर्य व्यक्त किया। जज ने दिल्ली सरकार पर कई तीखी टिप्पणी करते हुए यहां तक कह दिया कि आप वास्तव में दिवालिया हो चुके हैं। हाई कोर्ट के जज दिल्ली में प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना लागू कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने केंद्र की इस योजना को अभी तक दिल्ली में लागू नहीं किया है।

मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि यह अजीब है कि दिल्ली सरकार केंद्र की सहायता स्वीकार नहीं कर रही है, जबकि दिल्ली सरकार के पास अपनी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के लिए कोई पैसा नहीं है। पीठ ने कहा कि आपकी राय अलग हो सकती है, लेकिन इस मामले में आप सहायता से इनकार कर रहे हैं। अदालत ने कहा कि अस्पतालों में मशीनें काम नहीं कर रही हैं। आपके पास वास्तव में कोई पैसा नहीं है। आप नागरिकों के लिए पांच लाख रुपये देने से इनकार कर रहे हैं। सात भाजपा सांसदों ने आप सरकार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) को लागू करने का निर्देश देने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया है। अदालत ने मामले को 28 नवंबर के लिए सूचीबद्ध किया है।



**इस तरह की गड़बड़ी में सहायता क्यों नहीं स्वीकार कर रहे:** जनहित याचिका में कहा गया कि दिल्ली एकमात्र केंद्र शासित प्रदेश है, जहां वंचितों के लिए लाभकारी स्वास्थ्य सेवा योजना अब तक लागू नहीं हुई है। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने कहा कि मैं अदालत में खुलेआम कह रहा हूं कि आप वस्तुत- दिवालिया हो चुके हैं। आपके स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव एक-दूसरे से बात नहीं कर रहे हैं।

## कांग्रेस पर बढ़ा मुसलमानों को आरक्षण देने का दबाव, 4 फीसदी कोटा के लिए हलचल तेज

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में मुसलमानों को 4 फीसदी आरक्षण का मुद्दा फिर जोर पकड़ता नजर आ रहा है। खबर है कि हाल ही में हुए उपचुनावों में जीत के बाद कांग्रेस सरकार पर मुस्लिम कोटा बहाल करने का दबाव बढ़ने लगा है। फिलहाल, इसे लेकर राज्य सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। भारतीय जनता पार्टी ने कोटा खत्म कर दिया था, लेकिन इस फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। हालांकि, अब तक साफ नहीं है कि कर्नाटक में कोटा बहाल कब तक किया जाएगा।

खास बात है कि साल 2023 में राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में मुस्लिम कोटा का मुद्दा कांग्रेस के लिए काफी अहम साबित हुआ था। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की अगुवाई में सरकार गठन में इसने बड़ी भूमिका निभाई थी। अब कांग्रेस को उपचुनाव में भी बड़ी सफलता हाथ लगी है। एक अखबार के अनुसार, शिवाजीनगर से कांग्रेस विधायक रिजवान अरशद का कहना है कि कोटा बहाल होगा और वह इसे समुदाय का हक बताते हैं। उन्होंने कहा, हमें भी समाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्गीकृत किया गया है। उन्होंने कहा, कोर्ट ने जांच के बाद इसे तर्कसंगत बनाया था। रातों रात इसे छीना नहीं जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार मुसलमानों के हितों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट में केस लड़ रही है।

### बांग्लादेश के हाल पर भारत में भड़के सीएम मणिक साहा - सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने वाले खुद मिट गए

**अगरतला, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिन्दू भिक्षु चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी की मुद्दा तूल पकड़ रहा है। अब भारत के पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉक्टर मणिक साहा ने कहा है कि सनातन धर्म को जिसने भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है, वो खत्म हो गए हैं। चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी के बाद से ही बांग्लादेश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। उन्हें सोमवार को ढाका एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था। सीएम साहा ने कहा, सनातन धर्म न्याय और मूल्यों से जुड़ा है। इतिहास गवाह है कि जिसने भी सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है, वह खुद ही खत्म हो गए हैं। इधर, पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में सनातनी अल्पसंख्यकों, धार्मिक संस्थानों और सनातनी भावनाओं पर जारी हमले पूरी तरह अलोकतांत्रिक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं मानवाधिकारों के सिद्धांतों का उल्लंघन हैं। देव ने कहा, मैं ऐसी घटनाओं की कड़ी निंदा करता हूं...। बंगलादेश के चटगांव शहर में एक वकील की हत्या के मामले में बुधवार को कम से कम छह लोगों को गिरफ़्तार किया गया। हिन्दू भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के अनुयायियों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान एक वकील की हत्या के सिलसिले में यह कार्रवाई की गई है। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या के सिलसिले में संदेह के आधार पर इन छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यहां मंगलवार को चिन्मय कृष्णा को जमानत न दिए जाने के बाद भड़की हिंसा के दौरान प्रदर्शनकारियों पर जानलेवा हमला किया गया था। मुख्य सलाहकार के कार्यालय के प्रेस विंग ने कहा कि वीडियो फुटेज के जरिए छह लोगों की पहचान की गई है।

## दिल्ली में अवैध डॉग ब्रीडिंग पर रोक नहीं लगा पाने पर हाईकोर्ट नाराज; दी चेतावनी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में अवैध डॉग ब्रीडिंग पर नकेल कसने में विफल रहने पर अधिकारियों की जमकर खिंचाई की। साथ ही अदालत ने डॉग्स बाइट की घटनाओं के चलते पालतू जानवरों से प्यार करने वालों को मिलने वाली बदनामी पर अफसोस जताया। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने पशुपालन विभाग के सचिव से अवैध डॉग ब्रीडिंग को रोकने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा।

अदालत ने पशुपालन विभाग के सचिव से आने वाले दिनों में अवैध डॉग ब्रीडिंग के खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों के बारे में भी जानकारी देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अदालत ने पशुपालन विभाग के सचिव से इस बाबत हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा। अदालत ने कहा कि यह बहुत दुखद स्थिति है। प्रशासन ने अवैध डॉग ब्रीडिंग को रोकने और नियंत्रित करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। 2018 से अब तक दर्ज की गई किसी भी स्थिति रिपोर्ट में अवैध डॉग ब्रीडिंग को रोकने और नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों की ओर से की गई कार्रवाई का उल्लेख नहीं किया गया है।

अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी में अवैध डॉग ब्रीडिंग को रोकने की मांग करने वाली छह साल पुरानी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए उक्त टिप्पणियां की। अदालत ने मामले में कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान सरकार की ओर से उठाए गए कदमों पर सवाल उठाया। अदालत ने कहा कि कुत्तों के काटने के मामलों में बढ़ोतरी होने के कारण डॉग्स लवर की छवि खराब हो रही है।

**पीठ ने कहा-** अकेले आरएमएल अस्पताल ही जाकर देख लीजिए कि रोजाना कुत्तों के काटने के कितने मामले सामने आते हैं। महीने में होने वाले मामलों की संख्या हजार में है। शहर पर कुत्तों और बंदरों का कब्जा है। यदि हम सचिव के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए तो मुख्य सचिव से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ ऐक्शन लेने के लिए कहेंगे। यह अवैध कारोबार बंद होना चाहिए। इसके साथ ही कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 5 दिसंबर की तारीख दी।

### यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे सर्विस रोड बनने का रास्ता साफ, नोएडा एयरपोर्ट आना-जाना आसान; जाम भी होगा कम

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बनने वाली सर्विस रोड का रास्ता साफ हो गया। 40 किलोमीटर लंबी और 60 मीटर चौड़ी यह सड़क नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ेगी। भूमि के अभाव में दयानतपुर के आगे यह मार्ग अधूरा है। सर्वोच्च न्यायालय में 13 गांव के किसानों ने भूमि अधिग्रहण को चुनौती देकर याचिकाएं दायर की थीं, जो रद्द कर दी गईं। न्यायालय ने भूमि अधिग्रहण के लिए तात्कालिक प्रावधानों को लागू किए जाने के राज्य सरकार के फैसले को सही ठहराया था।

यमुना एक्सप्रेसवे पर यातायात का दबाव कम करने और जेवर के लोगों की सहूलियत के लिए एक्सप्रेसवे के किनारे 40 किलोमीटर लंबा सर्विस मार्ग एयरपोर्ट से जुड़ना है। यह रोड 60 मीटर चौड़ी होगी, जिसकी चौड़ाई बढ़ाई जा सकती है। प्राधिकरण के अफसरों की मानें तो सर्विस मार्ग का कार्य 30 किलोमीटर तक पूरा हो चुका है, लेकिन दयानतपुर और सबौता गांव की जमीन न मिलने से इसकी एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी मुश्किल हो रही थी।

अफसर किसानों से जमीन के लिए सहमति बनाने में असफल हो रहे थे, जिसके चलते मार्ग पूरा नहीं हो पा रहा था। इसी तरह से ग्रेटर नोएडा का 30 मीटर रोड सिरसा होते हुए एयर कार्गो तक जाना था, जिसकी चौड़ाई आगे चलकर 120 मीटर होनी थी, लेकिन जमीन अधिग्रहण न होने से इसे पूरा करने में भी दिक्कत आ रही थी। यह मार्ग पर टुकड़ों में अधूरा है। इतना ही नहीं, यमुना सिटी में सेक्टरों की आंतरिक सड़कें भी अधूरी पड़ी हैं, ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश से इन सभी अधूरी सड़कों को पूरा करने का रास्ता साफ हो गया है।

**इन गांवों के किसानों ने चुनौती दी थी:** सुप्रीम कोर्ट में यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के कादरपुर, पचोकरा, रबुपुरा, चांदपुर, निलौनी शाहपुर, मिर्जापुर, रुस्तमपुर, डूंगरपुर रीलका, रामपुर बांगर, उसमानपुर, अच्छेजा बुजुर्ग, धनौरी, रौनीजा के किसानों ने भूमि अधिग्रहण को चुनौती दी थी। कोर्ट में कुल 35 याचिकाएं दायर की गई थीं।

यह केस लंबे समय से विचाराधीन था। पूर्व में इस मामले में हाईकोर्ट ने दो परस्पर फैसले दिए थे, अब इन किसानों को कोर्ट से झटका लगा है, जबकि यमुना प्राधिकरण की बाधा दूर हो गई है। यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बसने वाली परियोजना और अधूरे मार्गों को पूरा करने में जमीन न मिलने की बाधा नहीं आएगी। प्राधिकरण रुकी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए भूमि अधिग्रहण की तैयारी में जुट गया है।

## हिमाचल: सर्दी में दिखेगी गर्मी, विधानसभा सत्र में बरपेगा हंगामा, इन मुद्दों पर घेरेगा विपक्ष




**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 से 21 दिसंबर तक धर्मशाला स्थित तपोवन में आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में कुल चार बैठकें होंगी। यह मौजूदा सरकार का 7वां सत्र होगा। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने बुधवार को बताया कि शीतकालीन सत्र का प्रस्ताव राज्यपाल की संस्तुती के लिए राजभवन भेज दिया गया है। जल्द ही इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी। तपोवन में सत्र आयोजन की व्यवस्था के लिए उन्होंने सियोल से ही जिला कांगडा प्रशासन को निर्देश जारी कर दिए थे। समुचित व्यवस्था का जायजा लेने वह खुद धर्मशाला का दौरा करेंगे।

**इन मुद्दों पर घेरेगा विपक्ष:** शीतकालीन सत्र के हंगामेदार रहने के पूरे आसार हैं। इस सत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तल्खी देखने को मिलेगी। सरकार जहां अपनी दो साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को सत्र में मजबूती से रखेगी। वहीं विपक्ष कई मुद्दों पर सरकार की घेराबन्दी करेगा। इनमें गारंटियां, रोजगार, अवैध खनन इत्यादि मुद्दे प्रमुख हैं। विपक्षी भाजपा का आरोप है कि सरकार अपने दो साल के कार्यकाल में हर मोर्चे पर विफल रही है।

**गरमाने लगा माहौल:** शीतकालीन सत्र से पहले ही सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप की जुबानी जंग शुरू होने से सियासी माहौल गरमाने लगा है। दरअसल, 11 दिसंबर को राज्य सरकार अपने कार्यकाल के दो साल पूरा करने का जश्न मनाएगी। इस अवसर पर बिलासपुर में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं महासचिव प्रियंका गांधी समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के समारोह में शिरकत करने की संभावना है।

### विकास कार्य ठप

समारोह में सरकार अपनी उपलब्धियों को गिनाएगी। दूसरी तरफ विपक्षी भाजपा द्वारा कांग्रेस सरकार के दो साल के कार्यकाल को निराशाजनक बताया जा रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार के कार्यकाल में कोई उपलब्धी नहीं है। सरकार गारंटियों को पूरा करने में विफल रही है। विकास कार्य ठप हैं।

### हिमाचल फॉर सेल का लगाया आरोप

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बुधवार को शिमला में कहा कि कांग्रेस सरकार के दो साल केवल नाकामियों के लिए जाने जाएंगे। झूठी गारंटियां देकर सत्ता में आई सुक्खू सरकार हिमाचल की जनता के हितों को भूल गई है। वह केवल जनविरोधी फैसले ले रही है। सरकार ने अपने इस कार्यकाल में हिमाचल फॉर सेल शुरू कर दिया है। पर्यटन विकास निगम के होटलों को बेचने की साजिश रची जा रही है। इसी तरह दिल्ली में हिमाचल भवन के नीलाम होने के हालात पैदा कर दिए गए हैं।

## केरल में भारी संख्या में सरकारी कर्मचारियों ने अवैध तरीके से उठाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में 1,458 सरकारी कर्मचारी अवैध रूप से सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करते पाए गए हैं. वित्त विभाग की सूचना के आधार पर केरल मिशन के इंस्पेक्शन में एक बड़ा खुलासा हुआ है. इस धोखाधड़ी में कॉलेज के सहायक प्रोफेसर और उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों सहित कई राजपत्रित अधिकारी शामिल थे, जो कल्याण पेंशन का लाभ उठाते पाए गए. इस बड़े खुलासे से पता चला है कि राज्य में 1,458 सरकारी कर्मचारी अवैध रूप से सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे हैं. इस योजना में पकड़े गए लोगों में दो सहायक प्रोफेसर हैं, जिनमें से एक तिरुवनंतपुरम जिले के एक सरकारी कॉलेज में और दूसरा पलक्कड़ जिले में कार्यरत है. इसके अतिरिक्त, तीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों की पहचान पेंशन प्राप्तकर्ता के रूप में की गई है. वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने अधिकारियों को अवैध रूप से प्राप्त पेंशन राशि को लागू ब्याज सहित वसूलने और जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. वित्त मंत्री ने कहा कि यह चौंकाने वाली बात है कि लाभार्थियों की सूची में सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं। सामान्य शिक्षा विभाग में 224 लोग पेंशन पाने वालों में शामिल हैं, जबकि अन्य प्रभावित विभागों में चिकित्सा शिक्षा विभाग में 124, आयुर्वेद विभाग में 114 लोग, पशुपालन विभाग में 74 लोग, लोक निर्माण विभाग में 47 लोग कल्याणकारी पेंशन पाने वाले सरकारी कर्मचारी हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## जूनियर एशिया कप हॉकी:

## पीआर श्रीजेश की कोचिंग में खेल रही भारतीय टीम की शानदार जीत, थाईलैंड को 11-0 से हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश की कोचिंग में खेल रही भारतीय टीम ने जूनियर एशिया कप हॉकी में शानदार शुरुआत करते हुए थाईलैंड को 11-0 से रौंद दिया। गत विजेता भारत के लिए अरायजीत सिंह हुंदल ने (दूसरे, 24वें मिनट), गुरजोत सिंह (18वें, 45वें मिनट), सौरभ कुशवाहा (19वें, 52वें मिनट), अर्शदीप सिंह (8वें मिनट), दिलराज सिंह (21वें मिनट), मुकेश टोप्पो (59वें मिनट) ने मैदानी गोल किए। शारदानंद तिवारी ने 10वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर पर और रोहित ने 29वें मिनट में पेनाल्टी स्ट्रोक पर गोल किए।

भारत का अगला मुकाबला गुरुवार को जापान के साथ होगा। पूल ए में भारत के साथ दक्षिण कोरिया और ताईवान अन्य टीमें हैं। पूल बी में पाकिस्तान, मलयेशिया, चीन, बांग्लादेश और ओमान शामिल हैं। भारत ने पहले ही क्वार्टर में तीन गोल दागे। मध्यांतर तक भारतीय टीम 8-0 की बढ़त पर थी।

## भारत विदेशी विकेटों और परिस्थितियों में घरेलू से बेहतर खेलता है : पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारतीय टीम विदेशी विकेटों और परिस्थितियों में घरेलू से बेहतर खेलती है। यह टिप्पणी भारत द्वारा पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराने के बाद आई है। पहली पारी में पहले बल्लेबाजी करने के अपने फैसले का फायदा उठाने में विफल रहने के बाद जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली टीम ने दूसरी पारी में शीर्ष तीन बल्लेबाजों यशस्वी जसवाल (161), केएल राहुल (77) और विराट कोहली (नाबाद 100) के मजबूत बल्लेबाजी प्रदर्शन से वापसी की।

मेहमान टीम ने मैच जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा जिसे वे हासिल करने में असफल रहे और भारतीय तेज गेंदबाजों के सामने टूट गए। बुमराह ने मैच में 8 विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज और हर्षित राणा ने क्रमशः 5 और 4 विकेट लिए। पोंटिंग ने कहा, ऑस्ट्रेलिया किस अंतर से हारा? लगभग 300 रन से। इसलिए, वे बहुत निराश होंगे। जब भारत ने टॉस जीता तो पहले दिन सभी ने मुझसे बल्लेबाजी करने के बारे में पूछा, और मैंने कहा, नहीं, बिल्कुल, आपको वहां पहले बल्लेबाजी करनी होगी। वहां चार टेस्ट मैच हैं। उन्होंने कहा, पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने चारों बार जीत हासिल की है। आप आंकड़ों के खिलाफ नहीं जाना चाहते। हालांकि वे 150 रन पर आउट हो गए, फिर भी उन्हें उस विकेट पर गेंदबाजी करने का मौका मिला, जिस पर गेंदबाजी करना शायद सबसे अच्छा था। और उन परिस्थितियों में बुमराह, सिराज और नितेश रेड्डी वास्तव में वे तीनों।

वे सभी बहुत अच्छे हैं। इसलिए, आपको उन्हें श्रेय देना होगा।पोंटिंग ने कहा, मुझे स्वीकार करना चाहिए, मुझे नहीं लगता था कि वे पहला टेस्ट जीत सकते हैं, भारत, पर्थ में उन परिस्थितियों में जा रहा था जो उनके लिए बहुत विदेशी थीं। लेकिन मैंने टेस्ट मैच में जाने से पहले एक बात भी कही कि मुझे वास्तव में लगता है कि भारत अब घर से बाहर एक बेहतर टीम है जितना कि वे अपने घर पर खेलते हैं।

मुझे लगता है कि वे विदेशी विकेट और परिस्थितियों में अपने घर की परिस्थितियों से बेहतर खेलते हैं। मुझे लगता है कि पिछले हफ्ते पर्थ में यह साबित हो गया है।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम घोषित की

## मार्श की जगह अनकैप्ड प्लेयर को मौका



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट के लिए हरफनमौला ब्यू वेबस्टर को चोटिल मिचेल मार्श के विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया है। पांच मैचों की इस श्रृंखला में पर्थ में खेले गए शुरुआती टेस्ट के दौरान मार्श की मांसपेशियों में खिचांव आ गया था। भारत ने इस मैच को 295 रन से जीता था।

मार्श की तरह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर वेबस्टर ने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण नहीं किया है लेकिन पिछले दो वर्षों में शेफील्ड शील्ड में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने पांच शतक और नौ अर्द्धशतक की मदद से 1788 रन बनाए हैं। उन्होंने इस सप्ताह के शुरू में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ तस्मानिया के शेफील्ड शील्ड मैच में शानदार प्रदर्शन से प्रभावित किया। वेबस्टर ने इस मैच में 61 और 49 रन बनाने के अलावा पांच विकेट भी लिए थे।

क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने वेबस्टर के हवाले से कहा, 'मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ (ऑस्ट्रेलिया ए के लिए) कुछ रन और विकेट हासिल करना सुखद रहा। जब भी आप 'ए टीम के लिए खेलते हैं, तो यह टेस्ट से एक स्तर नीचे होता है, इसलिए यह आपको अच्छी स्थिति में रखता है।

एनएसडब्ल्यू के खिलाफ मैच खत्म होने के बाद 'बेल्स (पुरुष चयन अध्यक्ष जॉर्ज बेली) का फोन कॉल आना मेरे लिए वास्तव में एक गौरवपूर्ण क्षण था। मैं टीम से जुड़ने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। वेबस्टर के पास आक्रामक बल्लेबाजी के साथ तेज गेंदबाजी में सीम का शानदार इस्तेमाल करने की क्षमता है। वह पिछले सत्र में शेफील्ड शील्ड के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये थे और मौजूदा सत्र में भी अपनी लय बनाये रखने में सफल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने श्रृंखला के शुरुआती मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद कहा था कि छह दिसंबर से शुरू होने वाले एडिलेड में गुलाबी गेंद (दिन-रात्रि) के टेस्ट के लिए घरेलू टीम में कोई बदलाव नहीं होगा। भारतीय टीम के साथ इस सप्ताह के अंत में होने वाले अभ्यास मैच के लिए जैक निस्बेट को चोटिल जेम रयान के स्थान पर प्रधानमंत्री एकादश में शामिल किया गया है।

### भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम:

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर

## रोहित की अगुआई वाली भारतीय टीम ने कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की



**कैनबरा, एजेंसी।** रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की, क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने दौरे के मैच से पहले संघीय संसद भवन में एक स्वागत समारोह आयोजित किया था।

पीएम अल्बनीज के आधिकारिक एक्स हैंडल ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक संदेश के साथ बैठक की तस्वीरें साझा कीं।

पोस्ट में लिखा था, इस सप्ताह मनुका ओवल में पीएम इलेवन के सामने एक शानदार भारतीय टीम के खिलाफ बड़ी चुनौती है। लेकिन जैसा कि मैंने पीएम नरेंद्र मोदी से कहा, मैं ऑस्ट्रेलियाई टीम को काम पूरा करने के लिए समर्थन दे रहा हूं।

कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग ने भी बैठक की झलकियां साझा कीं। ÷माननीय प्रधानमंत्री ने देश की राजधानी में मनुका ओवल में प्रधानमंत्री एकादश बनाम भारत के अवसर पर संघीय संसद भवन में एक स्वागत समारोह की मेजबानी की। एडिलेड में अगले टेस्ट मैच से पहले इस सप्ताहांत क्रिकेट के एक शानदार मैच की उम्मीद है। भारतीय टीम गुरुवार सुबह पर्थ से कैनबरा पहुंची। वे शनिवार को मनुका ओवल में निर्धारित प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दिन-रात का मैच खेलेंगे।

भारत ने पर्थ में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया पर 295 रनों की शानदार जीत दर्ज की और पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की। नियमित कप्तान रोहित की अनुपस्थिति में जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में भारत ने 534 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन के अंतिम सत्र में ऑस्ट्रेलिया को 238 रनों पर आउट कर दिया।

भारत की मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर जीत रनों के लिहाज से घर से बाहर उसकी सबसे बड़ी जीत है, जिसने 1977 में मेलबर्न में मिली 222 रनों की जीत को पीछे छोड़ दिया है। यह जीत भारत की ऑस्ट्रेलिया में पिछले नौ टेस्ट मैचों में पांचवीं जीत है, जो 2018-19 के दौरे से शुरू हुई है।



## सनराइजर्स हैदराबाद से 11 साल बाद जुदा हुए भुवनेश्वर कुमार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भुवनेश्वर कुमार को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 10.75 करोड़ रुपये की कीमत में खरीदा. इस खरीद के साथ भुवनेश्वर का सनराइजर्स हैदराबाद से 11 साल पुराना रिश्ता टूट गया. भुवी पिछले सीजन सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा थे, लेकिन टीम ने उन्हें मेगा ऑक्शन से पहले रिलीज कर दिया था.

अब टीम से अलग होने के बाद भुवनेश्वर ने इमोशनल पोस्ट कर हैदराबाद को अलविदा कहा. बता दें कि भुवनेश्वर कुमार 2014 से सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं. उन्होंने टीम के साथ पूरे 11 साल बिताए. अब 11 सालों का साथ छूटने के बाद भारतीय गेंदबाज ने हैदराबाद को इमोशनल अंदाज में अलविदा कहा.

भुवी ने सोशल मीडिया के जरिए एक वीडियो शेयर किया. वीडियो में भुवनेश्वर ने 11 सालों में हैदराबाद के साथ बिताए कुछ खास पलों को साझा किया. वीडियो में भुवी ने ज्यादातर मैदान के बाहर (मैच के अलावा) के पलों को साझा किया. वीडियो के कैप्शन में भुवी ने लिखा, एसआरएच के साथ 11 अविश्वसनीय सालों के बाद, मैं इस टीम को अलविदा कहता हूं. मेरे पास बहुत सारी ना भूलने वाली और चियर करने वाली यादें हैं. एक चीज जो अविस्मरणीय है वह है फैंस का प्यार जो शानदार रहा है! आपका सपोर्ट लगातार मिलता रहा है. मैं इस प्यार और सपोर्ट को हमेशा अपने साथ रखूंगा.

### भुवनेश्वर कुमार का आईपीएल करियर

गौरतलब है कि भुवनेश्वर कुमार ने 2011 में पुणे वॉरियर्स इंडिया की तरफ से खेलते हुए आईपीएल डेब्यू किया था. उन्होंने अब तक अपने आईपीएल करियर में 176 मुकाबले खेल लिए हैं. इन मैचों की 176 पारियों में बॉलिंग करते हुए भुवी ने 27.23 की औसत से 181 विकेट चटका लिए हैं, जिसमें उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर 5/19 का रहा. भुवी ने आईपीएल में 7.56 की इकॉनमी से रन खर्च किए.

### चैम्पियंस ट्राफी अपडेटः

# इस्लामाबाद में बवाल के बाद चैम्पियंस ट्रॉफी दूसरे देश में होगी?



पाकिस्तान में खेलने से घबराई टीमें

पाकिस्तान में चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन खटाई में पड़ सकता है. दरअसल, इसकी वजह हाल ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हुआ बवाल है. जिसकी वजह से कई टीमें सुरक्षा के कारण पाकिस्तान में खेलने से मुंह फेर सकती हैं. इस्लामाबाद में इमरान खान के समर्थकों ने हाल में बखेड़ा कर दिया था.

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को करनी है. लेकिन अब राजनीतिक अशांति के कारण इस टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान से बाहर ट्रांसफर होने की संभावना है. श्रीलंका ए जिसे पाकिस्तान शाहीन्स के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलना था, उसे भी इस्लामाबाद में राजनीतिक अशांति के कारण बीच में ही वापस लौटना पड़ा. एक रिपोर्ट के अनुसार चैम्पियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने वाले कुछ और देशों ने सिक्योरिटी को लेकर चिंता व्यक्त की है. इस कारण इस आयोजन का पाकिस्तान से बाहर ट्रांसफर होने का खतरा मंडरा रहा है. यही वजह है कि पीसीबी से हाइब्रिड मॉडल में आयोजित कर सकती है. हाल में चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर एक अपडेट सामने आया था, जिसमें कहा गया था कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिलिंग इस मामले में पाकिस्तान से कह रहा है कि इस टूर्नामेंट के लिए वह हाइब्रिड मॉडल के लिए सहमत हो जाए. पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में क्यों हुआ बवाल

इस्लामाबाद में लॉकडाउन है, क्योंकि जेल में बंद प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों ने राजधानी की घेराबंदी कर रखी है. पाकिस्तानी अधिकारियों ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीब 1,000 समर्थकों को गिरफ्तार किया है. पाकिस्तान में हुए इस सारे बवाल के पीछे पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के चीफ और पूर्व क्रिकेटर इमरान खान की हिरासत है.

इस्लामाबाद की एक अदालत ने उन्हें 5 अगस्त 2023 को तोशाखाना मामले में गुनहगार करार दिया था, जिसके बाद उन्हें इस्लामाबाद के ही उनके जमान पार्क वाले घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. इसके बाद उन पर ताबड़तोड़ मुकदमों की शुरुआत हो गई. फिलहाल हालत ये है कि इमरान पर 200 से ज्यादा मामले दर्ज हैं. वो पिछले अगस्त से ही जेल में बंद हैं. लेकिन अब नया बवाल उनकी रिहाई की मांग को लेकर शुरू हुए आंदोलन के चलते है.

## डी गुकेश वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के तीसरे मैच में जीते



**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने FIDE वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में वापसी की है। 18 साल के गुकेश ने बुधवार को मौजूदा चैंपियन डिंग लिरेन को तीसरे मुकाबले में 'टाइम कंट्रोल' में मात दी। गुकेश ने वर्ल्ड चैंपियनशिप के मुकाबले में चीनी खिलाड़ी पर पहली जीत दर्ज की है। इस जीत के बाद स्कोर 1.5-1.5 की बराबर हो गया है। गुरुवार को रेस्ट-डे रहेगा।

फिडे वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप 2024 सिंगापुर में जारी है। इमसें 14 गेम खेले जाएंगे। यह 12 दिसंबर तक चलेगा। जरूरत पड़ने पर ट्राईब्रेकर मुकाबला खेला जाएगा, जो 13 दिसंबर को होगा। वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के इतिहास में पहली बार ऐसा है कि दो एशियाई खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं।




## 23.75 करोड़ के वेंकटेश अय्यर पर भारी 1.5 करोड़ी?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के 2025 सीजन से सऊदी अरब के जेद्दा में पहले हुई मेगा नीलामी में हर किसी को हैरान करते हुए टीमों ने वेंकटेश अय्यर के लिए दिल खोलकर पैसे लुटाए। उनकी पुरानी लीग कोलकाता नाइटराइडर्स ने उन्हें रिटेन नहीं किया था। उस समय शायद उसे लगा हो कि वेंकटेश सस्ते में नीलामी में मिल जाएंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कोलकाता नाइटराइडर्स के अलावा लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खजाना खोला तो शाहरुख की टीम को अपने सितारे को बचाने के लिए 23 करोड़ 75 लाख रुपये खर्च करने पड़ गए। 2 करोड़ की बेस प्राइस वाले वेंकटेश के लिए कोलाकाता नाइटराइडर्स ने पहली बोली लगाई तो लखनऊ सुपरजायंट्स ने मोर्चा संभाल लिया। देखते ही देखते वेंकटेश की कीमत 8 करोड़ (आईपीएल 2024 की कीमत) पार कर गई। इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मोर्चा संभाला और आखिरी दम तक मैदान नहीं छोड़ा। 23.75 करोड़ रुपये में जब वह टीम से नीलामी के पहले दिन जुड़े तो लगा टीम उन्हें कप्तान बनाने की सोच रही है, क्योंकि केकेआर के चैंपियन पूर्व श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स में जा चुके थे।

● केकेआर की कप्तानी में हो गया खेला, खुश होंगे शाहरुख खान!

# दुनिया की सबसे नई टी-20 लीग में हुआ सुपर ओवर, रोमांच ऐसा कि भूल नहीं पाएंगे!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुपर ओवर का रोमांच फिर से दिखा है. इस बार इसका नजारा दिखा है दुनिया की सबसे नई टी-20 लीग में. रोमांच ऐसा रहा है कि आप भूल ही नहीं पाएंगे. हम बात कर रहे है वेस्टइंडीज की माटी पर शुरू हुए ग्लोबल सुपर लीग की, जिसमें CPL, PSL, BPL और इंग्लैंड की टी-20 टीम मिलाकर कुल 5 टीमें खेल रही हैं. 26 नवंबर से शुरू हुई लीग का दूसरा मैच 27 नवंबर को खेला गया, जिसमें सुपर ओवर का रोमांच नजर आया. ये मुकाबला रंगपुर राइडर्स और हैम्पशर के बीच था.



### दोनों टीमों ने बनाए 132-132 रन

मुकाबले में हैम्पशर ने टॉस जीता और 20 ओवर में 132 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. जवाब में रंगपुर राइडर्स वाले ऑल आउट तो नहीं हुए पर वो भी 20 ओवर में 8 विकेट पर 132 रन से ज्यादा नहीं बना सके. और, इस तरह 133 रन के लक्ष्य को हासिल करने से चूक गए. अब स्कोर बराबर मतलब मुकाबला बराबरी पर, जिसका फैसला सुपर ओवर से हुआ.

सुपर ओवर में क्या हुआ?

सुपर ओवर में रंगपुर राइडर्स ने पहले बैटिंग की. हैम्पशर की ओर से गेंदबाजी करने आए क्रिस वुड ने पहली दो गेंदों पर सिंगल दिए. उसके बाद तीसरी गेंद पर उन्हें एक छक्का लगा. चौथी और 5वीं गेंद पर फिर से सिंगल बने. जबकि छठी यानी आखिरी गेंद पर तीसरा रन लेने के चक्कर में रंगपुर राइडर्स के बल्लेबाज रन आउट हो गए. विकेट तो गिर गया मगर 2 रन आखिरी गेंद पर भी आए. इस तरह रंगपुर राइडर्स ने सुपर ओवर में 12 रन बनाए.

अब हैम्पशर को जीतने के लिए सुपर ओवर में 13 रन बनाने थे. रंगपुर राइडर्स के गेंदबाज जैक चैपल को पहली गेंद पर छक्का लगा. लेकिन अगली ही गेंद पर जेम्स फुलर का विकेट लेकर उन्होंने रिकवरी कर ली. इसके बाद अगली 2 गेंदों पर सिंगल आए. और आखिरी गेंद पर फिर से छक्का लगाकर डाउसन ने मैच जीता दिया. इस तरह मुकाबले का रोमांचक अंत देखने को मिला, जहां हैम्पशर ने रंगपुर राइडर्स के खिलाफ सुपर ओपर में मैच जीता.

## न्यूज बाइट्स

### चुनावी रंजिश में दो पक्षों के बीच मारपीट, 10 लोग घायल

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** औरंगाबाद जिले में चुनावी रंजिश मे दो पक्षों के बिच जमकर हुई मारपीट मे दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में आठ की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर कर दिया गया है। घटना गुरुवार की सुबह मदनपुर थाना क्षेत्र के रच्छौल गांव की है। घायलों मे रछौल निवासी प्रमोद कुमार सिंह, विनोद सिंह, मंटू सिंह, रंजन कुमार, अंकित कुमार, शुभम कुमार सिंह, दिनेश सिंह, विश्वजीत कुमार, मधुरंजन सिंह एवं शिवबल्लभ सिंह शामिल है।जानकारी के अनुसार पैक्स चुनाव 2024 के मतगणना के दौरान एक पक्ष की जीत हुई थी। इसके बाद जीते हुए उम्मीदवार के द्वारा विजय जुलूस निकाला गया था। बुधवार की संध्या जब जुलूस गांव पहुंचा तो वहां दो पक्षों के बीच विवाद होने लगी। सूचना मिलते ही मदनपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। दोनो पक्षों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। इसी बीच गुरुवार की सुबह चुनावी मुद्दे को लेकर इसी गांव के पक्ष व विपक्ष के बीच लाठी डंडे व तलवार से जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दस लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन फानन मे सभी घायलों को सीएचसी मदनपुर मे इलाज के लिए भर्ती किया गया। जहां से चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार एवं डॉ. आयुष्मान कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद प्रमोद कुमार सिंह, मंटू सिंह, अंकित कुमार, शुभम कुमार सिंह, दिनेश सिंह, विश्वजीत कुमार, मधुरंजन सिंह एवं शिवबल्लभ सिंह को गंभीर स्थिति मे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया गया।इस संबंध में दोनो पक्षों ने मदनपुर थाने मे लिखित शिकायत की है।मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है। दोनो पक्षों ने आवेदन थाना मे दिया है। पुलिस मामले की गंभीरतापूर्वक जांच कर रही है। आवेदन के आलोक में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सुरक्षा को लेकर जिले भर में बैंक चेकिंग अभियान जारी

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा बैंक चेकिंग अभियान जारी है। इस दौरान जिलेभर के बैंकों में सुरक्षा मानकों की कड़ी जांच की जा रही है। पुलिस ने बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और बैंक लॉकर की सुरक्षा की जांच की। साथ ही, बैंकों के प्रबंधन के साथ सामंजस्य स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उपायों पर चर्चा की। पुलिस विभाग द्वारा यह अभियान सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है कि सभी बैंकों में सुरक्षा की कोई कमी न हो और किसी भी प्रकार के आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी हो। अधिकारियों का कहना है कि यह चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में बैंक संबंधी सुरक्षा को और बेहतर किया जा सके।

### सघन वाहन जांच अभियान, सुरक्षा पर फोकस

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** अपराध नियंत्रण, अवैध शराब परिवहन की रोकथाम और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से औरंगाबाद पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस टीमों ने प्रमुख मार्गों पर वाहनों की कड़ी जांच की, ताकि किसी भी अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान न सिर्फ अपराधियों को पकड़ने के लिए है, बल्कि अवैध शराब के परिवहन और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। जांच के दौरान वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट की स्थिति और शराब की तस्करी के मामलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस द्वारा किए गए इस अभियान से नागरिकों में सुरक्षा का अहसास बढ़ा है, और साथ ही यह भी संदेश दिया गया है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मुआवजा समस्या समाधान हेतु बैठक

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद की अध्यक्षता में नबीनगर अंचल अंतर्गत भारतमाला परियोजना (वाराणसी-रांची-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस) के अंतर्गत पथ निर्माण के लिए अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से को बैरीयांवा पंचायत के साया ग्राम स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में एक सार्वजनिक बैठक और शिविर आयोजित किया गया।क रैयतों से मुआवजे से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

निज संवाददाता | औरंगाबाद



जिले के चरौम दाउदनगर पथ के चौरम पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात पिकअप वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हुए और दाउदनगर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर दाउदनगर थाना मौके पर पहुंची। घटना में घायल व्यक्ति को जिंदा समझकर दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल लेकर आई। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर ने घायल को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के बेलाढी गांव निवासी लखन राम के 38 वर्षीय पुत्र रविंद्र राम के रूप में की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस सदर अस्पताल में भेज रही है। दाउदनगर थाना अध्यक्ष फहीम आजाद खान ने बताया कि चौरम पेट्रोल पंप के पास एक पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल की पीछे से टक्कर मार दिया। जिसमें मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही तत्क्षण घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। आसपास के लोगों से बयान दर्ज किया। मृतक व्यक्ति की पहचान कर उसके परिजनों को सूचित किया गया। जानकारी के अनुसार, मृतक व्यक्ति सेंटरिंग का कार्य और घर बनवाने का ठेका लेता था। गुरुवार की दोपहर के करीब 3 बजे के आसपास वह अपने घर लौट रहा था। तभी यह घटना घटित हुई। मृतक की दो पुत्री और एक पुत्र है। जिनका रो-रो कर बुरा हाल है।

# पत्नी की निर्ममता से हत्या मामले में कोर्ट ने दिया पति को दोषी करार

निज संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एडीजे)-2 धनंजय कुमार मिश्रा की अदालत ने गुरूवार को गोह थाना कांड संख्या-10/19, एसटीआर-188/19 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए पत्नी की हत्या के आरोपी काराधीन पति को भादंवि की धारा-302, 201 में दोषी करार दिया। एपीपी देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि कोर्ट अभियुक्त गोह थाना के गम्हारी निवासी लालबहादुर चौधरी को 05 दिसंबर को सज़ा सुनाएगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मामले की प्राथमिकी बतौर सूचक गया जिले के बाराचट्टी थाना के भेलवा निवासी पवन चौधरी ने 11 जनवरी 2019 को दर्ज कराई थी। कहा था कि सूचक की बहन रिंकु देवी की शादी अभियुक्त से 2013 में हुई थी। रिंकु देवी का पांच साल की पुत्री और तीन साल के पुत्र थे। 10 जनवरी 2019 को रात्रि 12 बजे गम्हरी के ग्रामीणो ने हमें फोन कर बताया कि लालबहादुर चौधरी द्वारा आपकी बहन के सिर पर तलवार से हमला कर घायल कर दिया गया। हाथ काटा गया है। तत्पश्चात किरासन तेल से जलाकर मार दिया गया है तथा लाश को छुपा दिया गया है।

# सुधा राज बनीं डीएसपी, 69वीं बीपीएससी परीक्षा में 143वां रैंक, माता-पिता का संघर्ष रंग लाया

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

सुधा राज ने 69वीं बीपीएससी परीक्षा में 143वां रैंक लाकर अपने जिले का नाम रोशन कर दिया। सुधा को डीएसपी पद मिला है। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे जिले में खुशी का माहौल है। सुधा की मां मनोरमा देवी, जो पूर्व जिला पार्षद रह चुकी हैं, ने इस पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उनकी बेटी की कड़ी मेहनत और लगन का नतीजा है। सुधा के पिता अवधेश पासवान आपदा प्रबंधन विभाग में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। सुधा ने अपनी स्कूली शिक्षा से लेकर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई औरंगाबाद से पूरी की। इसके बाद 2018 में यूपीएससी की तैयारी के लिए दिल्ली का रुख किया। हालांकि, शुरुआती प्रयासों में सफलता नहीं मिली, लेकिन सुधा ने हार नहीं मानी। उनके पिता ने बताया कि इसी साल सुधा ने दो बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। 2024 में बिहार पुलिस में SI के रूप में चयन हुआ और राजगीर में ट्रेनिंग के लिए भेजा गया। सुधा की मां मनोरमा देवी ने बताया कि दारोगा बनने के बाद भी उनकी बेटी ने अपनी मेहनत जारी रखी। सुधा हमेशा से यूपीएससी में सफल होकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थीं। उन्होंने पढ़ाई को कभी नहीं छोड़ा और लगातार प्रयास करती रहीं। उनकी मेहनत ने 69वीं बीपीएससी परीक्षा में सफलता का परिणाम दिया। सुधा के माता-पिता ने बताया कि इस समाज में बेटियों को घर से बाहर निकलने पर ताने सुनने पड़ते थे। लोग ताना मारते और आलोचना करते थे। लेकिन सुधा ने अपनी सफलता से उन सभी सवालों और टीका-टिप्पणियों का मुंहतोड़



जवाब दिया। सुधा का यह साल बेहद खास रहा। पहले उनका चयन बिहार पुलिस में एसआई के पद पर हुआ, और अब उन्होंने डीएसपी का पद हासिल किया है। यह उपलब्धि साबित करती है कि मेहनत और लगन से हर मुश्किल को पार किया जा सकता है। सुधा की सफलता उन तमाम बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो बड़े सपने देखती हैं और उन्हें पूरा करने के लिए संघर्ष करती हैं।

# नशामुक्ति एवं तनावमुक्त समाज का निर्माण' विषयक संगोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

निज संवाददाता | औरंगाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को प्राधिकार के विधिक सेवा सदन में 'नशामुक्ति एवं तनावमुक्त समाज का निर्माण' विषयक संगोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार, प्राधिकार के सचिव सुकुल राम, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, औरंगाबाद के चीफ इंचार्ज ब्रह्माकुमारी सविता एवं उर्मिला समेत अन्य गणमान्य लोगो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम




में संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी उर्मिला एवं सविता ने मनुष्य के दैनिक जीवन में तनाव के कारण एवं उसके निदान की विस्तृत चर्चा की। उन्होने उपस्थित जन समूह को साकारात्मकता हेतु प्रेरित किया एवं तनाव मुक्ति हेतु नशापान नहीं करने हेतु लोगो को प्रोत्साहित किया। वही प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने नशामुक्ति कार्यक्रम की महता पर प्रकाश डालते हुए नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्राधिकार के कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्राधिकार अपने अधीनस्थ अर्द्ध विधिक स्वयं सेवकों जिन्हें अब अधिकार मित्र की संज्ञा दी गयी है, के जरिए पूरे जिले में कार्यक्रम आयोजित कर नशा मुक्ति हेतु जागरूकता अभियान चला रहा है। कहा कि प्राधिकार का मानना है कि व्यक्ति से घर, घर से गांव, गांव से पंचायत, पंचायत से प्रखंड, प्रखंड से जिले की कड़ियों को जोड़कर नशामुक्त भारत की परिकल्पना साकार की जा सकती है। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि कई कानून नशे के खिलाफ बने हैं लेकिन जबतक समाज प्रखर रूप से नशा के विरूद्ध खड़ा नहीं होगा तबतक नशा मुक्त भारत की निर्माण नहीं हो सकता। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को नशा के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। कार्यक्रम में अधिवक्ता राधेश्याम सिंह, एवं अशोक सिंह ने भी अपने रखे।

# पंचायतों को बनाया बाल विवाह मुक्त 2030 तक पूर्ण लक्ष्य की ओर कदम

निज संवाददाता | औरंगाबाद




2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के देशव्यापी अभियान की शुरुआत के अगले दिन ही एक एनजीओ ने हैरान करने वाला बड़ा दावा किया है। कहा कि औरंगाबाद के दस प्रतिशत से अधिक पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बना लिया गया है और 2030 तक औरंगाबाद जिले को पूरी तरह बाल विवाह मुक्त बना लिया जाएगा। एनजीओ दीप ज्योति कल्याण संस्थान के कार्यकारी निदेशक बाल किशोर ने गुरूवार को यहां प्रेसवार्ता में दावा किया कि उनका संगठन औरंगाबाद जिले में पिछले डेढ़ साल से बाल विवाह को रोकने की दिशा में काम कर रहा है। संगठन ने अपने स्तर से पहल कर देव, मदनपुर, रफीगंज और गोह प्रखंड में स्थानीय प्रशासन के सहयोग से 285 बाल विवाह रूकवाने का काम किया है और इसके दस्तावेजी प्रमाण भी है। इससे भी दो हाथ आगे बढ़कर दावा किया कि औरंगाबाद जिले के कुल 202 पंचायतों में से दस प्रतिशत से अधिक ग्राम पंचायतों को संगठन ने बाल विवाह से मुक्त करा दिया हैं। इनमें देव, मदनपुर, रफीगंज एवं गोह प्रखंड के पंचायत शामिल है और इन पंचायतों के मुखियों ने संगठन को यह लिख कर दिया है कि उनका पंचायत बाल विवाह मुक्त है और जब तक वह मुखिया पद पर बने रहेंगे, तब तक अपने पंचायत में कोई भी बाल विवाह नही होने देंगे। उन्होने कहा कि संगठन द्वारा अपने प्रयास से 2030 तक औरंगाबाद जिले को पूरी तरह बाल विवाह मुक्त करा लिया जाएगा। कहा कि अभियान की शुरूआत के प्रथम दिन बुधवार को औरंगाबाद जिले में बाल विवाह के खिलाफ 80 जागरुकता व शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें समाज के हर तबके के लोग शामिल हुए। इस दौरान मशाल जुलूस और कैंडल मार्च में बाल विवाह पीड़िताओं, महिलाओं, बच्चों और पुरूषों समेत 20 हजार से अधिक लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। साथ ही जागरुकता और प्रसार के लिए आयोजित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिरकत की। कार्यक्रम में पुरोहितों, मौलवियों, हलवाईयों, रसोईयों, सजावट करने वालों, बैंड-बाजा वालों, शादी कार्ड छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के मालिकों एवं शादी-विवाह से जुड़े हित धारकों ने शपथ लिया कि वें बाल विवाह संपन्न कराने में किसी तरह से भागीदारी नही करेंगे और इसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देंगे। कहा कि उनका संगठन 250 से अधिक अग्रणी गैर सरकारी संगठनों के देशव्यापी गठबंधन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन'(जेआरसी) का सहयोगी है और औरंगाबाद जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए काम कर रहा है। प्रेसवार्ता में संगठन की कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर सरिता कुमारी एवं अन्य मौजूद रहे। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के अति महत्वाकांक्षी अभियान की शुरूआत की है। अभियान में देश के 400 से अधिक जिलों में काम कर रहे 250 से अधिक गैर सरकारी संगठनों(एनजीओ) के गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन(जेआरसी) का भी सहयोग लिया जा रहा है। अभियान की देशव्यापी शुरूआत बुधवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तत्वावधान में दिल्ली के विज्ञान भवन में एक कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। इसी शुरूआत की कड़ी में इसी दिन जेआरसी के घटक गैर सरकारी संगठनों द्वारा बाल विवाह निषेध जागरूकता रैली निकाल कर कई विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# चुनाव के वक्त तेजस्वी को याद आता है आरक्षण और संविधान : मंत्री

निज संवाददाता | औरंगाबाद

बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला। सिंह ने औरंगाबाद शहर के कर्मा रोड स्थित रामराज नगर में भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविंद कुमार सिंह के आवास पर एक कार्यक्रम में कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को चुनाव के वक्त ही आरक्षण व संविधान की याद आती है। कहा कि नेता प्रतिपक्ष विधानसभा व विधान परिषद को नही चलने देने के उद्देश्य से ही आरक्षण और संविधान को मुद्दा बनाकर हंगामा करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए की सरकार आरक्षण और संविधान के साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रहते आरक्षण के साथ कोई खिलवाड़ नहीं हो सकता है लेकिन मुद्दा विहीन नेता प्रतिपक्ष सदन को न चलने देने के लिए आरक्षण का बहाना बनाकर हंगामा करते हैं। सदन में जब गरीबों और राज्य के कल्याण के लिए चर्चा होती है तो वे खलल डालते हैं। तेजस्वी जब-जब सत्ता से बाहर होते हैं तो उन्हें आरक्षण और संविधान याद आता है। लेकिन जब सत्ता में होते हैं तो सिर्फ परिवार ही याद रहता है। सभी पद परिवार को चाहिए। उन्होंने कहा कि लालू यादव के पोते होते तो वह भी जिला परिषद का चुनाव लड़ते।



लालू परिवार संविधान और आरक्षण के नाम पर झूठा दिखावा करता हैं। मंत्री ने कहा कि जब तेजस्वी यादव के माता-पिता मुख्यमंत्री थे तो कितने लोगों को आरक्षण दिया गया, यह उन्हें बताना चाहिए। किसी एक जाति को भी आरक्षण दिए हो तो तेजस्वी यादव बताएं। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सभी वर्गों को आरक्षण देने का काम किए हैं। जो इसका हकदार है उसे मिल रहा है और उनके रहते कोई भी आरक्षण को छू भी नहीं सकता है। देश और राज्य के लोगों को पीएम और सीएम पर भरोसा है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री व विधान पार्षद जीवन कुमार, पूर्व विधान पार्षद राजन सिंह का स्वागत किया और संगठन पर चर्चा की। मंत्री ने कहा कि संगठन और मजबूत होगी। चरवाहा विद्यालय से मॉडल स्कूल तक का सफर-विधान पार्षद जीवन कुमार ने कहा कि अब यह राज्य चरवाहा विद्यालय से आगे निकलकर मॉडर्न विद्यालय तक पहुंच गया है। अब बच्चे गाय भैंस चराने की जगह कंप्यूटर चला रहे हैं। बेहतर खेल का अवसर मिल रहा है। राजद के राज को बिहार की जनता ने देखा है। न शिक्षा का माहौल था न खेल का। आज बच्चे खेल के माध्यम से भी दुनिया में बिहार का नाम रोशन कर रहे हैं। तो पढ़ाई के क्षेत्र में भी बड़े मुकाम को हासिल कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व विधान पार्षद राजन कुमार सिंह, भाजपा नेता अरविंद सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह, राजेश्वर सिंह, भाजपा के जिला प्रवक्ता दीपक कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, बुनकर प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शत्रुघ्न सिंह मुन्ना, रघुनाथ राम, अमर उजाला, भाजपा नेता विनोद सिंह, टनटन सिंह, ई. कुश सिंह, अनिल सिंह, ललेंदर शर्मा, विश्वनाथ सिंह, संजय राय, श्रवण प्रजापति, राजू ठाकुर, सोनू सिंह, उमाशंकर सिंह एवं धीरेंद्र सोनी आदि मौजूद रहे।

# रफीगंज प्रखंड के 20 पैक्सो में मतदान आज

- मतदान कर्मी को चुनाव सामग्री लेकर संबंधित बूथों के लिए रवाना किये गये हैं।

निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)



रफीगंज प्रखंड की 20 पैक्सों में 29 नवंबर को तिसरे चरण का पैक्स चुनाव को लेकर सभी तरह के प्रशासनिक और कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मतदान कर्मी को चुनाव सामग्री लेकर संबंधित बूथों के लिए रवाना किये गये हैं। शुक्रवार की सुबह सात से लेकर तीन बजे तक प्रखंड के 75 बूथों पर वोटिंग होगी। 46 हजार 309 मतदाता 437 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इसमें 69 अध्यक्ष पद के और 368 कार्यकारिणी सदस्य है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी उपेंद्र दास ने बताया कि पैक्स चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सख्त है। सभी बूथों पर चाक चौबंद प्रशासनिक व्यवस्था की गई है। वोटिंग के दौरान मतदाता को डराने धमकाने वाले को खैर नहीं रहेगी। भय मुक्त वातावरण में पैक्स का चुनाव संपन्न होगा। इसके पश्चात 30 नवंबर को सुबह 8 बजे से रानी ब्रजराज उच्च प्लस टू विद्यालय में वोट की गिनती कराई जाएगी।

## बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** महिला एवं बाल विकास निगम के तत्वधान में गुरुवार को ट्राली वेलफेयर सोसाइटी संस्थान में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम सह शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास निगम के जिला परियोजना प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनयम 2006 की धारा 9 के अनुसार यदि लड़की की आयु 18 वर्ष से कम हो तो और पुरूष की आयु 21 वर्ष से कम हो तो यह बाल विवाह के श्रेणी में आएगा। जिसके लिए कठोर सजा का प्रावधान है, जिसके अंतर्गत 2 साल की जेल या एक लाख का जुर्माना या दोनों हो सकता है।

## ग्रिल की वेल्डिंग करने के दौरान झूलसा मिस्त्री, हालत गंभीर

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** औरंगाबाद जिले में लोहे के ग्रील वेल्डिंग के दौरान एक मिस्त्री गंभीर रूप से झुलस गया है।जिसे सीएचसी मदनपुर मे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया गया है। मामला मदनपुर प्रखंड के रानीगंज का है। घायल व्यक्ति रानीगंज निवासी जगन मिस्त्री के पुत्र मुकेश कुमार बताया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश कुमार कारानीगंज मे गेट ग्रील का वेल्डिंग दुकान है। गुरुवार को वो अपने दुकान मे किसी ग्राहक के ग्रील का वेल्डिंग कर रहा था। तभी अचानक गैस वेल्डिंग का टंकी ब्लास्ट कर गया।जिसमे वो बुरी तरह झुलस गया। आनन फानन मे परिजनों के द्वारा उसे सीएचसी मे प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती किया गया। जहां से चिकित्सक डॉ.आयुष्मान के द्वारा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया गया है।

जय जवान! जय किसान !
भदोखरा पंचायत के
किसान-भाईयों जिंदाबाद... जिंदाबाद
ग्राम पंचायत भदोखरा से पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नेक, कर्मठ, लोकप्रिय, ईमानदार, एवं योग्य, कर्मठ, संघर्षशील युवा एवं शिक्षित उम्मीदवार
शोभनाथ सिंह

शोभनाथ सिंह
को चुनाव चिन्ह
क्र.सं. 05
पुल छाप
पर मुहर लगाकर भारी से भारी मतों से विजयी बनायें।
निवेदक - ग्राम पंचायत भदोखरा के समस्त जनता।

किसानों के सम्मान में, जीवन संघर्ष हमारा नारा है। सुख-दु:ख में साथ रहें हैं, साथ रहेंगे, यह संकल्प हमारा है।
ग्राम पंचायत डिहरा से सुयोग्य, कर्मठ, शिक्षित, समाजसेवी एवं युवा पैक्स अध्यक्ष उम्मीदवार

सौरभ कुमार सिंह
चुनाव चिन्ह
किताब
को
क्र.सं. 03
किताब छाप
पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनायें।
मो . 9931985945
मतपत्र का नमूना

| क्रम सं. | उम्मीदवार का नाम | चुनाव चिन्ह | मोहर |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | सौरभ कुमार सिंह | चुनाव चिन्ह किताब | |

निवेदक - डिहरा के समस्त सम्मानित जनता।